

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

करवा चौथ की मंगलकामनाएं



haribhoomi.com | जबलपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025







## भारत में साइबर फ्रॉड पर सख्त एक्शन, केंद्र सरकार का नया प्लान

# 'एआई' से होगा फ्रॉड डिटेक्शन और सिम ब्लॉकेज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

डिजिटलीकरण की तेज़ रफ्तार ने भारत को आर्थिक और समाजिक रूप से जोड़ने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। 86% से ज्यादा घर अब इंटरनेट से जुड़े हुए हैं। लेकिन इस इंटरनेट की पहुंच बढ़ने के साथ ही साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं में भी तेज़ी आई है। 2022 में दर्ज साइबर क्राइम की 10.29 लाख घटनाएं बढ़कर 2024 में 22.68 लाख तक पहुंच चुकी हैं। ये आंकड़े दिखाते हैं कि डिजिटल पहुंच के साथ-साथ साइबर सुरक्षा को भी प्राथमिकता देने की ज़रूरत है। अब साइबर फ्रॉड से निपटने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 'कर्बिंग साइबर फ्रॉड्स इन डिजिटल इंडिया' नामक एक पहल पेश की है जिसका उद्देश्य धोखाधड़ी की रोकथाम, त्वरित प्रतिक्रिया और नागरिकों के लिए सुरक्षित डिजिटल माहौल सुनिश्चित करना है। भारत सरकार ने साइबर फ्रॉड से निपटने के उपायों, उनकी प्रभावशीलता, संभावित चुनौतियों और आम नागरिकों के लिए प्रायोगिक सुझावों की विस्तृत जानकारी इस रिपोर्ट में दी है।

### नागरिकों के लिए सेंट्रलाइज्ड रिपोर्टिंग पोर्टल और 1930 हेल्पलाइन

### 2022 में दर्ज साइबर क्राइम की 10.29 लाख घटनाएं बढ़कर 2024 में 22.68 लाख तक पहुंची

बड़ी खबर

## अब तक 9.42 लाख से अधिक सिम कार्ड ब्लॉक



नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर रिपोर्टेड फ्रॉड का कुल वित्तीय आंकलन सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, काफी बड़ा है। यह बताता है कि सिर्फ तकनीकी उपाय ही नहीं बल्कि वित्तीय जोखिम-निवारण भी जरूरी है। नागरिकों के लिए सेंट्रलाइज्ड रिपोर्टिंग पोर्टल और 1930 हेल्पलाइन है जो तेज़ शिकायत निवारण और संभावित ट्रांजैक्शन-फ्रीज़ जैसे तत्काल कदम उठाने में मदद कर सकती है। यह पीड़ितों के लिए पहला संपर्क बिंदु है। अब तक 9.42 लाख से अधिक सिम कार्ड और 2,63,348 आईएमईआई ब्लॉक किए जा चुके हैं। यह धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए जाने वाले साधनों/डिवाइसों पर कड़ा कदम है। धोखाधड़ी पैटर्न को पहचानने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग लागू किये जा रहे हैं। इससे संदिग्ध व्यवहार पहले से चिन्हित होकर रोकथाम की कारवाई तेज होगी। आईटी एक्ट और डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट जैसी क़ानून-व्यवस्थाओं के जरिए प्लेटफॉर्म व डेटा-फिड्यूशियरीज़ की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा रही है। इससे पुलिस की साइबर जांच क्षमता बेहतर होगी।

### यह एक संगठित अपराध का बड़ा नेटवर्क

साइबर धोखाधड़ी विविध रूप लेती है, जो अक्सर नई तकनीकों और उपयोगकर्ता व्यवहार को अपनाती है। निवारक उपायों को सक्षम करने के लिए इन पैटर्नों का मानचित्रण करना महत्वपूर्ण है। दुनिया भर में हैरान करने वाला यह वित्तीय प्रभाव धोखेबाजों की वैश्विक पहुंच और संगठित अपराध की भागीदारी को दर्शा रहा है, जो अक्सर दक्षिण पूर्व एशिया में धोखाधड़ी के नेटवर्क से जुड़ा होता है। स्पूफिंग जैसी तकनीकें, जहां अपराधी विश्वसनीय स्रोतों की तरह काम करते हैं। इसी तरह, डीपफेक के मामले, जहां व्यक्तियों को भ्रामक ईमेल या संदेशों के माध्यम से संवेदनशील जानकारी देने का लालच दिया जाता है, भी बढ़ रहे हैं- और यह घोटालों के समग्र प्रभाव को बढ़ा रहे हैं।

### भारत का साइबर सुरक्षा ढांचा

भारत सरकार ने अपने विशाल ऑनलाइन समुदाय की सुरक्षा के उद्देश्य से मजबूत रक्षा तंत्र लागू किया है। भारतीय तेजी से अपने दैनिक जीवन में इंटरनेट को एकीकृत कर रहे हैं, व्यावसायिक लेन-देन, शिक्षा, वित्तीय गतिविधियों और सरकारी सेवाओं तक डिजिटल रूप से पहुंच जैसी आवश्यक जरूरतों के लिए इस पर भरोसा कर रहे हैं। 1,05,796 से अधिक पुलिस अधिकारी अब साइट्रेन पोर्टल पर पंजीकृत हैं, जिसमें 82,704 से अधिक प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं, जो फ्रंटलाइन कर्मियों को आवश्यक साइबर अपराध जांच कौशल से लैस करते हैं।

---

## खंडवा बाल संप्रेषण गृह से भागे 6 नाबालिग सभी अपहरण के आरोपी

**खंडवा।** बाल संप्रेषण गृह से गुरुवार को 6 बाल अपचारी फरार हो गए। सुबह करीब सवा 6 बजे अपचारियों ने संप्रेषण गृह के एक पुराने शौचालय की दीवार में छेद किया और उसी के रास्ते भाग निकले। फरार हुए सभी अपचारियों पर नाबालिग लड़कियों के अपहरण के केस दर्ज हैं। घटना के बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। वहीं सुरक्षा में चूक को लेकर दो प्रहरियों को निलंबित किया गया है। अपर कलेक्टर काशीराम



बड़ौले ने आदेश जारी किए। बाल संप्रेषण गृह के प्रभारी अजय कुमार गुप्ता के मुताबिक, फरार हुए 6 बाल अपचारियों में से 5 खरगोन जिले के और 1 बुरहानपुर जिले का रहने वाला है। सभी पर नाबालिग लड़कियों को घर से भगाकर ले जाने के आरोप हैं, जिसके चलते उनके खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया गया था। इन्हें 2-3 महीने पहले ही यहां भेजा गया था। सीएसपी अभिनव बारंगे ने बताया कि अपचारियों ने भागने के लिए संप्रेषण गृह के अंदर बने एक अनुपयोगी (पुराने) शौचालय को चुना। उन्होंने उसकी दीवार में एक बड़ा छेद किया और उसी से दीवार फांदकर भाग गए। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार हुए सभी बाल अपचारियों की प्रोफाइल खंगाली जा रही है और उन्हें पकड़ने के लिए खरगोन व बुरहानपुर पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है।

---

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- एफटीए से एमएसएमई को मिलेगा बढ़ावा

# भारत में कैंपस खोलेंगे ब्रिटेन के नौ विवि व्यापार 56 अरब डॉलर से 'दोगुना' हो जाएगा

◆ *भारत और ब्रिटेन ने 468 मिलियन डॉलर की एक प्रमुख रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर किए। इस करार के तहत ब्रिटेन भारतीय सेना को लाइटवेट मल्टी-रोल मिसाइल देगी, इनको फ्रांसीसी कंपनी थेल्स बनाएगी*

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि ब्रिटेन के नौ विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर खोलेंगे। उन्होंने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देगा और युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेगा। उन्होंने 'इंडिया-यूके सीईओ फोरम' को संबोधित करते हुए कहा कि वह आश्वास्त हैं कि 2030 से पहले भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार मौजूदा 56 अरब डॉलर से दोगुना हो जाएगा। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान भारत और ब्रिटेन ने 468 मिलियन डॉलर की एक प्रमुख रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस करार के तहत ब्रिटेन भारतीय सेना को लाइटवेट मल्टी-रोल मिसाइल मिलेगी। इनको फ्रांसीसी कंपनी थेल्स बनाएगी। उन्होंने कहा कि यह साल अप्रत्याशित रहा है। इसमें मौजूदा वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत-ब्रिटेन संबंधों में स्थिरता बढ़ी है। इस साल जुलाई में ब्रिटेन यात्रा के दौरान हमने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए। यह केवल एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच साझा प्रगति, साझा समृद्धि और लोगों के लिए एक रोडमैप है। बाजार पहुंच के साथ-साथ यह समझौता दोनों देशों के एमएसएमई को मजबूत करेगा।

> हमारे संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रधानमंत्री स्टार्मर और मैंने 'विजन 2035' की घोषणा की है। यह हमारे साझा लक्ष्यों का एक खाका (ब्लूप्रिंट)



'इंडिया यूके सीईओ फोरम' को किया संबोधित, पीएम कीर स्टार्मर भी रहे मौजूद

### हम रक्षा क्षेत्र में भी मिलकर डिजाइन और निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे

उन्होंने कहा कि आज टेलीकॉम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बायोटेक, क्वांटम, सेमीकंडक्टर, साइबर और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में हमारे बीच सहयोग की अनगिनत नई संभावनाएं उभर रही हैं। हम रक्षा क्षेत्र में भी मिलकर डिजाइन और निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम इन सभी संभावनाओं को ठोस उपलब्धियों में बदलने के लिए अपने प्रयासों को तेज करें।



### पीएम मोदी ने बताया सीएटीए का मतलब

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं इस सीईटीए में चार नए आयाम पेश करना चाहता हूं। मेरे इस सीईटीए के नए आयाम इसे संभवतः काफी विस्तार देंगे। 'सी' का मतलब वाणिज्य और अर्थव्यवस्था (कॉमर्स एंड इकोनॉमी) है। 'ई' का मतलब शिक्षा (ऐजुकेशन) और लोगों का आपस में संपर्क है। 'टी' का मतलब तकनीक और नवाचार (टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन) है। 'ए' का मतलब आकांक्षा (एस्पेरेशन) है।

### विजन-2035 हमारे साझा लक्ष्यों का ब्लूप्रिंट

पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी ने भारत की फिनटेक क्षेत्र में क्षमता देखी है। आज दुनिया के लगभग 50 फीसदी रियल-टाइम डिजिटल लेनदेन भारत में हो रहे हैं। वित्तीय सेवाओं में ब्रिटेन का अनुभव और भारत का डिजिटल सार्वजनिक ढांचा (डीपीआई) मिलकर पूरी मानवता को लाभ पहुंचा सकते हैं। मोदी ने कहा, हमारे संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रधानमंत्री स्टार्मर और मैंने 'विजन 2035' की घोषणा की है। यह हमारे साझा लक्ष्यों का एक खाका (ब्लूप्रिंट) है। भारत और ब्रिटेन जैसे खुले लोकतांत्रिक समाजों में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है।

---

### ओबीसी को 27% आरक्षण मामला सुप्रीम कोर्ट में फंसा

## मप्र सरकार ने और वक्त मांगा, अगली सुनवाई नवंबर के पहले सप्ताह में होगी

> सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मुद्दे में कई तकनीकी पहलू हैं जिन्हें समझने के लिए अतिरिक्त समय चाहिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई एक बार फिर टल गई। गुरुवार को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से इस मामले में और समय मांगा।

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे में कई तकनीकी पहलू हैं, जिन्हें समझने के लिए अतिरिक्त समय चाहिए। अब इस मामले की अगली सुनवाई नवंबर के पहले सप्ताह में होगी। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एक बार फिर कोर्ट से समय दिए जाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा इसमें कई तकनीकी पहलू हैं, जिनको समझने के लिए थोड़ा और वक्त की जरूरत है। 8 अक्टूबर को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से तुषार मेहता ने मामले की सुनवाई को 9 अक्टूबर को किए जाने का आग्रह किया था। यह मामला मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को लेकर चल रही बहस का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

सुनवाई टलने से इस मुद्दे पर अनिश्चितता बनी हुई है, और अब सभी की निगाहें नवंबर में होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जब इस मामले में अगला कदम स्पष्ट हो सकता है। बुधवार को हुई मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को फिर से हाई कोर्ट में लौटाने के संकेत दिए हैं।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा था राज्य विशिष्ट आरक्षण का यह मामला है और हाई कोर्ट राज्य की परिस्थितियों, जरूरतों और मुद्दों को बेहतर तरीके से समझता है।

### कांग्रेस का आरोप- सरकार नहीं चाहती कोई फैसला आए

वहीं, बार-बार सुनवाई को टाले जाने को लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा एक दिन पहले मैं सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट गया था। हमारी तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ओबीसी आरक्षण की पैरवी कर रहे हैं। बार-बार सुनवाई टाले जाने से ओबीसी समाज को यह मैसेज जा रहा है कि प्रदेश की सरकार ओबीसी का आरक्षण चाहते ही नहीं है। पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा था कि आप इस पूरे मामले को सुलझाना चाहते ही नहीं हो। निर्णय तक ले जाने देना नहीं चाहते।

---

### विश्व को देंगे राम मंदिर पूरा होने का संदेश

# 25 नवंबर को अयोध्या में 21 फीट का 'ध्वजारोहण' करेंगे पीएम मोदी

> **ध्वज का स्वरूप, रंग और प्रतीक चिन्ह तय करने की जिम्मेदारी चंपत राय को सौंपी**

एजेंसी ⏭ अयोध्या



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को अयोध्या में 21 फीट का ध्वजारोहण करेंगे। इसके साथ ही राम मंदिर निर्माण पूरा होने की घोषणा की जाएगी। राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि राम मंदिर सिर्फ राष्ट्र मंदिर नहीं है बल्कि अंतरराष्ट्रीय राम मंदिर बने। यह बात सभी क्षेत्र, सभी वर्ग और सभी विचारधारा के लोग स्वीकार करें, ऐसा प्रधानमंत्री का सपना है और जब ये सपना साकार होता दिखाई पड़ता है तब मन को संतोष मिलता है। 25 नवंबर अयोध्या के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर के शिखर पर 21 फीट का ध्वजारोहण करेंगे। यह दिन ऐतिहासिक इसलिए भी होगा कि इस दिन राम मंदिर निर्माण पूर्ण होने की घोषणा भी की जाएगी।

राम मंदिर के ध्वजारोहण के साथ प्रधानमंत्री पूरे विश्व को राम मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने का संदेश देंगे। वैदिक आचार्यों की मौजूदगी में अयोध्या और काशी के विद्वान अनुष्ठान कराएंगे। ध्वज का स्वरूप कैसा होगा, रंग कैसा और प्रतीक चिन्ह कौन सा होगा, इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। राम विवाह पंचमी की शुभ तिथि पर ध्वजारोहण किया जाएगा।

---

### ताजे वीडियो में संत प्रेमानंद का चेहरा सूजा और आवाज कांपती दिखी, भक्त हुए भावुक

## प्रेमानंद जी ने संदेश दिया कष्ट में भी श्रीजी का नाम लें, अभ्यास न छूटे

# 19 साल से किडनियां फेल, रोज 5 घंटे तक डायलिसिस, फिर भी वृंदावन परिक्रमा

### संत प्रेमानंद ने सत्संग में बताया कि उनका भोजन अत्यंत सादा और सात्विक है | दोपहर और रात के भोजन में सिर्फ दो रोटियां लेते हैं, जो वे स्वयं बनाते हैं

एजेंसी ⏭ वृंदावन

संत प्रेमानंद महाराज (47) की सेहत को लेकर भक्तों में चिंता बढ़ गई है। 2006 से पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज (पीकेडी) से जूझ रहे संत की दोनों किडनियां खराब हैं, और उनका रोज 5 घंटे डायलिसिस होता है फिर भी वे वृंदावन की परिक्रमा, बांके बिहारी और राधा वल्लभ के दर्शन, और सत्संग से भक्तों को प्रेरित करते हैं। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से सेहत में उठापटक के बीच, प्रेमानंद महाराज की केवल प्रातः कालीन पदयात्रा को अनिश्चित



काल के लिए स्थगित की गई है। हाल का वीडियो, जिसमें उनका चेहरा सूजा और आवाज कांपती दिखी, ने भक्तों को भावुक कर दिया। संत प्रेमानंद ने सत्संग में बताया कि उनका भोजन अत्यंत सादा और सात्विक है। लंच और डिनर में सिर्फ दो रोटियां लेते हैं, जो वे स्वयं बनाते हैं।

तीसरी रोटी कभी नहीं खाते, अगर बन जाए तो भक्तों में प्रसाद बांट देते हैं। रोटियां श्रीजी (राधा-कृष्ण) को भोग लगाने के बाद खाते हैं। जरूरत पड़ने पर थोड़ा दूध। पानी कम, लेकिन नियमित। खास बात ये कि 24 घंटे में सिर्फ 390 ग्राम भोजन (1 घंटे में 39 ग्राम), जो किडनी पर बोझ कम करता है।

### प्रेमानंद महाराज ने रखे किडनियों के नाम

प्रेमानंद महाराज ने अपनी खराब दोनों किडनियों का नामकरण किया है। एक का नाम कृष्ण और दूसरी का नाम राधा रखा है।

### भक्तों की आंखें नम

भजन मार्ग इंस्टाग्राम पर वायरल वीडियो में संत कमजोर दिखे। चेहरा लाल, आंखें सूजी, आवाज कांपती। फिर भी बोले-कष्ट में भी श्रीजी का नाम लें। अभ्यास न छूटे। भक्तों ने लिखा-महाराज को देखकर दिल दुखा। जल्द ठीक हों।






# किसको कितनी सीटें? इसे लेकर राजग और इंडी गठबंधन में मशक्कत जोरों पर

## अधिसूचना आज काउंटडाउन हो जाएगा शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव आयोग शुक्रवार को अधिसूचना जारी करेगा, इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पहले चरण में कुल 121 सीटों पर 6 नवंबर को मतदान होना है। उम्मीदवारों को नामांकन के लिए 17 अक्टूबर तक का समय मिलेगा। इसके बाद 18 अक्टूबर नामांकन पत्रों की जांच होगी। 20 अक्टूबर को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। 4 नवंबर शाम 5 बजे पहले चरण का चुनाव प्रचार थम जाएगा। इस चरण में नामांकन दाखिल करने के बाद प्रत्याशियों को प्रचार के लिए अधिकतम 15 दिन का समय मिलेगा।

## सीटों को लेकर एनडीए में लौटी मुस्कान नित्यानंद से मिलकर 'मान' गए पासवान

### एनडीए के सीट शेयरिंग का फॉर्मूला



एनडीए में सीट बंटवारे की जो चर्चा है उसमें जदयू-102, भाजपा -101, लोजपा- 22 से 25, हम-7 से 9, रालोसपा- 7 से 8 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। हालांकि सीट बंटवारे को लेकर एनडीए के नेता अंतिम घोषणा से पहले कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। लेकिन बताया जा रहा कि पार्टियों के बीच में यह सहमति बन चुकी है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने कहा है कि सीट आवंटन पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख चिराग पासवान का फैसला अंतिम होगा।

### चिराग नाराज नहीं: नित्यानंद

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय चिराग के आवास पर पहुंचे, लेकिन उससे पहले ही चिराग सरकारी कामकाज निपटाने के लिए अपने मंत्रालय के लिए निकल गए थे। राय ने चिराग पासवान से उनके आवास पर मुलाकात की। बताया जा रहा है कि सीट बंटवारे से नाराज चिराग दिल्ली

### मांझी बोले- कोई विरोध नहीं

जीतनराम मांझी ने कहा कि हर कदम पर आपको, एनडीए को मदद किए हैं। अगर नहीं चाहते हैं तो हमारा जैसा 60 परसेंट स्कोरिंग रेट है, 7 में 4 जीते थे तो आप 15 दे दीजिए, 7-8 जीत जाएंगे। हमारा मान्यता प्राप्त सीट (दर्जा) मिल जाएगी। यही तो मांग है।

### पीएम की रैलियों के लिए खास नारा- 25 से 30 नरेंद्र और नीतीश

बिहार चुनाव में पीएम मोदी की रैलियों में इस बार '25 से 30 नरेंद्र और नीतीश' का नारा देखने को मिल सकता है। यह नारा एनडीए के चुनाव अभियान का हिस्सा होगा, जिसमें नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार दोनों की तस्वीरों का इस्तेमाल किया जाएगा।

### चुनाव आयोग ने नेताओं को चेताया

### फर्जी पोस्ट, फेक वीडियो और एआई के गलत इस्तेमाल पर होगी कार्रवाई



बिहार में पारदर्शी चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को एआई ) के इस्तेमाल को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं.आयोग ने कहा है कि प्रचार के दौरान कोई भी पार्टी या उम्मीदवारएआई वीडियो, ऑडियो या अन्य सामग्री का इस्तेमाल भ्रम फैलाने या विरोधियों को निशाना बनाने के लिए न करें।

### नेताजी के खाते में जुड़ेंगे 50 रुपए, रसगुल्ला 15 का

आयोग ने प्रत्याशियों की खर्च सीमा तय कर दी है। प्रचार के दौरान खाने-पीने से लेकर अन्य खर्चों पर आयोग की नजर रहेगी। एक प्लेट पूरी-जलेबी खिलाने पर 50 और एक रसगुल्ला खिलाने पर 15 रुपए प्रत्याशी के खाते में जुड़ेंगे। वाहनों, प्रचार सामग्री और अन्य सेवाओं की दरें भी निर्धारित की गई हैं। प्रत्याशी अधिकतम 40 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे।

### ये सख्त हिदायतें दी

- चुनावों की घोषणा के साथ ही उम्मीदवारों और दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट और डिजिटल प्रचार शुरू हो गया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि एआई से जुड़ी कोई भी सामग्री आचार संहिता के दायरे से बाहर नहीं होगी।
- आयोग ने याद दिलाया कि किसी भी दल या नेता की आलोचना केवल नीति, कार्यक्रम, रिकॉर्ड और कार्यों तक सीमित रहे। विपक्षी नेताओं या उनके परिवार के निजी जीवन पर टिप्पणी करने से बचा जाए।
- राजनीतिक दलों को हिदायत दी गई है कि असत्यापित आरोपों या तोड़े-मरोड़े तथ्यों के आधार पर विरोधियों या उनके कार्यकर्ताओं पर हमला न करें।
- चुनावी माहौल को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पार्टियों से जुड़े पेजों और लोगों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन प्रचार सामग्री पर सख्त निगरानी रखी जा रही है।

## महागठबंधन में जल्द लगेगी मुहर

विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। बताया जा रहा कि अब सिर्फ फॉर्मूले पर सहमति बननी बाकी है। माना जा रहा है कि दो प्रस्तावित फार्मूलों में से किसी एक पर जल्द मुहर लग सकती है। आरजेडी चाहती है कि 2015 के सीट शेयरिंग फार्मूले को ही आधार बनाया जाए, जबकि कांग्रेस पिछली बार की जीत का हवाला देकर सीटें बढ़ाने की मांग कर रही है।

## सीट बंटवारे को लेकर अंतिम दौर में बात, तीन फार्मूलों पर हो रहा विचार

### आरजेडी को सबसे बड़ा हिस्सा



पहले फार्मूले के मुताबिक महागठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी राष्ट्रीय जनता दलको 138 सीटें मिलने की संभावना है। कांग्रेस को इस फार्मूले में 52 सीटें, जबकि वाम दलों को कुल 35 सीटें दी जा सकती हैं। विकासशील इंसान पार्टी को 15 सीटें, और झारखंड मुक्ति मोर्चा को 2 सीटें देने का प्रस्ताव है। इंडिया इन्क्लूसिव पार्टी को भी गठबंधन में शामिल करने की तैयारी है, जिसे 1 सीट मिल सकती है।

### छोटे दलों को ज्यादा हिस्सेदारी

दूसरा प्रस्ताव थोड़ा संतुलित बताया जा रहा है। इसमेंआरजेडी को 130 सीटें दी जाएंगी। कांग्रेस को 55 सीटें मिलेंगी, वाम दलों को वही 35 सीटें, लेकिन वीआईपी की सीटें बढ़ाकर 20 हो सकती है। जेएमएम को 2 और इंडिया इन्क्लूसिव पार्टी को 1 सीट मिलनी तय है।

### तेजस्वी का ऐलान

### सरकार बनने पर हर घर के सदस्य को सरकारी नौकरी देंगे

चुनाव में विपक्षी गठबंधन के सारे दल तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा मान रहे हैं। इस बीच तेजस्वी यादव ने राजद नेताओं के साथ बैठ मीडिया से बात की और बड़ा ऐलान कर दिया।



उन्होंने ऐलान किया कि उनकी सरकार बनते ही 20 दिन के अंदर कानून बनाकर हर घर में एक सरकारी नौकरी दी जाएगी। यादव ने कहा कि पिछले 17 महीनों के काम से मैं संतुष्ट नहीं हूं। बिहार की जनता अब बदलाव चाहती है। लोगों को सिर्फ सामाजिक नहीं, बल्कि आर्थिक न्याय भी मिलेगा। तेजस्वी यादव ने जो वादा किया है, उसे वो जरूर पूरा करेंगे।

### जनसुराज ने जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची



### 51 उम्मीदवारों में ट्रांसजेंडर को भी मौका

प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने चुनाव के लिए अपने पहले 51 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में 7 सुरक्षित और 44 सामान्य सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। इनमें (16 हिंदू और 1 मुस्लिम), अन्य पिछड़ा वर्ग से 11, सामान्य वर्ग से 9 और अल्पसंख्यक वर्ग से 7 उम्मीदवार उतारे हैं। एक कन्नर को भी टकट दिया है।

### कार्यालय में हंगामा

### खून हम जलाएं, टिकट दूसरे को थमाया

जन सुराज पार्टी में बड़ा बवाल हो गया है। जब प्रत्याशियों की सूची जारी होते ही पटना के जन सुराज कार्यालय में भारी हंगामा हो गया। बेनीपट्टी विधानसभा क्षेत्र से अवध किशोर झा को टिकट नहीं मिलने पर उनके समर्थकों ने टिकट बंटवारे में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। समर्थकों ने नारेबाजी की कि बेनीपट्टी में जन सुराज पार्टी को खड़ा करने में हमने खून जलाया है।

---

## खबर संक्षेप

### हरिद्वार-ऋषिकेश के बीच आज से चलेगी ट्रेन

**नई दिल्ली।** लंबे इंतजार के बाद राजगीर-हरिद्वार स्पेशल ट्रेन फिर से शुरू हो रही है। गाड़ी संख्या



03223 हर शुक्रवार सुबह 4:05 बजे राजगीर से रवाना होगी और अगले दिन हरिद्वार पहुंचेगी। राजगीर और आस-पास के श्रद्धालुओं में इस बहाली को लेकर उत्साह है। यह ट्रेन विशेष रूप से उन श्रद्धालुओं के लिए लाभकारी होगी।

### ट्रेलर ने कार को मारी टक्कर, परिवार तबाह

**भीलवाड़ा।** जिले के आसींद क्षेत्र से गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। नेशनल हाईवे-158 पर



पालड़ी गांव के पास एक ट्रेलर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में आसींद और उनकी पत्नी वरुणा देवी जैन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिवार के तीन सदस्य पुत्री, बेटा और पुत्रवधू गंभीर रूप से घायल हो गए।

### लड़की के पेट से निकाला 10 किलो का ट्यूमर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में डॉक्टरों ने 19 साल की लड़की को नई जिंदगी दी।



लड़की के पेट में 5साल से ट्यूमर बन रहा था। पेट में पल रही गांठ ने 10 किलोग्राम का आकार ग्रहण कर लिया था, जिसे सफदरजंग अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने एक ऐतिहासिक सर्जरी के साथ समाप्त कर दिया। अब वह ठीक है।

### दिल्ली में 28 अवैध प्रवासी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्व जिला पुलिस के बांग्लादेशी प्रकोष्ठ ने राजधानी में अवैध रूप से रह रहे



28 बांग्लादेशी प्रवासियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बढ़ती अवैध प्रवास की चिंताओं पर की है। बिना वैध दस्तावेज के रह रहे लोगों की पहचान और निर्वासन पर जोर दिया गया। पुलिस उन्हें वापस भेजने की कार्रवाई का रही है।

---

### वकील के कोर्ट में जूता फेंके जाने के मामले में बोले सीजेआई

## हमारे लिए अब यह बीता अध्याय, जो भी हुआ मैं और मेरे साथी जस्टिस चंद्रन बहुत स्तब्ध रह गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर बीते सोमवार को 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर द्वारा जूता फेंकने की कोशिश करने के मामले में देशभर में चर्चा तेज है। ऐसे में सीजेआई गवई ने गुरुवार को इस मामले में फिर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सोमवार को जो कुछ हुआ, उससे मैं और मेरे साथी जस्टिस विनोद चंद्रन बहुत स्तब्ध रह गए। हालांकि, अब यह हमारे लिए एक भूला हुआ अध्याय है। गवई ने मामले को आगे न बढ़ाने का संकेत भी दिया। यह टिप्पणी उस समय आई जब अदालत वनाशक्ति फैसले से जुड़े पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। इस बेंच में जस्टिस उज्जल भुयान भी शामिल थे। उन्होंने वकील राकेश किशोर के इस हरकत पर सख्त प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस हरकत पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए थी। उन्होंने इसे सुप्रीम कोर्ट का अपमान बताया। मामले में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस हरकत को अक्षम्य बताया और सीजेआई की गरिमा और संयम की प्रशंसा की। वहीं वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने मामले को यहीं खत्म करने की बात कही।



भारत के मुख्य न्यायाधीश गवई ने मामले को आगे न बढ़ाने का संकेत भी दिया। यह टिप्पणी उस समय आई जब अदालत वनाशक्ति फैसले से जुड़े पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। इस बेंच में जस्टिस उज्जल भुयान भी शामिल थे। उन्होंने वकील राकेश किशोर के इस हरकत पर सख्त प्रतिक्रिया दी है।

### मुख्य न्यायाधीश ने वकील राकेश किशोर की हरकत पर यह बात कही

**एसजी मेहता ने इसे अक्षम्य बताया**

*न्यायाधीश उज्जल बोले- इस हरकत पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए थी*



### किशोर ने कहा- हमें कोई पछतावा नहीं



यह पूरा मामला तब प्रकाश में आया जब बीते सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर ने सीजेआई गवई की ओर जूता फेंकने की कोशिश की थी। वह मंच के पास पहुंचे और जूता निकालकर फेंकना चाहा, लेकिन कोर्ट में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने समय रहते उसे रोक लिया। इस घटना के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने वकील का लाइसेंस तुरंत निलंबित कर दिया। इससे पहले राकेश किशोर ने बातचीत के दौरान कहा कि उन्हें अपने कृत्य पर कोई पछतावा नहीं है।

### एससीबीए ने सदस्यता को कर दिया खत्म

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने गुरुवार को राकेश किशोर (71) की सदस्यता को तत्काल प्रभाव से खत्म करने की घोषणा की है। किशोर ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर अदालत में जूता फेंकने की कोशिश की थी। इस दौरान उन्होंने 'सनातन का अपमान नहीं सहेंगे' का नारा भी लगाया था। न्यायालय की सुरक्षा और शिष्टाचार के लिहाज से बेहद गंभीर मानी जा रही है। एससीबीए ने कहा कि किशोर का बेहद अनुचित, अव्यवस्थित और अतिशयोक्ति भरा व्यवहार सीधे तौर पर न्यायिक स्वतंत्रता पर हमला था। बार एसोसिएशन ने इसे पेशेवर आचार, अदालत की गरिमा और सुप्रीम कोर्ट की प्रतिष्ठा का गंभीर उल्लंघन माना है। एससीबीए की कार्यकारी समिति ने बयान जारी कर कहा कि यह घटना अदालत की गरिमा, न्यायिक स्वतंत्रता और बार तथा बेंच के बीच लंबे समय से चले आ रहे आपसी सम्मान और विश्वास पर सीधे प्रहार के समान है। राकेश किशोर का एससीबीए का सदस्य बने रहना इस संस्था की अपेक्षित गरिमा और अनुशासन के अनुरूप नहीं है।

### बार काउंसिल पहले ही रद्द कर चुका किशोर का लाइसेंस

इससे पहले बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने किशोर का बार लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। काउंसिल ने इस कदम को न्यायिक प्रक्रिया की सुरक्षा और पेशेवर आचार के पालन के लिए जरूरी करार दिया था।

---

### असम में भाजपा को लगा बड़ा झटका

## पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन समेत 18 नेताओं ने दिया इस्तीफा



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम में विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटी भाजपा को एक जोर का झटका लगा है। गुरुवार को पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन (राजेश गोहेन) ने इस्तीफा दे दिया। गोहेन के साथ 17 अन्य ने भी भाजपा को छोड़ने का ऐलान किया है।

गोहेन का इस्तीफा ऐसे वक्त पर हुआ है जब मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा चुनावी मोड में हैं। गोहेन असम भाजपा के बड़े नेताओं में शामिल हैं। वे 1999 से 2014 तक असम की नौगांव क्षेत्र का प्रतिनिधितत्व कर चुके हैं। वे5 जुलाई, 2016 से 30 मई, 2019 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में रेल राज्य मंत्री का भी दायित्व निभा चुके हैं। पूर्वोत्तर राज्य असम में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में बीजेपी जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है। राज्य में पिछले 10 से भाजपा सत्ता में है।

### इस वजह से दिया इस्तीफा

बताया जा रहा इस्तीफा देने वाले अधिकांश सदस्य ऊपरी और मध्य असम से हैं। गोहेन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि पार्टी ने असम के लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया और स्थानीय समुदायों को धोखा दिया, बाहरी लोगों को राज्य में बसने की अनुमति दी।

### सैकिया को सौंपा इस्तीफा

17 अन्य भाजपा सदस्यों ने भी सैकिया को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इनमें से अधिकतर ऊपरी और मध्य असम से हैं। गोहेन ने कहा कि उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया, क्योंकि पार्टी असम के लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही और बाहरी लोगों को राज्य में बसने की अनुमति देकर जातीय समुदायों के साथ विश्वासघात किया।

### 1999 से 2019 तक सांसद रहे

गोहेन ने 1999 से 2019 तक नागांव संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और 2016 से 2019 तक रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री भी रहे। भाजपा में रहते हुए वो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे पेशे से चाय बागान के मालिक भी है। इसके अलावा कई अन्य क्षेत्रों में उनका काफी प्रभाव है। उनके जाने से भाजपा को राज्य में नुकसान हो सकता है।

### जीत का हैट्रिक लगाना चाह रही भाजपा

असम में फिलहाल मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा नीत सरकार सत्ता में काबिज है। जबकि पूर्वोत्तर राज्य असम में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है।

---

### मृतक आईपीएस की पत्नी की 4 मांगें

## हरियाणा के डीजीपी गिरफ्तार हों एससी-एसटी एक्ट में करें अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की खुदकुशी के मामले ने जोर पकड़ लिया है।



अफसर की आत्महत्या के दौरान जापान दौरे पर गईं उनकी पत्नी अमनीत पी. कुमार वापस लौट आई हैं और उन्होंने इस मामले में चंडीगढ़ पुलिस को शिकायत दी है। हरियाणा काडर की आईएएस अमनीत कुमार ने शिकायत में हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारनिया पर आरोप लगाया है कि वे पति का उत्पीड़न कर रहे थे।

इसी के चलते उन्होंने आत्महत्या कर ली थी। अमनीत ने सिकायत में 4 मांगें की हैं। मांग की है कि हरियाणा के डीजीपी और रोहतक के एसपी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाए। अमनीत ने दावा किया है कि उनके पति ने सुसाइड नोट में मांग की है कि डीजीपी और रोहतक के एसपी के खिलाफ केस दर्ज हो और उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

---

### कांशीराम की पुण्यतिथि पर बसपा ने रैली का आयोजन किया

## समाज हित में काम कर रहीं, 2027 में बनेगी बसपा सरकार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने कांशीराम की पुण्यतिथि पर एक विशाल रैली का आयोजन किया। इस महारैली में पूरे प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों समर्थक उमड़े। कार्यकर्ताओं ने 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पूरी ताकत और उत्साह का प्रदर्शन किया। रैली में मौजूद समर्थकों ने मायावती को 2027 में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बसपा की सरकार सर्व समाज के हित में काम करती है और पूर्व की सरकारों की जातिवादी मानसिकता से अलग है।

### लखनऊ में बसपा प्रमुख मायावती ने किया शक्ति प्रदर्शन




### कोई कसर नहीं छोड़ूंगी, 5वीं बार सरकार बनाऊंगी

मायावती ने कहा कि रैली में लोग अपनी खून-पसीने की कमाई खर्च कर आए हैं। इस रैली ने यहां पर हुई पहले सभी रैलियों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इससे लगता है कि 2027 में यूपी में एक बार फिर पूर्ण बहुमत से बसपा की सरकार बनेगी। उन्होंने वादा किया कि वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगी।

### मंच से की आकाश की तारीफ

मायावती ने मंच से पार्टी नेता आकाश आनंद की तारीफ करते हुए कहा कि आकाश बसपा का जनाधार बढ़ाने के लिए मेरे दिशानिर्देशन में लगातार प्रयास कर रहे हैं। ये अच्छी बात है। जिसके कारण बसपा के समर्थकों का भी उन्हें पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने समर्थकों से हर परिस्थिति में आकाश आनंद का समर्थन करने की अपील की।

### योगी सरकार को सराहा

मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने योगी आदित्यनाथ सरकार की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने स्मारक स्थलों के रखरखाव के लिए टिकट से मिली राशि का सही उपयोग किया। जब उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार थी और कांशीराम के आदर-सम्मान में यह स्मारक स्थल बनाया गया था तो उसी समय हमारी सरकार ने ये व्यवस्था की थी कि हम लोग यहां आने वालों से टिकट लेंगे। जिसका पैसा लखनऊ में बनाए गए स्मारक और पार्कों के रख-रखाव में इस्तेमाल किया जाएगा, लेकिन दुख की बात यह है कि वर्तमान भाजपा की सरकार से पहले यहां सपा की सरकार थी तो सपा सरकार ने उस टिकट के पैसे को दबाकर रखा।

# हरिभूमि

जबलपुर

शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष–4

वर्ष : 20, अंक : 163

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




मौसम

अधि. 28

न्यून. 18




## पीडब्ल्यूडी के पूर्व चीफ इंजीनियर जीपी मेहरा के घर लोकायुक्त का छापा, 4 ठिकानों पर पहुंची टीम

**भोपाल।** पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) के पूर्व चीफ इंजीनियर गोविंद प्रसाद (जीपी) मेहरा के भोपाल स्थित मणिपुरम आवास पर गुरुवार सुबह लोकायुक्त की टीम ने छापा मारा। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के तहत की गई है। लोकायुक्त को घर से 26 लाख रुपए कैश मिला है। इसके साथ ही ढाई किलो सोना बरामद किया है। 17 टन शहद भी मिला है। इस कार्रवाई में लोकायुक्त संगठन से जुड़े हुए 90 पुलिसकर्मी और अधिकारी शामिल रहे हैं। जीपी मेहरा पर अपने कार्यकाल के दौरान विभागीय ठेकों और निर्माण कार्यों में गड़बड़ियों के आरोप हैं। इन्हीं आरोपों की जांच करते हुए लोकायुक्त की टीम गुरुवार सुबह पुलिस बल के साथ उनके घर पहुंची और तलाशी शुरू की। मेहरा के एक साथ चार ठिकानों पर छापा मारा गया है, जिसमें गोविंदपुरा स्थित बंगला, बावड़िया कला स्थित बंगला, सोहागपुर स्थित घर और मणिपुरम स्थित बंगला शामिल है।

इन 4 ठिकानों में गोविंदपुरा स्थित बंगला, बावड़िया कला स्थित बंगला सोहागपुर स्थित घर और मणिपुरम स्थित बंगला शामिल

## 26 लाख कैश, ढाई किलो सोना और 17 टन शहद भी मिला

### विभागीय ठेकों और निर्माण कार्यों में जबरदस्त गड़बड़ियों के आरोप



- इस कार्रवाई में लोकायुक्त संगठन से जुड़े हुए 90 पुलिसकर्मी और अधिकारी शामिल रहे
- कैश और मिल रहा, इसलिए गिनने के लिए मशीनें मंगवाई गईं

### परिवार के सदस्यों से भी हुई पूछताछ

एसपी लोकायुक्त दुर्गेश राठौर ने बताया कि जीपी मेहरा ने संपत्ति स्वयं तथा पारिवारिक सदस्यों के नाम पर ली है। भोपाल शहर, ग्राम सैनी, तहसील सोहागपुर एवं नर्मदापुरम शहर में कई करोड़ की नामी व बेनामी अचल संपत्तियां क्रय कर निर्माण कराया गया है। गोविंद प्रसाद मेहरा सेवानिवृत्त इंजीनियर-इन-चीफ, लोक निर्माण विभाग, भोपाल, मप्र के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही करते हुए धारा 13(2) सहपठित 13(1)बी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### कहां- क्या मिला?

**लोकेशन -1**
मणीपुरम कालोनी में स्थित जीपी मेहरा के निवास ए-6 में छापा कार्यवाही के दौरान नगद लगभग 826 लाख 79 हजार रुपए, सोना चांदी के जेवर कीमती लगभग 50 लाख, फिक्स डिपॉजिट 56 लाख की जानकारी एवं अन्य सामान कीमत लगभग 60 लाख की जानकारी एवं प्रॉपर्टी से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। जिनका परीक्षण किया जाएगा। जिससे साफ हो सके कि मेहरा की कुल चल और अंचल संपत्ति कितनी है।

**लोकेशन -2**
ओपल रेजेंसी, दाना पानी, ए ब्लॉक, फ्लैट नं. 508 में छापा कार्यवाही के दौरान 26 लाख रुपए कैश, लगभग 2 किलो 649 ग्राम सोना अनुमानित कीमत लगभग 3 करोड़ 5 लाख रुपए। लगभग 5 किलो 523 ग्राम चांदी अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख 93 हजार रुपए मिले हैं। इसी के साथ प्रॉपर्टी से संबंधित दस्तावेज प्राप्त हुए हैं।

**लोकेशन -3**
केटी इंडस्ट्रीज, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल में पीवीसी पाइप आदि बनते हैं। यह फैक्ट्री मेहरा की है। छापे के दौरान फैक्ट्री से संबंधित उपकरण, कच्चा माल एवं तैयार माल मिला है। इसी के साथ फैक्ट्री से प्रॉपर्टी से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। केटी इंडस्ट्रीज में रोहित मेहरा के साथ कैलाश नायक की पार्टनरशिप की जानकारी लोकायुक्त को लगी है।

**लोकेशन -4**
नर्मदापुरम के तहसील सोहागपुर के ग्राम सैनी में छापा के दौरान 17 टन शहद, कृषि भूमि, काफी महंगे कृषि उपकरण, 06 ट्रैक्टर, 32 निमार्णाधीन काटेज, 07 निर्मित कॉटेज, 01 भवन, 02 मछली पालन केंद्र, 02 गोशाला, 02 बड़े तालाब, मंदिर की जानकारी प्राप्त हुई एवं प्रॉपर्टी से संबंधित दस्तावेज मिले हैं।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

**महिलाओं को हर महीने एक दिन की पीरियड लीव**



**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने महिलाओं के स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर समानता को बढ़ावा देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। राज्य कैबिनेट ने मैन्स्ट्रुअल लीव पॉलिसी-2025 को मंजूरी दे दी है। नई नीति के तहत राज्यभर में काम करने वाली सभी महिलाओं को हर महीने एक दिन की सवेतन (पेड) पीरियड लीव दी जाएगी। ये नीति अब लागू कर दी गई है।

**रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड से धमकी, पांच करोड़ मांगे**



**अलीगढ़।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी अलीगढ़ के रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड से धमकी देने का मामला सामने आया है। छह माह पहले उनकी प्रमोशनल टीम को मैसेज भेजकर पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने दो लोगों को गिरफ्तार करके इसका खुलासा किया है।

**इनोवेशन के मामले में भारत तीसरे स्थान पर**



**नई दिल्ली।** भारत टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस बात को देश में फाइल होने वाले पेटेंट्स साबित कर रहे हैं। साल 2025 में अब तक कुल 80,000 से ज्यादा पेटेंट्स फाइल हो चुके हैं। 2014 में इनकी संख्या केवल 40,000 थी। यानी 10 साल में फाइल होने वाले पेटेंट्स की संख्या में 100% से भी ज्यादा है।

**ब्लैकमेल करने वाली महिला एएसआई बर्खास्त**



**इंदौर।** इंदौर के टीआई सुसाइड केस में मध्य प्रदेश शासन ने सवा तीन साल बाद एएसआई रंजना खोड़े को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। विभागीय जांच में सामने आया है कि रंजना टीआई हाकम सिंह को ब्लैकमेल कर रही थी। रंजना बर्खास्तगी से पहले तक धार जिले में पदस्थ रही है। मामला जून 2022 का है। इंदौर के रीगल स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में टीआई हाकम सिंह पंवार ने सर्विस रिवॉल्वर से पहले एएसआई रंजना खोड़े पर गोली चलाई थी।

### कफ सिरप कांड

सीएम डॉ. यादव ने कहा-सरकार प्रतिबंधित कफ सिरप से जुड़े किसी भी दोषी को छोड़ेगी नहीं

# अब तक 25 बच्चों की मौत..मप्र पुलिस की एसआईटी ने कंपनी के मालिक को 'दबोचा'




**कोल्ड्रिफ सीरप कंपनी का मालिक गोविंदन रंगनाथन चेन्नई के कोडंबक्कम स्थित उसके अपार्टमेंट से गिरफ्तार, उस पर 20 हजार का इनाम था**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/भोपाल

मध्य प्रदेश और राजस्थान में अपनी कंपनी द्वारा निर्मित दूषित कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत के मामले में वांछित श्रीसन दवा कंपनी के 75 वर्षीय मालिक गोविंदन रंगनाथन को गुरुवार तड़के चेन्नई के कोडंबक्कम स्थित उसके अपार्टमेंट से मप्र पुलिस की एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया गया। रंगनाथन पर 20 हजार रुपए का इनाम था। जी रंगनाथन की गिरफ्तारी मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में स्थानीय स्तर पर वितरित कफ सिरप, कोल्ड्रिफ के सेवन से कई बच्चों की मौत के कुछ दिनों बाद हुई है। पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र जाट के नेतृत्व में मध्य प्रदेश पुलिस की सात सदस्यीय टीम ने रंगनाथन को कोडंबक्कम स्थित अशोक नगर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत उसके आवास से गिरफ्तार किया।

### 1 बच्चों की मौत पर डब्ल्यूएचओ ने जताई चिंता पूछा- क्या दूसरे देशों को भी किया एक्सपोर्ट?

### 2 मासूमों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर जनहित याचिका पर आज होगी सुनवाई

छिंदवाड़ा के एसपी अजय पांडे ने बताया कि रंगनाथन को शुक्रवार को चेन्नई (तमिलनाडु) की एक अदालत में पेश किया जाएगा और ट्रांजिट रिमांड हासिल करने के बाद छिंदवाड़ा लाया जाएगा



#### छोटी सी जगह पर किस तरह फैक्ट्री संचालित?

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रश्न किया कि वो कौन लोग हैं जिन्होंने इस कंपनी को ड्रग लाइसेंस देने का कार्य किया? मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छोटी सी जगह पर किस तरह फैक्ट्री संचालित है, यह प्रश्न पूछा जाना चाहिए। बिना जांच के लाइसेंस कैसे रिन्यू किया गया? इस दवा कंपनी को दोबारा उद्योग लाइसेंस कैसे दिया गया? कोई भी व्यक्ति स्थल पर जाकर अवलोकन कर सकता है।



#### सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका पर आज सुनवाई

*बच्चों की मौत के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट सहमत हो गया। अदालत ने दवा सुरक्षा तंत्र में जांच और व्यवस्थागत सुधार की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने का फैसला किया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने अधिवक्ता और याचिकाकर्ता विशाल तिवारी की दलीलों पर विचार करते हुए कहा कि यह मामला गंभीर है और तत्काल सुनवाई योग्य है।*



### मुख्यमंत्री नागपुर पहुंचे, बच्चों का हाल जाना

### कहा-तमिलनाडु सरकार से सहयोग नहीं मिल रहा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रतिबंधित कफ सिरप का उपयोग किए जाने के मामले से संबंधित किसी भी दोषी को मध्यप्रदेश सरकार नहीं छोड़ेगी। अभी तमिलनाडु की दवा कंपनी के जिम्मेदार लोगों को दबोचा गया है और उनकी गिरफ्तारी हुई है। मध्यप्रदेश सरकार मानवीय और प्रशासनिक दोनों आधार पर कार्रवाई जारी रखेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को नागपुर के विभिन्न अस्पताल में उपचाररत बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने और परिजनों से चर्चा की। दुर्भाग्य की बात है कि तमिलनाडु सरकार की तरफ से अपेक्षित सहयोग प्राप्त नहीं हो रहा है। तमिलनाडु के ड्रग कंट्रोलर को दवा कंपनी की नियमानुसार जांच करना चाहिए।

#### कई और लोगों की गिरफ्तारी संभव, दस्तावेजों में नाम मिले

मध्य प्रदेश पुलिस ने चेन्नई में कंपनी के कार्यालय पर छापेमारी की और कई दस्तावेज जब्त किए, जिनमें कई ऐसे लोगों के नाम हैं, जो कथित तौर पर कंपनी से लाभान्वित हुए। अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। सिरप वितरण नेटवर्क और उन दवा दुकानों की भी जांच की जा रही है, जिन्होंने इस उत्पाद को बेचा।

#### छिंदवाड़ा में दवा विक्रेता हड़ताल पर

#### कहा: बनाने वालों पर नहीं, बेचने वालों पर हो रही लगातार कार्रवाई

जहरीले कफ सिरप कांड में दवा की दुकानों के निरीक्षण और सील करने की कार्रवाई को लेकर जिला औषधि विक्रेता संघ ने अनिश्चितकाल हड़ताल शुरू कर दी है। मेडिकल दुकानों पर हो रही कार्रवाई की विरोध में दवा दुकानदारों ने बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला से चर्चा कर इसका विरोध जताया था। औषधि विक्रेता संघ छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष संतोष चौरे ने कहा कि अधिकारी मेडिकल दुकानों में पहुंचकर बिना कारण उन्हें परेशान कर रहे हैं ।

### टेक ऑफ करते अनियंत्रित हुआ भोपाल आ रहा मिनी जेट

## रनवे से उतरकर रुका...हादसा टला उद्योगपति और उनका परिवार बचा

रनवे पर लगभग 400 मीटर तक जेट ने रन किया था



◆ विमान में बीयर फैक्टरी के डीएमडी अजय अरोड़ा, एसबीआई हेड सुमित शर्मा, बीपीओ राकेश टीकू व कैप्टन नसीब बामल, कैप्टन प्रतीक फर्नांडीज साथ में थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फर्रुखाबाद जिले के खिमसेपुर औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार को एक बड़ा हवाई हादसा टल गया। रनवे पर उड़ान भरते समय एक मिनी जेट प्लेन फिसल गया और हवाई पट्टी की झाड़ियों में जाकर रुक गया। यह मिनी जेट प्लेन एक उद्योगपति के परिवार को लेकर खिमसेपुर आया था। रनवे पर गति पकड़ते समय प्लेन अनियंत्रित होकर फिसल गया ।

- पहिए में हवा कम होने की वजह से घटना

#### लैंडिंग की सूचना आधे घंटे पहले ही बताई

फ्लाइट के पहिए में हवा कम होने की वजह से यह हादसा हुआ। आरोप लगाया है कि पायलट की लापरवाही की वजह से बड़ी घटना घट सकती थी। पायलट को पहले ही जानकारी थी की पहिए में हवा कम थी। कंपनी के डीएमडी अजय अरोड़ा ने बताया कि अब वह है आगरा से फ्लाइट लेकर भोपाल जाएंगे। फायर ब्रिगेड ने बताया उन्हें 12 घंटे पहले जानकारी नहीं दी गई थी। न ही ट्रेजरी फीस जमा की गई थी और लैंडिंग की सूचना आधे घंटे पहले ही बताई गई है

#### सुबह साढ़े 10 बजे भोपाल की उड़ान थी

जेट को टेक ऑफ करते समय अनियंत्रित होकर पास बनी झाड़ियों में जा घुसा। जेट में सवार वुडपैकर ग्रीन एग्री न्यूट्री पद प्राइवेट लिमिटेड डीएमडी अजय अरोड़ा, एसबीआई हेड सुमित शर्मा, बीपीओ राकेश टीकू के साथ कैप्टन नसीब बामल, कैप्टन प्रतीक फर्नांडीज साथ में थे।

7 साल पूरा कर चुके न्यायिक अधिकारी

## अब बार कोटा के तहत बन सकेंगे जिला जज



- राज्य नियम संशोधन कर परामर्श लें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम निर्णय लेते हुए कहा है कि जो न्यायिक अधिकारी वकील के रूप में सात वर्ष की प्रैक्टिस पूरी कर चुके हैं, वे बार कोटा के तहत जिला जज बनने के पात्र होंगे। कोर्ट ने राज्यों से नियमों में संशोधन कर हाई कोर्ट से परामर्श लेकर भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने को कहा है। संविधान पीठ ने स्पष्ट किया कि संविधान की व्याख्या कठोर नहीं बल्कि जीवंत और लचीली होनी चाहिए।

उज्जैन ट्रिब्यूनल कोर्ट का फैसला

## हादसे में मृतक के परिजनों को दें 81 लाख रु. मुआवजा



- माधव कॉलेज के भृत्य को मारी थी टक्कर

**उज्जैन।** उज्जैन के माधव कॉलेज में कार्यरत भृत्य की कार हादसे में मौत के मामले में इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ उज्जैन ट्रिब्यूनल ने फैसला सुनाया है। ट्रिब्यूनल ने मौत को सीधे दुर्घटना की चोटों से जोड़ते हुए कार चालक की पूर्ण जिम्मेदारी तय की और मृतक की मां और बेटे को 81 लाख रुपए ब्याज सहित दो महीने में देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह फैसला 7 अक्टूबर को सुनाया है। मामले की कोर्ट में पैरवी करने वाले एडवोकेट कैलाशचंद्र पाटीदार और आदित्य पाटीदार ने बताया कि मनोज कुमार ठाकुर 12 नवंबर 2022 को कॉलेज के बाद रुकमणि पेट्रोल पंप के सामने मोड़ पर से होते हुए घर जा रहे थे।

मेहमूद पठान के खिलाफ एफआईआर

## प्रधानमंत्री मोदी और सीएम योगी की तस्वीर से छेड़छाड़



- पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है

**बुरहानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरों से छेड़छाड़ कर उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में एक युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई बुरहानपुर के नेपानगर में भाजपा मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन की शिकायत पर की गई है। नेपानगर पुलिस ने देवरीमाल निवासी मेहमूद पठान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत मामला दर्ज किया है।

कुछ लोग हिरासत में लिए गए

## संघ प्रचारक से मारपीट, दो समुदाय सड़क पर उतर गए



- गाड़ी से कट लगने पर हुई कहासुनी

**बैतूल।** जिले के मुलताई में गुरुवार शाम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जिला प्रचारक शिशुपाल यादव के साथ धर्म विशेष के कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। देखते ही देखते दोनों समुदाय के लोग सड़क पर आमने-सामने आ गए, जिससे बेहद तनावपूर्ण स्थिति हो गई। यादव किसी काम से निकले थे। इसी दौरान गाड़ी से कट लगने को लेकर स्थानीय मुस्लिम युवकों के साथ उनकी कहासुनी हुई। थोड़ी ही देर में मारपीट होने लगी।

### हंगरी के उपन्यासकार लास्ज़लो क्रास्नाहोर्काई को साहित्य का नोबेल पुरस्कार

उनकी रचनाओं में भले ही दुनिया बिखरती हो, लेकिन उस टूटन में भी वे सौंदर्य और जिजीविषा खोज लेते हैं

## लास्जलो का समग्र लेखन प्रलयकारी भय के बीच भी कला की शक्ति की पुष्टि करता है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दुनिया के प्रतिष्ठित साहित्य के नोबेल पुरस्कार की भी घोषणा गुरुवार को कर दी गई है। यह पुरस्कार हंगरी के उपन्यासकार और पटकथा लेखक लास्ज़लो क्रास्नाहोर्काई को दिया गया है। इस साल का साहित्य का नोबेल पुरस्कार उन्हें उनके प्रभावशाली और दूरदर्शी साहित्यिक कार्यों के लिए दिया गया है, जो प्रलयकारी भय के बीच भी कला की शक्ति की पुष्टि करते हैं। बुकमेकर्स (शर्त लगाने वाले) अक्सर नोबेल अकादमी की पसंद को सही नहीं पकड़ पाते, लेकिन वे साहित्यिक दुनिया की उम्मीदों और पक्षपात को जरूर दर्शाते हैं। इस साल हंगरी के लास्ज़लो क्रास्नाहोर्काई बुकमेकर्स की सूची में दूसरे स्थान पर थे, जबकि ऑस्ट्रेलियाई लेखक जेराल्ड मर्ने शीर्ष पर थे। मगर लास्जलो ने बाजी मार ली। इस दौड़ में शामिल अन्य दावेदारों में मेक्सिको की क्रिस्टिना रिवेरा गार्ज़ा , जापानी लेखक हरुकी मुराकामी, रोमानिया के मिर्चिया कर्तारेस्कु, अमेरिका के थॉमस पिंचन और चीन की चान शुए शामिल रहे थे।




राष्ट्रपति ट्रंप ने दी जानकारी

# गाजा पीस प्लान पर इजराइल-हमास सहमत, पहले चरण पर हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

इजराइल और हमास शांति समझौते के लिए तैयार हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति प्रस्ताव के पहले चरण पर इजराइल और हमास ने सहमति जताई है। इस चरण की शुरुआत हमास की ओर से बंधकों की रिहाई और इजराइली सैनिकों की चरणबद्ध वापसी से होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि इजराइल और हमास दोनों ने हमारी शांति योजना के पहले चरण पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इसका मतलब है कि हमास सभी बंधकों को जल्द रिहा करेगा और इजराइल अपने सैनिकों को एक सहमत सीमा तक वापस बुला लेगा, जो एक मजबूत, स्थायी और शाश्वत शांति की ओर पहला कदम होगा। यह '20-सूत्रीय पीस प्लान' के पहले चरण का हिस्सा है।

## इजराइल के लिए राष्ट्रीय व नैतिक विजयः नेतन्याहू

*हमास की ओर से बंधकों की रिहाई होगी*

*इजराइली सैनिकों की भी वापसी होगी*



*वहीं, इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा पर मुहर लगाई। पीएम नेतन्याहू ने एक पोस्ट में लिखा कि योजना के पहले चरण की स्वीकृति के साथ हमारे सभी बंधकों को स्वदेश लाया जाएगा। यह एक कूटनीतिक सफलता है और इजराइल राज्य के लिए एक राष्ट्रीय व नैतिक विजय है। उन्होंने कहा कि मैंने शुरू से ही स्पष्ट कर दिया था, हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक हमारे सभी बंधक वापस नहीं आ जाते और हमारे सभी लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते।*

### निष्पक्ष व्यवहार किया जाएगा

राष्ट्रपति ट्रंप ने लिखा कि सभी पक्षों के साथ निष्पक्ष व्यवहार किया जाएगा। यह अरब और मुस्लिम देश, इजराइल, आसपास के सभी देशों और संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए एक महान दिन है। हम कतर, मिस्र और तुर्की को मध्यस्थता के लिए धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने इस ऐतिहासिक और अभूतपूर्व घटना को संभव बनाने के लिए हमारे साथ काम किया।

### ट्रंप को दिया धन्यवाद

बेंजामिन नेतन्याहू ने पोस्ट में लिखा कि दृढ़ संकल्प, शक्तिशाली सैन्य कार्रवाई और हमारे महान मित्र व सहयोगी राष्ट्रपति ट्रंप के अथक प्रयासों से, हम इस महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंचे हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप को उनके नेतृत्व, उनकी साझेदारी और इजराइल की सुरक्षा व हमारे बंधकों की आजादी के प्रति अटूट समर्पण के लिए धन्यवाद देता हूं।

### दो साल पहले हमास ने बर्बर हमला किया था

दो साल पहले 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर बर्बर हमला किया था, जिससे यह संघर्ष शुरू हुआ था। हमास ने उस हमले में लगभग 1,250 इजराइली नागरिकों की हत्या कर दी थी और करीब 250 लोगों को बंधक बना लिया था। इजराइल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हमास संगठन को गाजा से लगभग खत्म कर दिया है। हमास से सभी टॉप लीडर्स को इजराइल ने मार गिराया। हालांकि, हमास के आतंकियों पर इजराइल की कार्रवाई से गाजा पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया।

## *पीएम मोदी ने समझौते पर जताई खुशी, नेतन्याहू के नेतृत्व को सराहा*

पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइल और हमास के बीच हुए शांति समझौते का स्वागत किया है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हम राष्ट्रपति ट्रंप के 'पीस प्लान' के पहले चरण पर हुए समझौते का स्वागत करते हैं। यह पीएम नेतन्याहू के सशक्त नेतृत्व का भी प्रतीक है। हमें उम्मीद है कि बंधकों की रिहाई और गाजा के लोगों को मानवीय सहायता में वृद्धि से उन्हें राहत मिलेगी व स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त होगा। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने पीएम मोदी की पोस्ट पर जवाब देते हुए उनका धन्यवाद किया है।



### भारत के समर्थन की सराहना की

राजदूत रूवेन अजार ने एक पोस्ट में कहा कि हमारे सभी बंधकों को रिहा करने के समझौते तक पहुंचने में इजराइली प्रतिनिधिमंडल और सभी संबंधित लोगों के प्रयासों के लिए आभारी हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का विशेष धन्यवाद। हम जल्द ही शांति बहाल होते और आतंकवादी खतरों से मुक्त होते हुए देखेंगे। भारत के निरंतर समर्थन की सराहना करता हूं।

## खबर संक्षेप

### चीनी महिला से रोमांस राजनयिक बर्खास्त

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपने देश के एक राजनयिक को एक चीनी महिला से कथित रोमांटिक संबंध रखने के कारण बर्खास्त कर दिया है। महिला पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध होने का आरोप है। इस मामले को हाल में लागू किए गए उस प्रतिबंध के तहत पहली कार्रवाई माना जा रहा है, जिसमें अमेरिकी कर्मियों के चीनी नागरिकों से ऐसे व्यक्तिगत संबंध पर रोक लगाई गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने इसकी पुष्टि की। बयान में संबंधित राजनयिक का नाम उजागर नहीं किया गया है।



### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने 5 आतंकी मारे

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के पांच आतंकियों को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक संयुक्त अभियान में मार गिराया। यह अभियान बुधवार को डेरा इस्माइल खान जिले के मूसा ज़ई उपनगर में चलाया गया, जो दक्षिण वज़ीरिस्तान से सटा हुआ क्षेत्र है। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के दौरान टीटीपी के गंदापुर ग्रुप से जुड़े पांच आतंकवादी मारे गए। इस दौरान सेना के एक मेजर की भी मौत हो गई। एक दिन पहले ही एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर सहित 11 सैन्यकर्मी मारे गए थे।



## ब्रिटिश पीएम स्टार्मर की मौजूदगी में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में पीएम मोदी बोले

# भारत ने डिजिटल टेक्नोलॉजी से हर नागरिक तक पहुंच संभव की

भारत और यूके ने वैश्विक व्यापार को और एआई ट्रेड को लेकर दुनिया को रास्ता दिखाया

पीएम ने कहा कि हमने छोटे गांवों से लेकर बड़े महानगरों तक, हर नागरिक के लिए तकनीक उपलब्ध कराई है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि डिजिटल क्रांति में कोई भी पीछे न छूटे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत डिजिटल टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण करने में सफल रहा है और इससे देश के हर कोने में, हर नागरिक के लिए टेक्नोलॉजी की पहुंच आसान हुई है। मुंबई में गुरुवार को ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2025 में बोलते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब दुनिया के सबसे तकनीकी रूप से समावेशी समाजों में से एक है। पिछले एक दशक में भारत ने टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण किया है।

आज के भारत ने दिखाया है कि टेक्नोलॉजी केवल सुविधा का साधन नहीं है, बल्कि समानता सुनिश्चित करने का भी एक साधन है। उन्होंने कहा कि डिजिटल समावेशन ने विभिन्न सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के लोगों को सशक्त बनाया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिजिटल करेंसी इनिशिएटिव का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केंद्रीय बैंक की डिजिटल करेंसी से वित्तीय लेनदेन बेहतर होंगे और भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर उन्होंने मुंबई को ऊर्जा, उद्यम और अनंत संभावनाओं का शहर बताया।

*आरबीआई की डिजिटल करेंसी से वित्तीय लेनदेन बेहतर होंगे*

*यूके-इंडिया फिनटेक कॉरिडोर नए स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाएगा*

### फिनटेक इनोवेशन से बदलाव आया



पीएम ने कहा कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और फिनटेक इनोवेशन को अपनाने से भारत में शासन और वित्तीय समावेशन में व्यापक बदलाव आया है। भारत की फिनटेक सफलता इसकी इनोवेशन और समावेशिता की भावना में निहित है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने छोटे गांवों से लेकर बड़े महानगरों तक, हर नागरिक के लिए तकनीक उपलब्ध कराई है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि डिजिटल क्रांति में कोई भी पीछे न छूटे।

## *यूके की भागीदारी का किया स्वागत, वैश्विक वित्तीय परिदृश्य को बेहतर बनाएंगे*

पीएम मोदी ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में भागीदार देश के रूप में यूनाइटेड किंगडम की भागीदारी का भी स्वागत किया। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर की उपस्थिति में पीएम मोदी ने कहा कि दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच यह साझेदारी वैश्विक वित्तीय परिदृश्य को बेहतर बनाएगी। यह भारत की अर्थव्यवस्था के प्रति, भारत के विकास के प्रति, वैश्विक विकास का प्रतीक है।

### दोनों देश दुनिया लिए नए अवसर ला सकते



पीएम मोदी ने कहा कि कुछ साल पहले यूके से एआई सेफ्टी समिट शुरू हुई थी। अगले वर्ष, एआई इंपैक्ट समिट भारत में होगी। यानी सेफ्टी पर चर्चा यूके से शुरू हुई थी, अब इंपैक्ट पर संवाद भारत में होगा। भारत और यूके ने वैश्विक व्यापार को और एआई ट्रेड को लेकर दुनिया को रास्ता दिखाया है। एआई और फिनटेक में भी हमारी साझेदारी, इसी भाव को सशक्त करती है। यूके की अनुसंधान और वैश्विक वित्तीय विशेषज्ञता और भारत का टेलेंट ये मिलकर पूरी दुनिया के लिए अवसरों के नए द्वार खोल सकता है।

### लंदन स्टॉक एक्सचेंज और गिफ्ट सिटी के बीच सहयोग

*पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने स्टार्टअप्स, संस्थाओं और इनोवेशन हब के बीच जुड़ाव को और मजबूत करने का संकल्प लिया है। यूके-इंडिया फिनटेक कॉरिडोर नए स्टार्टअप्स को पायलट करने और आगे बढ़ाने के लिए अवसर बनाएगा। इससे लंदन स्टॉक एक्सचेंज और गिफ्ट सिटी के बीच नए सहयोग के रास्ते भी खुल सकते हैं। दोनों देशों के बीच ये वित्तीय इंट्रीग्रेशन हमारी कंपनियों को मुक्त व्यापार समझौता का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने में उपयोगी होगा, मदद करेगा।*

## ऑस्ट्रेलिया पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ

# पीएम अल्बनीज के साथ की बैठक तीन अहम समझौतों पर एमओयू



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया के उप पीएम और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यह बैठक भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के पांच वर्ष पूरे होने के अवसर पर हुई, जिसमें दोनों देशों ने रक्षा सहयोग को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

बैठक के दौरान तीन महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए जिनमें- सूचना साझा करने पर समझौता, पनडुब्बी खोज एवं बचाव सहयोग पर एमओयू, और संयुक्त स्टाफ वार्ता की स्थापना के लिए टर्म्स ऑफ रेफरेंस शामिल है। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंध और साझा लोकतांत्रिक मूल्य दोनों देशों के रिश्तों की नींव हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा सहयोग भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों की दिशा के अनुरूप तेजी से विस्तार कर रहा है।

### आतंक और बात साथ नहीं चल सकते

राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर भारत की सख्त नीति को दोहराते हुए कहा कि आतंक और बातचीत साथ नहीं चल सकते, आतंक और व्यापार साथ नहीं चल सकते और पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि सभी देशों को आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक के दौरान ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने भी शामिल होकर राजनाथ सिंह का स्वागत किया। राजनाथ सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दीं और मई 2025 में हुई उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी। पीएम अल्बनीज ने भारत की तेज आर्थिक प्रगति, खासकर रक्षा, साइबर सुरक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने भारत के गरीबी उन्मूलन प्रयासों की भी प्रशंसा की और कहा कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच सहयोग और मजबूत होगा।

### एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग डेमोंस्ट्रेशन देखा

*इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर राजनाथ सिंह का ऑस्ट्रेलियाई रक्षा सहायक मंत्री पीटर खलील ने स्वागत किया और उन्हें औपचारिक सम्मान गार्ड दिया गया। अपनी यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह ने केसी-30ए मल्टीरोल ट्रांसपोर्ट और टैंकर एयरक्राफ्ट (एमआरटीटी) पर एक लाइव एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग डेमोंस्ट्रेशन देखा, जिसमें एफ-35 विमान को ईंधन भरा गया। यह प्रदर्शन पिछले वर्ष हस्ताक्षरित एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग समझौते के तहत बढ़ती परिचालन क्षमता का उदाहरण था।*

भारत पहुंचे अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी

# जयशंकर और अजीत डोभाल से करेंगे मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी गुरुवार को अपने छह दिनों के भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता में आने के बाद ये पहली बार है कि कोई अफगान विदेश मंत्री ने भारत का दौरा किया है। इस दौरान मुत्ताकी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के साथ वे अहम बैठकें करेंगे। दरअसल, मुत्ताकी को पहले पिछले महीने भारत आना था, लेकिन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की तरफ से लगाए गए यात्रा प्रतिबंध के कारण दौरा रद्द करना पड़ा था। हालांकि, यूएनएससी ने बीते 30 सितंबर को मुत्ताकी को नौ से 16 अक्तूबर तक भारत यात्रा के लिए अस्थायी छूट दे दी, जिसके बाद उनका भारत दौरा संभव हुआ।

### विदेश मंत्रालय ने किया स्वागत



मुत्ताकी के भारत पहुंचने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट कर उनका स्वागत किया। जायसवाल ने कहा कि नई दिल्ली पहुंचने पर अफगान विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्ताकी का हार्दिक स्वागत। हम द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों पर रचनात्मक चर्चा की उम्मीद कर रहे हैं। मुत्ताकी अपने दौरे के दौरान दारुल उलूम देवबंद और आगरा के ताजमहल का भी दौरा करेंगे।

### दोनों देशों के बीच नया अध्याय शुरू

बता दें, अफगान विदेश मंत्री का ये भारत दौरा कई मायनों में खास माना जा रहा है। यह यात्रा भारत और तालिबान शासन के बीच रिश्तों में एक नया अध्याय जोड़ सकती है। भारत ने अब तक तालिबान सरकार को आधिकारिक मान्यता नहीं दी है और बार-बार अफगानिस्तान में एक समावेशी सरकार बनाने की अपील की है। साथ ही भारत यह भी दोहराता रहा है कि अफगान भूमि का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं होना चाहिए।

## पुणे के कोंढवा इलाके में एटीएस की रेड

# कट्टरता फैलाने की सूचना, 18 जगहों पर छापामारी, कई हिरासत में लिए

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) और पुणे पुलिस ने कट्टरता फैलाने की सूचना मिलने के बाद बुधवार देर रात से गुरुवार सुबह तक कोंढवा इलाके में बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर हुई इस छापेमारी में 18 ठिकानों पर दबिश दी गई, जिसमें कई संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। यह छापेमारी चार पुलिस थाना क्षेत्रों में की गई, जहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया। एटीएस को इलाके में कुछ लोगों द्वारा कट्टर विचारों के प्रसार करने और संदिग्ध गतिविधियों



की खबर मिली थी। इस पर तत्काल संयुक्त टीम गठित की गई, जिसमें पुणे पुलिस के स्थानीय थानों की फोर्स भी शामिल थी। बुधवार रात करीब 11 बजे शुरू हुई कार्रवाई गुरुवार सुबह तक चली। अधिकारियों ने बताया कि जांच में लोगों की पहचान, पृष्ठभूमि और मोबाइल-डिजिटल गतिविधियों पर फोकस किया जा रहा है। हिरासत में लिए संदिग्धों से पूछताछ जारी है।

दुनिया की सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटीज की सूची जारी, भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान वैश्विक मानकों के करीब

# भारत में बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान फिर से शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाईम्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारतीय विश्वविद्यालयों ने मिश्रित प्रदर्शन किया है। पिछले साल अपनी स्थिति खोने के बाद, भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर ने वापसी की और वैश्विक स्तर पर 201-250 रैंकिंग बैंड में स्थान बनाया। इस बार सविता चिकित्सा एवं तकनीकी विज्ञान संस्थान ने दूसरे स्थान पर आकर अपनी पकड़ मजबूत की, जबकि अन्ना विश्वविद्यालय कई रैंक गिरकर 801-1000 बैंड में आ गया। इस बार जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने 401-500 बैंड में जगह बनाई, जो पिछले साल की तरह महात्मा गांधी विश्वविद्यालय (एमजीयू) की जगह है। शूलिनी विश्वविद्यालय ने अपनी पिछली रैंक बनाए रखी। इन बदलावों ने यह संकेत दिया कि भारतीय विश्वविद्यालय लगातार सुधार कर रहे हैं।

### 501-600 रैंक बैंड में बीएचयू, एलपीयू और यूपीईएस



501-600 रैंक बैंड में कई प्रमुख संस्थान शामिल हैं। इनमें आईआईटी इंदौर, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, केआईआईटी विश्वविद्यालय, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज शामिल हैं। इसके साथ ही, एमजीयू पिछले साल की तुलना में इस बैंड में आया। यह बैंड दर्शाता है कि भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान धीरे-धीरे वैश्विक मानकों के

### दुनिया की टॉप-10 यूनिवर्सिटीज़

सूची में सबसे ऊपर यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड, यूके है। दूसरे स्थान पर मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएसए, तीसरे स्थान पर प्रिंसटन यूनिवर्सिटी, यूएसए है। इसके बाद कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय, हार्वर्ड विश्वविद्यालय, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इम्पीरियल कॉलेज लंदन, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले और येल विश्वविद्यालय हैं।

## बिरला ने कॉमनवेल्थ सम्मेलन में तकनीक और लोकतंत्र पर कार्यशाला की अध्यक्षता की

# एआई के 'नैतिक' उपयोग को बढ़ावा देने का किया आग्रह

एजेंसी ▶▶ ब्रिजटाउन

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने 68वें कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन के दौरान 'प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना : परिवर्तनों के माध्यम से लोकतंत्र को बढ़ाना और डिजिटल विभाजन से निपटना' विषय पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता की। बिरला ने राष्ट्रमंडल देशों के सांसदों से आग्रह किया है कि वे प्रौद्योगिकी के माध्यम से डिजिटल विभाजन को पाटते हुए एआई के ज़िम्मेदार और नैतिक उपयोग को बढ़ावा दें। सहयोग और ज्ञान-साझाकरण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रौद्योगिकी एक सेतु बने, न कि एक बाधा। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति और ई-संसद के अनुप्रयोग ने हमारे संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली में बड़े परिवर्तनकारी बदलाव लाए हैं। ई-संसद, ई-लोकतंत्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

*भारत की जलवायु संरक्षण पहल को प्रमुखता से बताया*

*भारत में महिलाओं और युवाओं को सशक्त बना रहे*

### समय से पहले कार्बन उत्सर्जन में कमी की



*कार्यशाला के दौरान, भारत की जलवायु संरक्षण पहल को भी प्रमुखता से उजागर किया गया। अध्यक्ष बिरला ने कहा कि हमने कार्बन उत्सर्जन में कमी के लक्ष्यों को तय समय से पहले पूरा कर लिया है। साथ ही, ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और सोलर पार्क जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने डिजिटल परिवर्तन, महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने और नागरिक सहभागिता में भारत की प्रगति पर भी जोर दिया। बिरला ने कहा कि ये पहल पारदर्शिता, स्थिरता और समावेशी विकास को मजबूत करती हैं।*

**विश्वभर के नेता हुए शामिल**

*इससे पहले ओम बिरला ने बारबाडोस में 68वें कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लिया, जिसमें विश्वभर के संसद के अध्यक्ष और नेता शामिल हुए। इस सम्मेलन का विषय 'द कॉमनवेल्थ—अ ग्लोबल पार्टनर' था, जो संवाद, सहयोग और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों की महत्ता को दर्शाता है, ताकि एक न्यायसंगत और समावेशी विश्व का निर्माण किया जा सके। भारत की संसदीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई ओम बिरला ने की है, जो मंगलवार को ब्रिजटाउन, बारबाडोस पहुंचे थे। यह सम्मेलन 12 अक्टूबर तक चलेगा।*

### एआई संसदीय प्रणाली को कुशल बना रहा

बिरला ने कहा कि एआई-आधारित डिजिटल प्रणालियां भारत की संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक कुशल और समावेशी बना रही हैं। एआई-आधारित अनुवाद, एआई-सक्षम ई-लाइब्रेरी और स्पीच-टू-टेक्स्ट रिपोर्टिंग जैसी प्रणालियां संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक कुशल और समावेशी बना रही हैं। आगामी डिजिटल पहलों के बारे में जल्द ही 'संसद भाषिणी' जैसी रीयल-टाइम एआई अनुवाद प्रणालियां प्रत्येक संसद सदस्य को अपनी भाषा में संवाद करने की सुविधा प्रदान करेंगी।

चीनी विदेश मंत्रालय का बयान

# भारत के लिए सीधी उड़ानों की बहाली संबंधों में सुधार की सकारात्मक पहल

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन ने भारत के साथ सीधी उड़ानें बहाल किए जाने को सकारात्मक कदम करार दिया। चीन ने कहा कि इससे पता चलता है कि दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिपपिंग के बीच बनी सहमति पर 'ईमानदारी से काम' कर रहे हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि उड़ानें अक्टूबर के अंत तक पुनः शुरू हो जाएंगी। यह नवीनतम कदम दर्शाता है कि किस प्रकार दोनों देश 31 अगस्त को तियानजिन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पीएम नरेंद्र मोदी



के बीच बनी महत्वपूर्ण आम समझ पर ईमानदारी से काम कर रहे हैं। गुओ ने कहा कि चीन, भारत के साथ मिलकर द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में देखने तथा अच्छे पड़ोसी और साझेदार बनने के लिए तैयार है, जो एक-दूसरे की सफलता के लिए सहयोग करें। उन्होंने 'ड्रैगन और हाथी के सहयोगात्मक संबंध' के रूपक का प्रयोग किया।

जनहित याचिका में आरोप, हाईकोर्ट ने कलेक्टर को शिकायत का निराकरण करने के दिए निर्देश

# रिंग रोड निर्माण में रसूखदारों की जमीनें बचाने जबरन बनाए जा रहे मोड़

जबलपुर ।

मप्र हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया गया कि जबलपुर के बाहरी इलाके से गुजरने वाली निर्माणाधीन रिंग रोड के निर्माण में भेदभाव किया जा रहा है। रसूखदारों की जमीनें बचाने के लिए सड़क पर मूल डिजाइन को दरकिनार रख जबरन मोड़ बनाए जा रहे हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद जबलपुर कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे इस संबंध में याचिकाकर्ता की शिकायत का निराकरण करें। याचिकाकर्ता की ओर से प्रस्तुत अभ्यावेदन पर विचार कर समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।इस निर्देश के साथ कोर्ट ने याचिका का पटाक्षेप कर दिया।

जबलपुर निवासी भूलन काछी की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जबलपुर में रिंग रोड निर्माण में रसूखदारों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। रिंग रोड के लिए स्वीकृत डीपीआर में दी गई डिजाइन से छेड़छाड़ की जा रही है। रोड पर अनपेक्षित रूप से मोड़ों की संख्या



बढ़ा दी गई है। कायदे से मोड़ बनाने के स्थान पर सामने आ रहे बाधक निर्माणों को हटाया जाना चाहिए। इस संबंध में नियम भी हैं कि सड़क निर्माण में मोड़ कम से कम हों, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।ज्यादा मोड ब्लैक स्पॉट बन जाते हैं और यहां दुर्घटनाएं होती हैं। विरोधाभास यह है कि जन सामान्य के निर्माणों को विकास के नाम पर रास्ते से हटा दिया गया, किंतु राजनीतिक पहुंच रखने वालों के निर्माण के बचाव की मुद्रा में आकर सड़क का रुख ही मोड़ा जा रहा है। इस तरह के मोड़ सामान्य यातायात के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। इनसे दुर्घटना का खतरा बना रहेगा।

## हाईकोर्ट ने पिता के पक्ष में पुत्र की याचिका की निरस्त

जबलपुर।

**पिता के घर में अनाधिकृत कब्जा खाली करने के निर्देश**

मप्र हाईकोर्ट ने पिता के पक्ष में पुत्र की याचिका निरस्त कर दी। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 में पिता के पक्ष में आदेश पारित किया। इसके अंतर्गत भोपाल निवासी अमित तिवारी की याचिका निरस्त करते हुए पिता के घर में अनाधिकृत कब्जा खाली करने के निर्देश दिए। प्रतिवादी पिता अवधेश तिवारी, भोपाल की ओर से सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत और अधिनियम बनाने की मंशा बताते हुए तर्क रखे गए। कोर्ट को बताया गया कि अधिनियम 2007 माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा एवं देख रेख के लिए बनाया गया है। जिसमें माता पिता स्वयं की सम्पत्ति पर अधिकृत काबिज बेटे को हटाने के अधिकारी हैं।एसडीएम व कलेक्टर कोर्ट ने भी याचिकाकर्ता की पिता से बदसलूंकी को देखते हुए याचिकाकर्ता को अपने पिता का घर खाली करने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने गुण दोष को ध्यान में रखते हुए याचिका निरस्त कर दी । साथ ही प्रतिवादी पिता के पक्ष में आदेश पारित कर बेटे द्वारा किए जा रहे अत्याचार से राहत दिलाई।



## अतिक्रमण हटाने निगम कर रहा लगातार कार्यवाही

जबलपुर।

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के आदेशानुसार शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। शहर में जहाँ-जहाँ भी अतिक्रमण हुए हैं और यातायात बाधित हो रहा है इस बात को दृष्टिगत रखते हुए लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है और अवैध गुमटियां, ठेले व कब्जे हटाकर बाजार व्यवस्थित करने निगम की टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में अतिक्रमण शाखा के अधिकारियों एवं सभी दल प्रभारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आज भी की गयी। इस संबंध में सहायक अतिक्रमण अधिकारी अखिलेश सिंह भदोरिया ने बताया कि आज अंधमूक बाईपास रोड़, उमाघाट, ग्वारीघाट, तैयावली पेट्रोल पंप, अधारताल तालाब, पीली कोठी के पास फुटपाथ पर लगे अवैध टेलें टपरे, को हटाने की कार्रवाई की गयी तथा सामग्रियाँ 5 सिलेंडर, तराजू, एक टेला, एक छोटा फोड़ वेन, टेबिल कुर्सी, प्लास्टिक,टेबिल भी जप्त की गई। इसके साथ-साथ मुनादी भी कराई गई कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया जाता है तो दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहेगें।

उन्होंने बताया कि दमोह नाका राजेंद्र प्रसाद वार्ड अंतर्गत समुदायिक भवन बनाए जाने हेतु बीच में आ रहे अतिक्रमण को अलग किया गया, महाराजपुर में फैंसिंग हटा ने की कार्यवाही, ग्वारीघाट से लेकर झंडा चौक बिग बाजार आदर्श नगर ग्रेनाइट चौक बंदरिया तिराहा मिलिट्री पेट्रोल पंप तक रोड तथा आजू-बाजू लगे बैनर पोस्टर निकालने की कार्यवाही की गई। इसके साथ साथ सी.एम. हेल्प लाइन में प्राप्त शिकायतों का भी निराकरण किया गया। कार्यवाही के समय यातायात थाना प्रभारी श्री अटनेरे, पुलिस बल, दल प्रभारी कुलदीप त्रिपाठी, वीरेंद्र मिश्रा, एस.ई. संभाग क्रमांक 6 श्रीमती मेघा स्वामी एवं अतिक्रमण टीम आदि उपस्थित रहे।



## कानून के शासन और वैश्विक शांति का दिया संदेश

**तन्खा ने संयुक्त राष्ट्र में रखा भारत का पक्ष**

जबलपुर।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की छठी समिति की आम चर्चा में भारत ने अपने राष्ट्रीय दृष्टिकोण को रखते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि देश न केवल आंतरिक रूप से बल्कि वैश्विक स्तर पर भी कानून के शासन और शांति-स्थिरता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।भारत की ओर से सांसद विवेक तन्खा ने राष्ट्रीय वक्तव्य प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत की शासन नीतियों का मूल आधार न्याय, पारदर्शिता और समानता है। यही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत बनाता है और नागरिकों को शासन में भागीदारी का अवसर देता है।

### वैश्विक शांति और सहयोग पर जोर

श्री तन्खा ने कहा कि भारत केवल अपने भीतर कानून के शासन को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध नहीं है, बल्कि वह वैश्विक शांति, सुरक्षा और सहयोग के क्षेत्र में भी सार्थक योगदान देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने रेखांकित किया कि कानून का शासन केवल शासन का उपकरण नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण और स्थायी विश्व व्यवस्था की आधारशिला है।

### भारत की अग्रणी भूमिका

अपने संबोधन में विवेक तन्खा ने यह भी कहा कि भारत राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता आया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से भी अपील की कि कानून के शासन और शांति की दिशा में सामूहिक प्रयासों को और मजबूत किया जाए।

युवा कांग्रेस के चुनाव परिणामों का इंतजार हो सकता है थोड़ा और ज्यादा

## जबलपुर से बढ़ी दावेदारी, कई चेहरे मैदान में

जबलपुर।

युवक कांग्रेस के चुनाव जबलपुर में दावेदारों की धड़कनें तेज किए हुए है। शहर और ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में दावेदार मैदान में हैं, लेकिन फिलहाल प्रदेश स्तर पर जो परिस्थितियां बनी हैं, उससे अक्टूबर में किसी भी तरह की घोषणा की संभावना नहीं है। अब सभी की नजरें नवंबर माह पर टिकी हैं।

प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए जबलपुर से यश घनघोरिया का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। वे लंबे समय से सक्रिय हैं और संगठन में अच्छी पकड़ रखते हैं। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि प्रदेश स्तर पर उनकी दावेदारी को गंभीरता से लिया जा रहा है।

जबलपुर नगर अध्यक्ष पद के लिए इस बार मुकाबला बेहद रोचक हो गया है। इस पद के लिये राहुल बघेल, अभिषेक सोनकर, संजय अहिरवार, रोशनी चौधरी के नाम प्रमुख हैं। वहीं इनके अलावा भी 10 से अधिक युवा कार्यकर्ता मैदान में हैं, जिन्होंने अपनी-अपनी लॉबिंग तेज कर दी है। नगर क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में दावेदारों का सामने आना बताता है कि संगठन में युवाओं की सक्रियता लगातार बढ़ी है।

इसके विपरीत, ग्रामीण क्षेत्र से दावेदारी फिलहाल सिर्फ दो नामों तक सीमित है। शुभम श्रीवास्तव, और सौरभ गौतम इस पद के लिये प्रयासरत हैं. दोनों ही युवाओं ने जमीनी स्तर पर काम किया है और ग्रामीण इकाई के लिए इन्हें ही सबसे मजबूत चेहरा माना जा रहा है।

### दावेदारों की बेचैनी बढ़ी

प्रदेश स्तर पर चुनाव प्रक्रिया को पूरे हुए दो माह से अधिक समय बीत चुका है। पहले कहा गया था कि अक्टूबर में नतीजे घोषित होंगे, लेकिन अब यह साफ हो गया है कि अक्टूबर में किसी भी तरह का ऐलान मुश्किल है। संगठन सूत्रों के मुताबिक सदस्यता फॉर्म की खामियों और रिजेक्शन ने समीकरण बिगाड़ दिए हैं। साढ़े पांच लाख फॉर्म रिजेक्ट होने और पांच लाख फॉर्म में खामियां मिलने से कई दावेदारों की स्थिति कमजोर हो गई है। इसका सीधा असर जबलपुर के दावेदारों पर भी पड़ेगा।

### नवंबर में बदल सकते हैं समीकरण

यदि नवंबर में परिणाम घोषित होते हैं तो कई दावेदारों के लिए राह मुश्किल हो सकती है, क्योंकि सदस्यता आधार पर ही टिकट और पद का फैसला होगा। इससे उन चेहरों को फायदा मिल सकता है, जिनके समर्थकों के फॉर्म सही पाए गए हैं।

### किसके खाते में जाएगी कुर्सी

कुल मिलाकर, जबलपुर से यश घनघोरिया की दावेदारी प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए सबसे अहम मानी जा रही है, वहीं नगर और ग्रामीण इकाइयों में भी मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। अब देखना यह होगा कि नवंबर में जब नतीजे सामने आएंगे तो किसके खाते में जीत की कुर्सी जाएगी और किसके अरमान धरे रह जाएंगे।

## मझौली के छह मेडिकल स्टोर्स पर छापा, एक स्टोर सील



**जबलपुर।** सिहोरा अनुविभागीय अधिकारी के निर्देश पर बुधवार को मझौली में छह मेडिकल स्टोर्स पर जांच अभियान चलाया गया। इस निरीक्षण अभियान में मोहित मेडिकल, मेहंदी छाया मेडिकल, ब्रिज हेमा मेडिकल, न्यू हर्ष मेडिकल, चंद्र मेडिकल और नरसिंह मेडिकल की जांच की गई।जांच दल में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजेश मिश्रा, सीएचसी मझौली के चिकित्सक डॉ. रविकांत मिश्रा, डॉ. सतीश पटेल और अन्य संबंधित अधिकारी शामिल थे।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ब्रिज हेमा मेडिकल का ड्रग लाइसेंस वर्ष 2022 में ही समाप्त हो चुका था, और स्टोर बिना वैध लाइसेंस के संचालित हो रहा था। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए ड्रग इंस्पेक्टर से चर्चा के बाद ब्रिज हेमा मेडिकल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना लाइसेंस के औषधि विक्रय करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में भी इस तरह के निरीक्षण जारी रहेंगे।

## 8 दिन के नवजात शिशु के शव ने कफन दफन के लिये किया 7 दिन का इंतजार

जबलपुर।

जबलपुर में मानवता को तार तार करने वाली घटना सामने आई है. बताया गया है की डिंडोरी से रेफर होकर जबलपुर मेडिकल कालेज आए एक 8 दिन के नवजात शिशु की गत तीन अक्टूबर को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई. इसके बाद बच्चे परिवार मेडिकल में नवजात का शव छोड़कर चला गया. 7 दिन तक शव कफन दफन का इंतजार करता रहा. अंततः मेडिकल पुलिस चौकी द्वारा मोक्ष मानव उत्थान सेवा समिति को इसकी सूचना दी गई. तब जाकर मोक्ष संस्था ने नवजात शिशु का कफन दफन किया. मोक्ष संस्था के आशीष ठाकुर ने बताया की गत 29 सितम्बर को 8 दिन के एक नवजात शिशु को डिन्डोरी से यहां रेफर किया गया था. बच्चे का इलाज के दौरान तीन अक्टूबर को निधन हो गया. अस्पताल के रिकार्ड में शिशु की मां का नाम विनीता और पिता का नाम चैन सिंह दर्ज है. शिशू की मृत्यू के बाद परिवार मेडिकल कालेज से गायब हो गया. नाम पते के आधार पर जब परिवार का पता नहीं चला तब पुलिस ने मोक्ष संस्था को शव कफन दफन के लिये सौंपा. तिलवारा में मोक्ष संस्था द्वारा बच्चे का कफन दफन किया गया। इस कार्य में संस्था के प्रशांत योगेश, विकाश विवेक व आदि ने सहयोग किया।

**लापरवाही करने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों के विरुद्ध की जाएगी दंडात्मक कार्यवाही**

## क्षतिग्रस्त सड़कों को नए सिरे से सुधार करना ठेकेदारों की है जिम्मेदारी

जबलपुर।

नगर निगम द्वारा महापौर जगत बाहदुर सिंह ''अन्नू'', एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी एवं श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव के साथ निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के कुशल मार्गदर्शन एवं उनकी निगरानी में लोककर्म, स्वास्थ्य, उद्यान, अग्नि शमन विभाग, विद्युत, सामान्य प्रशासन विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के अंतर्गत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मुख्यमंत्री अद्योसंरचना विकास कार्य, कायाकल्प एवं विभिन्न मदों के तहत विकास के कार्य कराये गए हैं, जिसमें सड़क, पुल-पुलिया, नाला-नालियाँ, उद्यानों के कार्य शामिल हैं, जिसकी समीक्षा निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा की गई और सभी अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित ठेकेदारों को कड़े लहजे में



निर्देशित किया है कि जितने भी गारेन्टेड पीरियड के कार्य हैं बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई हैं, उन क्षतिग्रस्त सड़कों को नए सिरे से सुधार करना ठेकेदारों की जिम्मेदारी है, सहायक और उपयंत्री अपनी निगरानी में सुधार कार्य कराएँ। अन्यथा लापरवाही करने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने डोर टू डोर कचरा गाड़ियों में 6 कम्पार्टमेंट लगवाकर उन्हें 6 कलरों से रंगने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा सी.एम. हेल्प लाइन में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टी के साथ निराकरण कराया जा रहा है, निगमायुक्त ने प्राप्त शिकायतों के निराकरण में और तेजी लाने अधिकारियों का निर्देश दिय। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने आउटसोस में कार्यरत सभी कर्मचारियों को कार्य के दौरान वेलड्रेस में रहने के लिए आउटसोर्स कर्मचारियों के संचालकों सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने डयूटी पर शतप्रतिशत उपस्थित रहकर कार्य करने अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक के समय समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, एवं विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

## अन्य पिछड़ा वर्ग का एक सर्जन का पद रिक्त रखें : हाईकोर्ट

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में भर्ती से जुड़े एक मामले में कहा है कि अन्य पिछड़ा वर्ग का एक सर्जन का पद रिक्त रखें। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने मप्र लोक सेवा आयोग के चेयरमैन, आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, रजिस्ट्रार मप्र मेडिकल काउंसिल व अन्य से जवाब तलब किया ।याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी डा. गगन सोनी की ओर से दलील दी गई कि वर्ष 2024 में सरकार ने सरकारी अस्पतालों में सर्जन के पद पर भर्ती निकाली थी। इसमें 64 पद ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित थे। याचिकाकर्ता ने आवेदन के साथ सभी जरूरी दस्तावेज संलग्न किए, लेकिन 21 अगस्त, 2025 को जारी चयन सूची से उनका नाम हटा दिया गया। यह कहा गया कि याचिकाकर्ता ने अतिरिक्त पंजीयन योग्यता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया है। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता ने ई-मेल के जरिए उक्त प्रमाण पत्र प्रेषित किया था, जिसका वेरिफिकेशन भी हुआ है, इसके बावजूद उनका नाम रिजेक्ट कर दिया गया। लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।

## नागरिक 17 तक जुड़वा सकते है मतदाता सूची में नाम

**जबलपुर।** नगर पालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम की राजनैतिक दलों को जानकारी देने अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड की अध्यक्षता में कल स्टेण्डिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर कार्यालय में संपन्न इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर मती ज्योति परस्ते ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि पंचायतों एवं नगरीय निकायों में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 08 अक्टूबर को हो चुका है। प्रारूप मतदाता सूची पर कोई भी व्यक्ति 17 अक्टूबर को दोपहर 03 बजे तक मतदाता सूची में नाम न होने पर दावा तथा गलत नाम होने पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उप जिला निवार्चन अधिकारी ने बैठक में बताया कि प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण के बाद 14 नवम्बर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। इसी सूची के आधार पर पंचायतों एवं नगरीय निकाय के चुनाव होंगे। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची के शुद्ध प्रकाशन में सहयोग की अपील की।

## खबर संक्षेप

### हमारा संकल्प सुरक्षित यातायात

**जबलपुर।** सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। कलेक्ट्रेट गेट, पेंटीनाका चैक, अमखेरा बाईपास रोड, महाराजपुर और कैरब्ज तिराहा सहित विभिन्न स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर 60 चालान कर 18,000 रुपये और अन्य नियमों के उल्लंघन में 78 चालान कर 30,000 रुपये वसूल किए गए। कुल 138 चालान कर 48,000 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। सड़क पर सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। स्टाफ थाना यातायात ने साइंस कॉलेज परिसर में एनसीसी कैडेट्स और स्कूल के बच्चों को भी हेलमेट की अनिवार्यता और वाहन दस्तावेज साथ रखने के नियम समझाए। बच्चों के अभिभावकों को भी जानकारी दी गई कि बच्चे केवल हेलमेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाएं.

### उच्च माध्यमिक शिक्षकों को मिला समयमान वेतनमान

**जबलपुर।** दशहरा के पावन पर्व पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जबलपुर के द्वारा जिले उच्च को समयमान वेतन का तोहफा दिलाया गया है। इस वेतनमान का लाभ जिले के 130 उ०मा०शिक्षकों को मिलेगा। यह उपलब्धि म०प्र०शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आशीष तिवारी के ऊर्जस्वी नेतृत्व मे,मिली। जिसमे संघ के महानगर अध्यक्ष सुरेन्द्र रिछारिया, जिला एवं नगर सचिव द्वय दिनेश मिश्रा, प्रवीण पाराशर, संतोष तिवारीएवं समस्त पदाधिकारियों के भागीरथी प्रयासों का भी योगदान है। संघ के महानगर अध्यक्ष श्री रिछारिया से प्राप्त जानकारी अनुसार संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर केआदेश क्र05598 दिनांक 9/102025 के द्वाराउच्च माध्यमिक शिक्षकों के समयमान वेतनमान के आदेश आज जारी हुए। जिसमें 1 जुलाई 2018 या उसके बाद 10 एवं 20वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले उच्च माध्य०शिक्षकों को यह लाभ मिलेगा।

---

रेस्ट हाउस बना जुआ-सट्टा का अड्डा

# ब्रिटिश काल की धरोहर 'बडेरा जलाशय' चढ़ा उपेक्षा की भेंट





**पनागर।**

जबलपुर जिले की पनागर तहसील के ग्राम बडेरा में स्थित ऐतिहासिक बडेरा जलाशय आज बदहाली और उपेक्षा की मार झेल रहा है। करीब 115 वर्ष पूर्व ब्रिटिश शासनकाल में निर्मित यह जलाशय और इसके समीप स्थित रेस्ट हाउस कभी प्राकृतिक सौंदर्य, शांति और हरियाली के लिए प्रसिद्ध थे।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह रेस्ट हाउस न केवल ब्रिटिश अधिकारियों का विश्राम स्थल था, बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने भी यहां एक बार रात्रि विश्राम किया था। परंतु अब यह ऐतिहासिक स्थल अपनी पहचान खो बैठा है। हिरन जल संसाधन विभाग जबलपुर को प्रभार सौंपे जाने के बाद से यहां की स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई है।

आज इस रेस्ट हाउस में जुआ, सट्टा, और शराबखोरी जैसी अवैध गतिविधियाँ आम हो चुकी हैं। परिसर में मवेशियों का डेरा, गंदगी और उपेक्षा साफ नजर आती है। यह किसी समय पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र था, पर अब वीरान और असुरक्षित हो चला है।

### स्थानीय लोगों की मांग

ग्रामवासियों का कहना है कि बडेरा जलाशय महज एक जल स्रोत नहीं, बल्कि ब्रिटिश काल की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे सहेजने की आवश्यकता है। वे मांग कर रहे हैं कि सरकार और प्रशासन इस स्थल का पुनरुद्धार कर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करें। इससे न केवल ऐतिहासिक विरासत संरक्षित होगी, बल्कि क्षेत्र में रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में

अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन जागेगा और इस ऐतिहासिक स्थल की सुध लेगा, या फिर बडेरा जलाशय इतिहास के पन्नों में गुम होकर उपेक्षा की मार झेलता रहेगा?

---

# पार्टी करने 2 हजार रुपए नहीं देने पर चाकू मारा

**जबलपुर।**

हनुमानताल थाना अतंर्गत टेढ़ीनीम बबलू चाटी होटल के पास पार्टी करने के लिए दो हजार रुपए देने से मना करने पर एक बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविदासनगर सूर्यकुटी पहाड़ी निवासी 19 वर्षीय पेंटर फजल खान गत दिवस काम से वापस अपने घर जा रहा था तभी टेढ़ीनीम बबलू चाटी होटल के पास रास्ते में उसके छोटे भाई अल्ताफ का दोस्त समीर मिला जो उससे पार्टी करने के लिये 2 हजार रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो समीर ने गाली गलोज कर उस पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

---

# ब्लॉक कांग्रेस सिहोरा ने निकाला केंडल मार्च



### मांगा स्वास्थ मंत्री का स्तीफा

**सिहोरा।** ब्लाक कांग्रेस सिहोरा अध्यक्ष बिहारी पटेल के संयोजन में समस्त कांग्रेस जनों ने अरुणाभ स्टेडियम से ग़ौरी तिराहा होकर पुराने बस स्टेंड तक केंडल मार्च निकाला जो पुलिस थाना प्रांगण में मौजूद जय स्तंभ में संपन्न हुआ इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हाथों में केंडल लेकर चल रहे थे जिसमें लिखा था स्वास्थ मंत्री स्तीफा दे । यह मार्च कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन एंव जिलाध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा जिले में विगत दिनों जहरीले कफ सिरप से 16 मासूम बच्चों की मौत हो गई और अनेक बच्चे गंभीर अवस्था में घायल है इसके विरोध में निकाला गया। इस अवसर पर केशव मिश्रा, एड सुबोध पांडे, घनश्याम बडगैया, सुरेन्द्र मिश्रा, के के कुररिया, अमोल चौरसिया, रमेश पटेल, विजयंत साहू, आलोक पांडे, गिरधर सरावगी, लालबहादुर पाठक, डब्बू पाठक,संदीप ब्यौहार, संदीप शुक्ला, शंकर वंशकार, रमा चौरसिया, सुधीर कुररिया, दिलीप जैन, सोनू त्रिपाठी, गुल्लू खान, फैज आलम शाह, शेख साबिर, जमीला बानो आदि उपस्थित थे।

---

# यौन उत्पीड़न पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर**

शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृह विज्ञान महिला महाविद्यालय (होमसांईस कॉलेज) में महिला यौन उत्पीड़न समिति के तत्वावधान में एक जागरुकता कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विषय विशेषज्ञ डॉ. श्रद्धा तिवारी काउंसलर मेडिकल कॉलेज जबलपुर के द्वारा यौन उत्पीड़न की परिभाषा, उसके प्रकार, उससे निपटने की प्रक्रिया, और शिकायत करने के कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञ द्वारा विशाखा एक्ट एवं गाइडलाइन के साथ ही उन्होंने गुड टच, बेड टच एवं मानसिक स्वास्थ्य के पहलुओं पर भी प्रकाश डाला और बताया कि पीड़िताओं को किस प्रकार मानसिक सहयोग प्रदान किया जा सकता है। विशेषज्ञ द्वारा शिकायत किए जाने हेतु प्लेटफार्म और वेबसाइट्स के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र रखा गया, जिसमें उपस्थित छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाओं और शंकाओं को स्पष्ट किया। कार्यक्रम में लगभग 137 छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. स्मिता पाठक, डॉ. अर्चना गुप्ता, समिति सदस्य डॉ. शुभा सिन्हा, डॉ. राजेंद्र मिश्रा, डॉ. रजनी निगम, सुश्री मंजु बरखाने एवं जगदीश सेन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




---

# 3 सड़क दुर्घटनाओं में 7 घायल

### 6 घायल अस्पताल में 1 महिला जख्मी

**जबलपुर।** सिविल लाईन, बरेला और पाटन थाना क्षेत्रों में सड़की दुर्घटना के तीन मामलें सामने आए हैं। इस दुर्घटना में सात लोग घायल हो गए है। जिनमें से 6 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं एक महिला को मामूली चोटें आई है।

सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोहलपुर निवासी 35 वर्षीय श्रीमति उर्मिला मंसूरी गत दिवस अपने पति मोह.वकील के साथ डुमना नेचर पार्क स्कूटी से घूमने गए थे। वहां से वापस आते समय दोपहर में आरडीव्हीव्ही ग्राउण्ड के सामने डुमना रोड़ पर पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड सी 8406 के चालक ने उनकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों पति पत्नी नीचे गिरकर घायल हो गए। उर्मिला मंसूरी को मामूली चोटें आयी है। वहीं पति को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है।

इसी तरह बरेला में मानेगांव थाना खमरिया निवासी मजदूर रगवार कुशवाहा, राजाराम कुशवाहा, भागीरथ अहिरवार चारों ग्राम सिहोरा लहंगी से अपना काम फाईनल करने के बाद बाईक से दोपहर लगभग 2 बजे वापस अपने घर जा रहे थे। जैसे ही निर्वाना एक्सोटिका के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 20 जीए 9392 के चालक ने राजाराम कुशवाहा की मोटर सायकल में टक्कर मार दी, जिससे मोटर सायकल में सवार रगवार कुशवाहा, राजाराम कुशवाहा और भागीरथ अहिरवार तीनों मोटर सायकल सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। वहीं टक्कर मारने के बाद लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर रोड़ किनारे झाड़ियों में घुस गया, तीनों घायलों को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इसी प्रकार पाटन में ग्राम पिपरिया बेलखेड़ा निवासी 32 वर्षीय किसान कमलेश पटेल गत दिवस अपने दोस्त गणेशगंज पगारा जिला सागर निवासी भरत पटेल एवं चुन्नीलाल पटेल के साथ अपने काम से जबलपुर आया था। भरत पटैल एवं चुन्नी लाल पटेल एक बाईक में बैठे थे और कमलेश उनके पीछे पीछे दूसरी बाईक से चल रहा था। जैसे ही पाटन बायपास के पहले पुल के बाजू से सर्विस रोड़ ग्राम सिमरिया पहुँचे एवं निस्तार करने के लिये अपनी मोटर सायकल रोकने वाले थे तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड यू 5194 के चालक ने भरत पटेल की मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे भरत पटैल एवं चुन्नीलाल पटेल दोनों गिर गये और दोनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटे आ गई है। कमलेश ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी चालकों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

---

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवसः आपदाओं में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच आवश्यक

**जबलपुर।**

हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मानसिक जागरूकता बढ़ाना, कलंक को कम करना और सभी के लिए बेहतर मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करना है। इस वर्ष का विषय हैः सेवाओं तक पहुँच - आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य।



आपदाएँ और आपात स्थितियाँ न केवल शारीरिक जीवन को प्रभावित करती हैं, बल्कि गहरे मानसिक संकट और भावनात्मक तनाव भी उत्पन्न करती हैं। संघर्ष, विस्थापन और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोग अक्सर मानसिक स्वास्थ्य देखभाल से वंचित रह जाते हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ बुनियादी ढाँचा टूट चुका हो या प्रशिक्षित पेशेवरों की कमी हो। इस विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर विशेषज्ञ और संगठन जोर दे रहे हैं कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को आपातकालीन प्रतिक्रिया का मुख्य हिस्सा बनाया जाए। समुदाय-आधारित कार्यक्रमों को बढ़ावा देना, आपदा प्रतिक्रियाकर्ताओं को प्रशिक्षण देना और संकट के हर चरण में मजबूत नेटवर्क तैयार करना आवश्यक है।

---

# लकी साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पाई स्कूटी



**मझौली।** तहसील मझौली के संदीपनी शासकीय विद्यालय के होनहार छात्र लकी साहू, पिता लटोरी साहू, ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश शासन की योजना के तहत उन्हें एक स्कूटी प्रदान की गई। स्कूटी वितरण का यह सम्मान संदीपनी शासकीय विद्यालय मझौली के माध्यम से संपन्न हुआ। लकी साहू की इस सफलता पर समस्त नगरवासियों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयाँ दी हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

---

# बाड़ी लगाने के विवाद पर पड़ोसियों ने मां, बेटी व बेटे पर किया हमला

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत कंदराखेड़ा धर्मशाला के सामने परियट में जमीन में बाड़ी लगाने के एवज में दो हजार रुपए की मांग करने की बात पर पड़ोसियों ने मिलकर एक मां, पुत्र व बेटी पर हमला कर घायल कर दिया। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कंदराखेड़ा धर्मशाला के सामने परियट निवासी 46 वर्षीय श्रीमति सरोज पटेल गत शाम लगभग 6 बजे अपनी बेटी सेजल व बेटा नितेश पटेल के साथ अपने घर के पीछे बाड़ी सुधार रहे थे, तभी पड़ोसी मनोज पटेल, उसका बेटा सचिन एवं पत्नी मोम बाई आए और जमीन हमारी है और यदि बाड़ी लगानी है तो 2 हजार रुपए की मांग करने लगे। सेजल ने रुपए देने से मना किया तो तीनों गाली गलौज करने लगे एवं सचिन पटेल ने मारपीट कर भूसा निकालने वाली ढुकन से श्रीमति सरोज पटेल के सिर पर हमला कर घायल कर दिया। उसकी बेटी सेजल एवं बेटा नितेश बीच बचाव करने लगे तो सचिन पटैल ने ढुकन से एवं मनोज पटैल ने डंडे तथा मोम बाई ने पत्थर से हमलाकर सेजल के सिर हाथ, नितेश के सिर में चोटें पहुँचा दी मोहल्ले के लोगों ने बीच बचाव किया तो तीनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

---

# पूर्व मनोनीत विधायक लोबो लोरेन बी का निधन

**जबलपुर।** एंग्लो-इंडियन (आंग्ल भारतीय) समुदाय से लंबे समय तक मनोनीत विधायक रहीं लोबो लोरेन बी का गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिजनों, शुभचिंतकों और समुदाय के बीच गहरा शोक व्याप्त हो गया है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, दिवंगत लोबो लोरेन बी की अंतिम यात्रा आज 10 अक्टूबर को दोपहर 2:30 बजे उनके पचपेढ़ी स्थित निवास से प्रारंभ होगी। यह यात्रा 3 बजे सेंट पीटर एंड पॉल महागिरजाघर (सदर) पहुंचेगी और वहां से बिलहरी कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया जाएगा।



---

# हिंदू-मुस्लिम धर्मालंबियों ने पेश की चादरें शरीफ

**जबलपुर।** मदन महल पहाड़ी पर स्थित हज़रत पीराने पीर की दरगाह में ग्यारहवीं शरीफ के तीसरे उर्स मेले का आयोजन अकीदत और मोहब्बत के माहौल में किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की तादाद में जायरीन और अकीदतमंदों ने हाजिरी पेश की। दरगाह शरीफ में बड़ी संख्या में लोगों ने चादरें और निशान शरीफ पेश कर दुआएं मांगीं। नजरें-नियाज पेश की गईं और लंगर का आयोजन कर सभी में तक़सीम किया गया। हिंदू धर्मालंबियों ने भी बड़ी संख्या में दरगाह पहुंचकर सलामी पेश की और अपनी मन्नतें मांगीं। दरगाह परिसर में मुरीदों और मुजावरों की आमद दिनभर बनी रही। अपरान्ह जुहर की नमाज के बाद मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली क़ादरी की सदारत में आयोजित जल्सए गौसिया में सज्जादानशीन बासित अली क़ादरी ने नात शरीफ और मनकबत पाक पेश की। कार्यक्रम में सज्जादानशीन मुबारक कादरी, निज़ाम कादरी, आफताब कादरी, आबिद कादरी, इनायत कादरी और इद्रीस कादरी, अफजल कादरी ने हाज़रीन की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया। इस दौरान मुहम्मद अली राजा, असगर कादरी और शराफत कादरी, आशु कादरी ने तबरुक पेश किया। सायंकाल मग़रिब की नमाज़ के बाद सलातो-सलाम पेश किया गया। सज्जादानशीन इनायत कादरी ने बताया कि आगामी 16 अक्टूबर (जुमेरात) को ग्यारहवीं शरीफ के आखिरी मेले का आयोजन बड़े एहतेमाम के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर बाद नमाज जुहर सूफी संत सम्मेलन का भी आयोजन होगा।



---

# कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च मासूमों को दी श्रद्धांजलि



**जबलपुर।** छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप के कारण 16 मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत ने पूरे मध्य प्रदेश को गहरे शोक और आक्रोश में डुबो दिया है। इसी मामले में शहर जिला कांग्रेस कमेटी, जबलपुर ने गुरुवार को एक कैंडल मार्च का निकाला। यह कार्यक्रम सिविक सेंटर, जबलपुर में शाम 6 बजे शुरू हुआ। कांग्रेस पार्टी ने इस हादसे को स्वास्थ्य विभाग और सरकार की गंभीर लापरवाही का परिणाम बताया जा रहा है। वहीं कांग्रेस ने राज्य सरकार से मांग की कि जहरीले सिरप की बिक्री और निगरानी में हुई लापरवाही की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी दवा निर्माता कंपनी तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेसियों सहित नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, विधायक लखन घनघोरिया, वरिष्ठ नेता दिनेश यादव, मनोज नामदेव, प्रवीन्द्र सिंह चौहान, अनुज श्रीवास्तव, संजय जैन, सुरेंद्र तिवारी, सीताराम कोष्टा, पार्षद अयोध्या तिवारी, संतोष पंडा, हर्षित यादव, श्रीमति कमलेश यादव, एडवोकेट भावना निगम, देवकी पटेल, सहित नागरिक, छात्र, महिला मंडल, सामाजिक संगठन और पत्रकार शामिल हुए। सभी ने हाथों में मोमबत्तियाँ लेकर मासूम बच्चों की याद में श्रद्धांजलि दी और न्याय की आवाज़ बुलंद की।

---



**जबलपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) की मध्यप्रदेश राज्य इकाई द्वारा आज गुरूवार को भेड़ाघाट में भू-विरासत स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने तथा

# भेड़ाघाट में चला स्वच्छता अभियान

जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख वेणुधर बेहेरा ने बताया कि भेड़ाघाट एक प्रसिद्ध पर्यटक एवं भू-विरासत स्थल है, अतः स्वच्छता जागरूकता अभियान के लिए यह एक उपयुक्त स्थान है।

निदेशक तकनीकी समन्वय सुहेल अहमद ने अपने संबोधन में बताया कि भेड़ाघाट में प्रस्तावित जियोलॉजिकल पार्क देश का पहला एवं अनूठा जियोलॉजिकल पार्क होगा। यहाँ प्रदेश एवं देशभर में मिलने वाले चट्टानों के नमूने प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके स्थापित होने से देश-विदेश के पर्यटकों की आवाजाही में वृद्धि होगी। इसलिए इस राष्ट्रीय महत्व के स्थल पर स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि, भेड़ाघाट नगर परिषद की अधिशासी अभियंता सु निधि परोहा रहीं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित जियोलॉजिकल पार्क के बन जाने से युवाओं, शोधार्थियों एवं पर्यटकों को भूविज्ञान के अध्ययन एवं जानकारी का अधिक अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम में जीएसआई के सभी निदेशक, अधिकारी एवं कर्मचारी ने सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ व स्वैच्छिक श्रमदान के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन किया।

---

**कु सान्या भाई चौधरी-** मांडवा रामपुर निवासी श्री नरेश चौधरी की पुत्री कुमारी सान्या बाई चौधरी (16) का निधन हो गया । अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया ।

**श्री कैलाश पटेल-** पीएचई क्वार्टर्स ललपुर रोड गौरीघाट निवासी श्री कैलाश पटेल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री चैतन्य प्रमाणिक-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री चैतन्य प्रामाणिक (77) का निधन हो गया । अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रेमलाल रैकवार-** सदर मूसा गली निवासी श्री प्रेमलाल रैकवार (65) का निधन हो गया अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उदय भान-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड गौरीघाट रोड निवासी श्री सरमन के पुत्र उदय भान (45) का निधन हो गया अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई कुरील-** शंकरशाह नगर चौधरी मोहल्ला रामपुर निवासी श्री दमड़ी लाल कुरील की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई कुरील (72) का निधन हो गया अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्रिका प्रसाद यादव-** अधारताल जयप्रकाश नगर निवासी श्री चंद्रिका प्रसाद यादव (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई-** उदय नगर नंबर 1 व्हीकल रोड निवासी श्री रमेश कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मीबाई (75) का निधन हो गया।




अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सीता शरण-** बागड़ा दफाई पोलीपाथर निवासी श्री सीता शरण (75) का निधन हो गया अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती चैता बाई चक्रवर्ती-** खाई मोहल्ला हनुमानलाल निवासी श्री सुक्खू लाल चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती चैता बाई चक्रवर्ती का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री सचिन पासी-** शीतलामाई कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री दशरथ पासी के पुत्र सचिन पासी (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करिया पाथर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश रोहित-** बड़ी खेरमाई बकरा मार्केट के पास निवासी श्री प्रकाश रोहित (68) का निधन हो गया अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शकुन सोनकर-** तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री मंगल लाल सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक कुमार सोनकर-** छोटी ओमती स्थित छोटी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री अशोक कुमार सोनकर (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

# गोल्ड 'ईटीएफ' में भारत बना एशिया में नंबर वन, सितंबर में रिकॉर्ड रहा इनफ्लो

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत के गोल्ड ईटीएफ ने सितंबर में कमाल कर दिया। सोने के ये एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स यानी ईटीएफ ने पिछले महीने रिकॉर्ड 902 मिलियन डॉलर यानी करीब 7600 करोड़ रुपए का इनफ्लो हुआ है।

■ ये लगातार चौथा महीना जब रिकॉर्ड इनफ्लो हुआ

ये आंकड़ा अगस्त के मुकाबले 285 फीसदी ज्यादा है, और ये लगातार चौथा महीना है जब इनमें इनफ्लो अधिक रहा है। ये एशिया में अब तक का सबसे ऊंचा रिकॉर्ड है। उसके मुकाबले ये 285 फीसदी का उछाल है-यानी अगर अगस्त में 235 मिलियन डॉलर आया था, तो सितंबर ने उसे तीन गुना से ज्यादा कर दिया।

## ईटीएफ ने पिछले महीने रिकॉर्ड 7600 करोड़ रुपए का हुआ इनफ्लो

### क्या है गोल्ड ईटीएफ?

ये ऐसे फंड्स हैं जो सोने की कीमतों पर आधारित होते हैं। आप सीधे सोना खरीदने की बजाय स्टॉक एक्सचेंज पर इनके यूनिट्स खरीद लेते हैं। कोई लॉकर की टेंशन नहीं, कोई चोरी का डर नहीं, बस ऐप या ब्रोकर के जरिए ट्रेड करो। लोग महंगाई से बचने के लिए सोने को सेफ इनवेस्टमेंट मान रहे हैं। ग्लोबल अनिश्चितताएं, जैसे जियोपॉलिटिकल टेंशन या करेंसी की अस्थिरता, सब सोने को चमका रही हैं।




### भारत में रिकॉर्ड तोड़ गोल्ड ईटीएफ में निवेश

भारत के गोल्ड ईटीएफ ने सितंबर में अब तक का सबसे ज्यादा पैसा जुटाया, जिससे भारत को एशिया में पहला स्थान मिला है। ये निवेशकों की सोने के प्रति बढ़ती चाहत को भी दिखाता है। भारत के गोल्ड ईटीएफ में इस साल अब तक का निवेश रिकॉर्ड तोड़ चुका है। साल 2025 के जनवरी से लेकर अब तक, यानी ईयर-टू-डेट, इन फंड्स में 2.18 बिलियन डॉलर यानी करीब 18,094 करोड़ रुपए का इनफ्लो हो चुका है। ये अब तक किसी भी एक साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। तुलना करें तो 2024 में पूरे साल में 1.29 बिलियन डॉलर यानी लगभग 10,707 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था। 2023 में ये सिर्फ 310 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,573 करोड़ रुपये था, और 2022 में तो महज 33 मिलियन डॉलर यानी 274 करोड़ रुपये ही आया था। ये आंकड़े दिखाते हैं कि भारतीय निवेशकों का सोने पर भरोसा तेजी से बढ़ रहा है।

### *गोल्ड ईटीएफ में 2.1 बिलियन डॉलर का निवेश*

*पूरे एशिया में गोल्ड ईटीएफ में 2.1 बिलियन डॉलर करीब 17,700 करोड़ रुपए का निवेश आया, जिससे तिमाही का अंत अच्छे नोट पर हुआ। सबसे ज्यादा योगदान चीन का रहा, जहां 622 मिलियन डॉलर यानी लगभग 5,200 करोड़ रुपए का इनफ्लो हुआ। जापान में 415 मिलियन डॉलर करीब 3,500 करोड़ रुपए का इनफ्लो हुआ।*

### *जर्मनी ने 6800 करोड़ रुपए का इनफ्लो बनाया*

*दुनिया भर में सोने के ईटीएफ में अच्छा-खासा निवेश हुआ है। जर्मनी ने सबसे आगे रहते हुए 811 मिलियन डॉलर यानी करीब 6,800 करोड़ रुपए का इनफ्लो रिकॉर्ड किया। कनाडा ने 301 मिलियन डॉलर यानी लगभग 2,500 करोड़ रुपए डाले है। इटली ने 234 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,000 करोड़ रुपए का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 182 मिलियन डॉलर यानी 1,500 करोड़ रुपए और साउथ कोरिया ने 165 मिलियन डॉलर यानी 1,400 करोड़ रुपए का निवेश किया। ये आंकड़े दिखाते हैं कि सोना निवेशकों का फेवरेट बना हुआ है।*

## खबर संक्षेप

### रुपया चार पैसे टूटकर 88.79 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** डॉलर की मज़बूत मांग और भारत-अमेरिका के बीच चल रहे व्यापारिक तनाव के कारण निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित रहने से रुपया मामूली नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करते हुए अपने सर्वकालिक निचले स्तर के आसपास मंडराता रहा, अंत में चार पैसे की गिरावट के साथ 88.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### एलिस्टा ने वॉटर प्यूरीफायर बाजार में किया प्रवेश




**नई दिल्ली।** टेक्नोडोम समूह की इकाई एलिस्टा, जो उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरण ब्रांड क्षेत्र में काम करती है, ने वॉटर प्यूरीफायर खंड में प्रवेश की घोषणा की। इस खंड में हाल के वर्षों में तेज़ वृद्धि देखी जा रही है। कंपनी के अनुसार, इसने 'अमृत'' और 'शुद्ध'' - दो एल्कलाइन वॉटर प्यूरीफायर पेश किए हैं, जो लक्जरी और आधुनिक रसोई के पूरक हैं।

### अमेजन इंडिया पर खरीदी जा सकेगी रॉयल एनफील्ड

**नई दिल्ली।** प्रीमियम मोटर साइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की 350 सीसी की सभी मोटरसाइकिल अब ऑनलाइन ई-कॉमर्स मंच अमेजन से खरीदी जा सकेंगी। कंपनी ने बयान में कहा कि फिलहाल पांच प्रमुख शहरों अहमदाबाद, चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली और पुणे के ग्राहकों के लिए ही यह सेवा शुरू की गई है।

### सोल वेलनेस का तनाव पता करेगा एआई उपकरण

**नई दिल्ली।** तनाव प्रबंधन समाधान उपलब्ध कराने वाली सोल वेलनेस ने यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस में ''स्ट्रेफी'' नामक देश का पहला कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित उपकरण पेश किया। कंपनी का दावा है कि यह उपकरण तनाव का पता लगाने, मापने और उसका प्रबंधन करने में मददगार है। सोल वेलनेस ने बयान में कहा,''स्ट्रेफी''एक अत्याधुनिक उपकरण है जो तनाव की पहचान, मूल्यांकन और प्रबंधन के तरीके में मूलभूत बदलाव लाता है।

### सलमान ने जेराई फिटनेस के साथ निपटाया मामला

**नई दिल्ली।** अभिनेता सलमान खान ने 7.24 करोड़ रुपये से अधिक के विवाद का निपटान करने के बाद, जेराई फिटनेस के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण में दायर अपनी दिवाला याचिका वापस ले ली है। सलमान खान के वकील ने एनसीएलएटी के समक्ष कहा कि सहमति की शर्तों के अनुसार डिमांड ड्राफ्ट उन्हें सौंप दिया गया है उन्होंने अपील वापस लेने की अनुमति देने का आग्रह किया। चेयरपर्सन न्यायमूर्ति अशोक भूषण और सदस्य अरुण बरोका की दो सदस्यीय पीठ ने सलमान खान और जेराई फिटनेस के बीच हस्ताक्षरित सहमति की शर्तों को रिकॉर्ड में लिया और बॉलीवुड अभिनेता को अपनी अपील वापस लेने की अनुमति दे दी।

### भारत में गुणवत्ता वाली सेवा देने स्टारलिंक उत्साहितः अधिकारी

**नई दिल्ली।** स्टारलिंक भारत में उपग्रह संचार पर आधारित ब्रॉडबैंड सेवा शुरू करने को लेकर उत्साहित है और वह एक सुरक्षित, नियमों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता वाली ब्रॉडबैंड सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्टारलिंक भारत में इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि जो यह विकल्प अपनाने वाले भारतीयों को सुरक्षित और बेहतरीन अनुभव प्रदान किया जा सके। उनकी यह टिप्पणी इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि भारत में उपग्रह संचार सेवाओं की शुरुआत को लेकर लोगों में उत्साह तेजी से बढ़ रहा है। इस क्षेत्र में अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की स्टारलिंक, भारती समूह की यूटेलसैट वनवेब और रिलायंस जियो-एसईएस जैसी बड़ी कंपनियां सक्रिय रूप से भाग लेने की तैयारी कर रही हैं।

# टीसीएस से 6,000 कर्मचारियों को निकाला गया, बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए जा रहे आंकड़े

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश की प्रमुख आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने कुल कार्यबल का एक प्रतिशत यानी 6,000 लोगों को नौकरी से हटाया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुदीप कुन्नुमल ने यह भी कहा कि इस बारे में आंकड़ों को काफी बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है।

अधिकारी ने ऐसे आंकड़ों पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया। यह पूछे जाने पर कि 50,000 से 80,000 लोगों की छंटनी की आशंका जतायी जा रही है, कुन्नुमल ने कहा, ये आंकड़े तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। इसे बेहद बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और इसपर ध्यान देने की जरूरत नहीं है।

### पहली तिमाही में संख्या 6,13,069 थी

इस बीच, आईटी कर्मचारियों के संघ, नैसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट (एनआईटीईएस) ने एक बयान में कहा कि टीसीएस ने आधिकारिक तौर पर वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 5,93,314 होने की सूचना दी है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में यह संख्या 6,13,069 थी। संगठन ने कहा, ''यह सिर्फ एक तिमाही में 19,755 कर्मचारियों की कमी को बताता है।''

### मध्य व वरिष्ठ स्तर पर एक फीसदी लोग हटाए गए

कुन्नुमल ने कहा, ''आज हम जिस समय बात कर रहे हैं, उस समय हमने मध्य और वरिष्ठ स्तर पर लगभग एक प्रतिशत लोगों को हटाया है। उन्हें हम सही भूमिका में दोबारा नियुक्त नहीं कर पाए। यह पूछे जाने पर कि क्या एक प्रतिशत का मतलब सिर्फ 6,000 लोग ही हैं, कुन्नुमल ने कहा, ''हां, मध्यम और वरिष्ठ स्तर पर यह सही है।''

**40,000 से अधिक नियुक्तियों का लक्ष्य :** यह पूछे जाने पर कि क्या टीसीएस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 40,000 से अधिक नियुक्तियों के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगी (जैसा कि जुलाई में उल्लेख किया गया है) या वैश्विक बाजार की स्थितियों को देखते हुए संख्या को संशोधित किया गया है, उन्होंने कहा, ''मैं आपको कोई संख्या नहीं देना चाहता... कारोबार की मांग के आधार पर, हम अपने संगठन की यात्रा को आकार देने के लिए अच्छी प्रतिभा लाने का प्रयास करेंगे।' कंपनी ने अभी-अभी समाप्त हुई तिमाही में 18,500 लोगों को नियुक्त किया है।

## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस. ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स ए.व्ही.पी. सिंह, संचालक श्री अजेत प्रताप सिंह, घुटिया स्टोन ( Used for Crusher As Gitti ) मुरूम, एम-सेन्ड क्वारी लीज माईनिंग ऑफ मिनरल्स खसरा नं. 7/2, ग्राम घुटिया, तहसील एवं जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 3.80 हेक्टेयर, माईनिंग ऑफ मिनरल्स उत्खनन क्षमता-27,042 घनमीटर प्रतिवर्ष ( स्टोन ), 18,028 घनमीटर प्रतिवर्ष ( एम-सेन्ड ), 6,355 घनमीटर प्रतिवर्ष, ( मुरूम ), हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई. ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में सॉफ्ट कॉपी सहित का अवलोकन ( 1 ) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर ( 2 ) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर, ( 3 ) कार्यालय जिला व्यापार एवं उधोग केन्द्र, जबलपुर, ( 4 ) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम तिखारी, तहसील एवं जिला जबलपुर ( 5 ) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल ( 6 ) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल एवं ( 7 ) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लॉट नं 455/456 विजयनगर, जबलपुर मु कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइट www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर ( म.प्र. ) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 14/11/2025 दिन शुकवार को प्रातः 11:00 बजे मेसर्स ए.व्ही.पी. सिंह, संचालक श्री अजेत प्रताप सिंह, घुटिया स्टोन ( Used for Crusher As Gitti ) मुरूम, एम-सेन्ड क्वारी लीज ग्राम घुटिया, तहसील एवं जिला जबलपुर, के खदान परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**

## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स बृजेश अग्रवाल ऐंठाखेड़ा डोलोमाईट एण्ड सोपस्टोन माईन, खसरा नं. 30, 41, ग्राम ऐंठाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 2.86 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता माईनिंग ऑफ मिनरल्स 10,881 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुकम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई. ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में सॉफ्ट कॉपी सहित का अवलोकन ( 1 ) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर ( 2 ) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर, ( 3 ) कार्यालय जिला व्यापार एवं उधोग केन्द्र जबलपुर, ( 4 ) ग्राम पंचायत ग्राम ऐंठाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर ( 5 ) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल ( 6 ) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल एवं ( 7 ) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लॉट नं 455/456 विजयनगर जबलपुर मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइट www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर, जबलपुर ( म.प्र. ) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 12/11/2025 दिन बुधवार को प्रातः 02:00 बजे मेसर्स बृजेश अग्रवाल ऐंठाखेड़ा डोलोमाईट एण्ड सोपस्टोन माईन, ग्राम ऐंठाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर, के खदान परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**

## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत श्रीमती सुनीता सिंह W/o स्व. श्री व्ही.पी. सिंह, घुटिया क्रेशर स्टोन क्वारी, माईनिंग ऑफ मिनरल्स खसरा नं. 8/8. ग्राम घुटिया, तहसील एवं जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 2.0 हेक्टेयर, माईनिंग ऑफ मिनरल्स उत्खनन क्षमता-26,988 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में सॉफ्ट कॉपी सहित का अवलोकन ( 1 ) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर ( 2 ) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर, ( 3 ) कार्यालय जिला व्यापार एवं उधोग केन्द्र जबलपुर, ( 4 )कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम तिखारी, तहसील एवं जिला जबलपुर ( 5 ) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल ( 6 ) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल एवं ( 7 ) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लॉट नं 455/456 विजय नगर, जबलपुर में कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइट www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर ( म.प्र. ) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 14/11/2025 दिन शुकवार को दोपहर 02:00 बजे श्रीमती सुनीता सिंह W/o स्व. श्री व्ही. पी. सिंह, घुटिया क्रशर स्टोन क्वारी, माईनिंग ऑफ मिनरल्स, ग्राम घुटिया, तहसील एवं जिला जबलपुर, के खदान परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**

## पश्चिम मध्य रेल

**इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना कमांकः** डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी-144-2025 दिनांक 06.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडलीय अभियंता (मुख्यालय)/जबलपुर के अधिकारी क्षेत्र के अंतर्गत शेष दो विविध कार्य। भाग-A: जबलपुर स्थित लोको तलैया एवं बजरंग कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टरों की सीवर लाइन, सेप्टिक टैंक, दरवाजे, खिड़कियाँ, मच्छरदानी, ग्रिल तथा फ्लोरिंग आदि में सुधार कार्य। भाग-B: सहायक मंडलीय अभियंता (मुख्यालय)/जबलपुर उपमंडलः आर.वी.-I वजरंग कॉलोनी तथा आर.वी.-III सौरभ कॉलोनी के स्टाफ क्वार्टरों मे सुधार कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 2,46,90,984/-, **बयाना राशि रुपयेः** 2,73,500/-, **निविदा सूचना कमांकः** डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी-145-2025 दिनांक 06.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** मदनमहलः मदनमहल स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या-1 की ओर 1.00 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले एस.टी.पी. (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) की व्यवस्था।, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 1,30,52,944/-, **बयाना राशि रुपयेः** 2,15,300/- , **निविदा सूचना कमांकः** डी.आर.एम डब्ल्यू-जे.बी.पी-145-2025 दिनांक 07.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** बचे हुए कार्यो को पूरा करनाः- i. वरि. मंडल अभियंता (उतर) जबलपुर सेक्शन के अंतर्गत कटनी-सतना पर 38 नं (1 में 12-33 नं और 1 में 8.5-5 नं) थ्रू टर्नआट रिन्यूवल और 12 नं (1 में 12) टर्नआउट के थ्रू स्लीपर रिन्यूवल का कार्य, ii. वरि. मंडल अभियंता (उतर) जबलपुर सेक्शन के अंतर्गत सतना-मानिकपुर एवं सतना-रीवा पर 65 न. (1 में 12) थ्रू टर्नआउट रिन्यूवल ओर 14 न. (1 में 12) टर्नआउट के थ्रू स्लीपर रिन्यूवल का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** 3,00,79,898/-, **बयाना राशि रुपयेः** 3,00,400/- , **सभी निविदा की समापन अवधिः** 12 माह, **सभी निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तकः** 31/10/2025, **सभी निविदा खुलने का समय 15:15 बजे तिथिः** 31/10/2025, उपरोक्त ई-निवदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://ireps.gov.in उपलब्ध है। एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई हैं ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

हस्ता.

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक / 4813/भू.अर्जन/2025

**प्रारंभिक अधिसूचना**

सिवनी दिनांक 30/09/2025

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (14) में उल्लेखित वर्णित भूमि की शेर सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना के के बांध क्रमांक 4 के निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार एतद् द्वारा सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि, राज्य शासन इसके द्वारा कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 चौरई जिला छिंदवाडा को संबंधित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 12 मे दी गई शक्तियों के प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है। -अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 6 के अंतर्गत सिचाई परियोजनाओं की बाबत जहां तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधो के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण उपबंध लागू नहीं होगे। उपरोक्त के संबंध में पर्यावरण स्वीकृति प्रस्ताव क्रमाक SIA/MP/RIV/544816/2025 राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की गई है। अतः अधिनियम की धारा 11 (3) के अंतर्गत सामाजिक सामाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नही किया जा रहा है। अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है :-

1- ग्राम का नामः- पिंडरई प.ह.नं.57 रा.नि.म. :-आदेगांव तहसीलः-लखनादौन जिलाः-सिवनी 2-अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफलः-5.53 हेक्टेयर

| स. क्र. | सर्वेक्षण संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्र. हे. में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाऐं: उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | वृक्ष: किस्म | संख्या | संरचनाऐं: प्रकार | प्लिथ एरिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | 279 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.15 | दिमाक पिता करिया जाति मेहरा पता पिंडरई लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 278 की भूमि | खसरा 230 की भूमि | खसरा 278 की भूमि | खसरा 320 की भूमि | - | - | कच्चा कुआ 1 | - |
| 2 | 276/4 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.05 | धर्मेन्द्र साहू पुत्र हरिराम साहू जाति तेली पता आदेगांव लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश 480887 भूमिस्वामी | खसरा 276/2 की भूमि | खसरा 278 की भूमि | खसरा 276/3 की भूमि | खसरा 278 की भूमि | - | - | - | - |
| 3 | 276/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 1.66 | समलू, धनसिंग, टीकाराम, रामदास पिता डब्बल, सुदामा, सनोबाई पुत्री डब्बल, श्यामकुँवर बेवा कोदु, रेवती पुत्री नन्हऊ, जाति मेहरा पता पिंडरई, लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 274 की भूमि | खसरा 269 की भूमि | खसरा 277 की भूमि | खसरा 275 की भूमि | - | - | - | - |
| 4 | 331/1 | भूमिस्वामी | कृषि | 3.00 | | खसरा 278 की भूमि | खसरा 320 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | खसरा 329 की भूमि | - | - | [illegible] | - |
| 5 | 331/2 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.48 | मेमलाल पिता केस, जाति गौड पता पिंडरई लखनादौन जिला सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 278 की भूमि | खसरा 320 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | खसरा 329 की भूमि | बेर बबूल | 1 1 | - | - |
| 6 | 331/3 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.16 | | खसरा 238 की भूमि | खसरा 320 की भूमि | खसरा 1 की भूमि | खसरा 329 की भूमि | - | - | - | - |
| 7 | 330 | भूमिस्वामी | कृषि | 0.03 | श्वामी पिता अध्धन, जाति गोड़ पता पिंडरई लखनादौन जिला सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | खसरा 329 की भूमि | खसरा 320 की भूमि | खसरा 329 की भूमि | खसरा 329 की भूमि | - | - | - | - |
| कुल योगः- | | | | 5.53 | | | | | | वृक्ष | 2 | कच्चा कुआ 2 कच्चा मकान 4 | |

1. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान ) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान ) का निरीक्षण कार्यालय कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन बांध जल संसाधन संभाग क्रमांक 1 चौरई जिला छिंदवाडा के कार्यालय में किया जा सकता है। 3. अधिनियम की धारा 11 ( 4 ) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नही करेगा या कोई भी संव्यवहार नही होने देगा अर्थात क्रय / विक्रय आदि नही करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नही करेगा। 4.अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति " भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 15 ( 1 ) के अधीन इस अधिसूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप यदि कोई हो, फाईल किए जा सकेगे।

(संस्कृति जैन)

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव

मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)

G-19750/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग क्रमांक 01 छिन्दवाड़ा

email-eereschhindwara@mp.gov.in

कमांक / 1527 / निविदा / ग्रायासे / 2025

छिन्दवाड़ा, दिनांक 03/10 /2025

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02 / 2025-26**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक 01 छिन्दवाड़ा के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की दिनांक 11.04. 2022 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) प्रतिशत दर पर तालिका के कॉलम क्रमांक 5 में अंकित पीएसी अनुसार 02 लिफाफा पद्धति में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 में निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियां आनलाईन देखी जा सकती है। पृथक से प्रकाशित नही की जाएगी। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर न. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा लागत पीएसी (लाखों में) | अमानत राशि( रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि (वषार्काल सहित) | आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_RES_455828 | शासकीय हाई स्कूल हीरावाड़ी में फिजिक्स लैब निर्माण कार्य ग्राम हीरावाड़ी | मोहखेड़ | 14.84 | 29680.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 2 | 2025_RES_455829 | शासकीय हाई स्कूल हीरावाड़ी में कैमेस्ट्री लैब निर्माण कार्य ग्राम हीरावाड़ी | मोहखेड़ | 15.41 | 30820.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 3 | 2025_RES_455830 | शासकीय हाई स्कूल हीरावाड़ी में बॉयोलॉजी लैब निर्माण कार्य ग्राम हीरावाड़ी | मोहखेड़ | 14.84 | 29680.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 4 | 2025_RES_455832 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल महलपुर में फिजिक्स लैब निर्माण कार्य ग्राम महलपुर | मोहखेड़ | 14.84 | 29680.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 5 | 2025_RES_455833 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल महलपुर में कैमेस्ट्री लैब निर्माण कार्य ग्राम महलपुर | मोहखेड़ | 15.41 | 30820.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 6 | 2025_RES_455834 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल महलपुर में बॉयोलॉजी लैब निर्माण कार्य ग्राम महलपुर | मोहखेड़ | 14.84 | 29700.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 7 | 2025_RES_455835 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पालाखेड में फिजिक्स लैब निर्माण कार्य ग्राम पालाखेड़ | मोहखेड़ | 14.84 | 29680.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 8 | 2025_RES_455836 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पालाखेड में कैमेस्ट्री लैब निर्माण कार्य ग्राम पालाखेड़ | मोहखेड़ | 15.41 | 30820.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 9 | 2025_RES_455837 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पालाखेड में बॉयोलॉजी लैब निर्माण कार्य ग्राम पालाखेड़ | मोहखेड़ | 14.85 | 29700.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 10 | 2025_RES_455838 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अतरवाड़ा में फिजिक्स लैब निर्माण कार्य ग्राम अतरवाड़ा | छिन्दवाड़ा | 14.84 | 29680.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 11 | 2025_RES_455839 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अतरवाड़ा में कैमेस्ट्री लैब निर्माण कार्य ग्राम अतरवाड़ा | छिन्दवाड़ा | 15.41 | 30820.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 12 | 2025_RES_455840 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अतरवाड़ा में बॉयोलॉजी लैब निर्माण कार्य ग्राम अतरवाड़ा | छिन्दवाड़ा | 14.85 | 29700.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 13 | 2025_RES_455841 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल उभेगांव में फिजिक्स लैब निर्माण कार्य ग्राम उभेगांव | छिन्दवाड़ा | 14.84 | 29680.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 14 | 2025_RES_455843 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल उभेगांव में कैमेस्ट्री लैब निर्माण कार्य ग्राम उभेगांव | छिन्दवाड़ा | 15.41 | 30820.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 15 | 2025_RES_455844 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल उभेगांव में बॉयोलॉजी लैब निर्माण कार्य ग्राम उभेगांव | छिन्दवाड़ा | 14.84 | 29680.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 16 | 2025_RES_455845 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रामाकोना में फिजिक्स लैब निर्माण कार्य ग्राम रामाकोना | सौंसर | 14.84 | 29680.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 17 | 2025_RES_455847 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रामाकोना में कैमेस्ट्री लैब निर्माण कार्य ग्राम रामाकोना | सौंसर | 15.41 | 30820.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 18 | 2025_RES_455849 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रामाकोना में बॉयोलॉजी लैब निर्माण कार्य ग्राम रामाकोना | सौंसर | 14.84 | 29700.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 19 | 2025_RES_455850 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिवनी में फिजिक्स लैब निर्माण कार्य ग्राम सिवनी | पान्दुर्णा | 14.84 | 29680.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 20 | 2025_RES_455852 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिवनी में कैमेस्ट्री लैब निर्माण कार्य ग्राम सिवनी | पान्दुर्णा | 15.41 | 30820.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 21 | 2025_RES_455853 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिवनी में बॉयोलॉजी लैब निर्माण कार्य ग्राम सिवनी | पान्दुर्णा | 14.84 | 29700.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 22 | 2025_RES_455855 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल नांदनवाड़ी में फिजिक्स लैब निर्माण कार्य ग्राम नांदनवाड़ी | पान्दुर्णा | 14.84 | 29680.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 23 | 2025_RES_455856 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल नांदनवाड़ी में कैमेस्ट्री लैब निर्माण कार्य ग्राम नांदनवाड़ी | पान्दुर्णा | 15.41 | 30820.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 24 | 2025_RES_455857 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल नांदनवाड़ी में बॉयोलॉजी लैब निर्माण कार्य ग्राम नांदनवाड़ी | पान्दुर्णा | 14.85 | 29700.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 25 | 2025_RES_455859 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पाठई में फिजिक्स लैब निर्माण कार्य ग्राम पाठई | पान्दुर्णा | 14.84 | 29680.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 26 | 2025_RES_455860 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पाठई में कैमेस्ट्री लैब निर्माण कार्य ग्राम पाठई | पान्दुर्णा | 15.41 | 30820.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 27 | 2025_RES_455862 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पाठई में बॉयोलॉजी लैब निर्माण कार्य ग्राम पाठई | पान्दुर्णा | 14.85 | 29700.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 28 | 2025_RES_455864 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खिरेटी में फिजिक्स लैब निर्माण कार्य ग्राम खिरेटी | अमरवाड़ा | 14.84 | 29680.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 29 | 2025_RES_455866 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खिरेटी में कैमेस्ट्री लैब निर्माण कार्य ग्राम खिरेटी | अमरवाड़ा | 15.41 | 30820.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 30 | 2025_RES_455867 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खिरेटी में बॉयोलॉजी लैब निर्माण कार्य ग्राम खिरेटी | अमरवाड़ा | 14.85 | 29700.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 31 | 2025_RES_455868 | शासकीय हायर सेकेण्डरीस्कूल सोनपुर में फिजिक्स लैब निर्माण कार्य ग्राम सोनपुर | अमरवाड़ा | 14.84 | 29680.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 32 | 2025_RES_455871 | शासकीय हायर सेकेण्डरीस्कूल सोनपुर में कैमेस्ट्री लैब निर्माण कार्य ग्राम सोनपुर | अमरवाड़ा | 15.41 | 30820.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |
| 33 | 2025_RES_455877 | शासकीय हायर सेकेण्डरीस्कूल सोनपुर में बॉयोलॉजी लैब निर्माण कार्य ग्राम सोनपुर | अमरवाड़ा | 14.84 | 29700.00 | 2000.00 | 120 दिवस | प्रथम |

1. निविदा संबंधित तिथियाँ:-:- (Key Dates)
2- Date of Publishing of Tender / Document Download /Sale Start Date - 13 10.2025 (11:00AM)
3- Technical Bid Submission & Date - 24 10.2025 ( 06:00PM)
4- Bid Openning - 27.10.2025 (11:00AM)

बिड जमा करते समय प्रस्तुत किये जाने वाले अनिवार्य दस्तावेज Cover लिफाफा - अ
1. जीवित केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रमाण पत्र
2. जीवित जीएसटी प्रमाण पत्र
3. पैन कार्ड की प्रति
4. पोर्टल से ऑन लाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की ई- रिसिप्ट ( स्व प्रमाणित )
5. शपथ पत्र राशि रू0 100 / - की मूल प्रति स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है। (मय नोटरी) प्रत्येक कार्य के लिये पृथक-पृथक प्रोफार्म - वी ( Annexure-B)
6- ठेकेदार / फर्म का विवरण ( Annexure-H)
7. अमानत राशि (एफडीआर) ऑन लाईन के रूप में मान्य रहेगी जो कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कमांक-1 छिन्दवाड़ा के पक्ष में देय हो कि ई- रिसिप्ट
8. कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन Cover लिफाफा-C निविदाकार द्वारा निविदा दर जो कि ऑन लाईन ही प्रस्तुत करनी होगी।

कार्यपालन यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग क्रमांक एक छिन्दवाड़ा

G-19747/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## चिंतन

# अफगान विदेश मंत्री के भारत आने के मायने

एक ही दिन में दो खबरें आईं, दोनों का मजबून अलग-अलग है, लेकिन मूल एक ही है। पहली खबर है कि अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पत्र लिखकर आगाह किया है कि भारत से तुरंत संबंधों को सुधारें नहीं तो वो रूस और चीन के नजदीक चला जाएगा। दूसरी खबर है कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी भारत दौरे पर पहुंचे। हालांकि भारत ने अभी तक अफगान की तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। इसके बावजूद दोनों देशों के रिश्तों में लगातार सुधार हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस तरह अफगान की तालिबान सरकार भारत के समर्थन में खड़ी हुई, उसे पूरी दुनिया ने देखा। भारत ने भी क्रिकेट से लेकर निर्माण तक में अफगान की मदद की। भारत, पाकिस्तान को अलग-थलग करने की रणनीति पर काम कर रहा है। अब अफगानिस्तान के करीब आने से साउथ एशिया में भारत की स्थिति मजबूत होगी। भारत दौरे से पहले अफगानी मंत्री रूस की राजधानी मॉस्को भी पहुंचे। यहां वे 'मॉस्को फॉर्मेट कंसल्टेशन' की बैठक में शामिल हुए, जिसमें भारत उनके सपोर्ट में दिखा। भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस प्लान का विरोध किया है, जिसमें उन्होंने अफगानिस्तान से बगराम एयरबेस वापस लेने की बात कही थी। 2021 में अमेरिका के अफगानिस्तान छोड़ने और तालिबान की सरकार बनने के बाद भारत ने काबुल में अपना दूतावास बंद कर दिया था। तब से दोनों देशों के बीच कोई औपचारिक रिश्ता नहीं रहा। भारत ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को ऑफिशियली मान्यता भी नहीं दी है। हालांकि भारत लंबे वक्त से अफगानिस्तान के साथ बैकडोर डिप्लोमेसी करता रहा है। अब तालिबान सरकार के करीब 5 साल के शासन के बाद विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी भारत दौरे पर हैं। माना जा रहा है कि उनकी विदेश मंत्री एस.जयशंकर से भी मुलाकात होगी, जिसमें दोनों के देशों के संबंधों के अलावा अफगान को मान्यता देने पर भी बात होगी। इससे साफ संदेश जाता है कि भारत अब तालिबान सरकार को गंभीरता से ले रहा है और उसे अफगानिस्तान के प्रतिनिधि संस्था के तौर पर स्वीकार कर रहा है। भारत को ये अंदाजा हो गया है कि तालिबान अफगानिस्तान में लंबे वक्त तक रह सकता है इसलिए उनके साथ बातचीत जरूरी है। ऐसा लग रहा है कि अफगानिस्तान में आंतरिक संघर्ष खत्म हो चुका है और तालिबान की सत्ता को स्वीकार कर लिया गया है। अब ऐसा तालिबान सत्ता में आया है, जो करीब-करीब सारे गुटों को साथ लेकर चल रहा है। इससे पहले हामिद करजई की सरकार थी। उसके बारे में यही कहा जाता था कि वो काबुल के चेयरमैन हैं, उससे ज्यादा कुछ नहीं। वो पूरी तरह से विदेशी सहायता पर निर्भर थे। इसी के चलते पाकिस्तान को अफगान में दखल का मौका मिल रहा था। अब तालिबान सरकार पूरी तरह से एकजुट दिख रही है। इसके चलते पाक को अफगान से सीधा मुकाबला भी मिल रहा है। अब जबकि अफगानी विदेश मंत्री भारत दौरे पर है तो पाकिस्तान की नींद खराब होना तय है। वहीं, अफगान के जिस बगराम एयरबेस को वापस लेने का भारत ने विरोध किया है, उस पर चीन और पाकिस्तान ने भी भारत का समर्थन करके अमेरिका की नींद उड़ा दी है। अमेरिका को लग रहा है कि अगर भारत से संबंधों में सुधार नहीं किया गया तो साउथ एशिया में उसके लिए हालात विकट हो सकते हैं। भारत के मुकाबले कमजोर पाकिस्तान पर भरोसा करना उसे महंगा पड़ सकता है। चीन पहले से ही अमेरिका को आंखें दिखा रहा है।

# बढ़ती दुश्वारियां बनी किसानों की नियति



प्राकृतिक आपदा
अखिलेश आर्येन्दु

> इस साल बरसात से जान-माल, बादल फटने और बाढ़ से जो नुकसान हुआ, इसका अभी सरकारी अनुमान लगाया जा रहा है। खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के कारण दुनियाभर के किसानों के ऊपर हर साल आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक असर पड़ रहा है। इससे वह कई बीमारियों के चपेट में आ जाता है। यह चपत किसान को बर्बादी के कगार पर खड़ा होने के लिए मजबूर कर रही है। किसानों पर पड़ रही यह भयंकर मार वैश्विक स्तर पर कृषि-क्षेत्र के वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद के करीब पांच फीसदी है। गौरतलब है प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं पिछले तीस वर्षों में तेजी से बढ़ी हैं जो चिंता पैदा करने वाली हैं।

इस साल पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उतराखंड, उत्तर प्रदेश, असम, राजस्थान, दिल्ली सहित दक्षिण के तमाम राज्यों में औसत से ज्यादा बरसात हुई है। इसकी वजह से सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में आ गये और हजारों हेक्टेयर खरीफ की फसल बर्बाद हो गई। लाखों-करोड़ों के नुकसान का अनुमान है। पहाड़ी राज्यों में बादल फटने की घटनाओं से जान-माल का नुकसान तो हुआ ही, लाखों हेक्टेयर खेत में खड़ी फसल व फल बर्बाद हो गए। केंद्र ने पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित अतिवृष्टि व बाढ़ प्रभावित राज्यों को राहत कार्यों और लोगों के क्षतिग्रस्त मकान–दुकानों के लिए जरूरी राहत धनराशि मुहैया कराई है, जिससे उनको फिर से बगैर जोखिम उठाए बरसात से हुए नुकसान से उबारा जा सके। फिर भी, किसानों को इससे थोड़ी ही राहत हुई है। जितना नुकसान हुआ और परिवार को जो पीड़ाएं और परेशानियां हुई, उनको समझने वाला कोई नहीं है। इसे किसानों की नियति कहेंगे या कुछ और। एक समस्या खत्म नहीं होती, दूसरी सामने मुंह बाए खड़ी दिखती है।

पिछले साल वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन (डब्ल्यू.डब्ल्यू.ए) और क्लाईमेट सेंट्रल की संयुक्त रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। इसके मुताबिक मानव-जनित जलवायु परिवर्तन की वजह से उच्च तापमान के कारण 2024 में बाढ़ तूफान, सूखा, जंगल की आग और गर्मी की लहरों का आगाज लगातार बना रहा। रिपोर्ट के मुताबिक 24 मौसम घटनाओं में 3,700 लोगों की मौत हुई और लाखों लोग विस्थापित हुए। इस रिपोर्ट से समझा जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन कितना खतरनाक है। इस साल बरसात से जान-माल, बादल फटने और बाढ़ से जो नुकसान हुआ, इसका अभी सरकारी अनुमान लगाया जा रहा है। खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के कारण दुनियाभर के किसानों के ऊपर हर साल आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक असर पड़ रहा है। इससे वह कई बीमारियों के चपेट में आ जाता है। यह चपत किसान को बर्बादी के कगार पर खड़ा होने के लिए मजबूर कर रही है। किसानों पर पड़ रही यह भयंकर मार वैश्विक स्तर पर कृषि-क्षेत्र के वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद के करीब पांच फीसदी है। गौरतलब है प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं पिछले तीस वर्षों में तेजी से बढ़ी हैं जो चिंता पैदा करने वाली हैं। ऋतु-चक्र में आया यह बदलाव कई तरह की दुश्वारियां, संकट, परेशनियां और बीमारियां पैदा कर रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के प्राकृतिक कारणों से दुनिया में तमाम तरह की दुश्वारियां, बीमारियां, संकट और ऋतु-चक्र में अनुमान से ज्यादा बदलाव देखे जा रहे हैं। जो प्राकृतिक कारण जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दे रहे हैं उनमें वायु प्रदूषण, सूर्य में परिवर्तन, ज्वालामुखियों में उत्सर्जन और लगातार कार्बन डाइऑक्साइड के बढ़ते जाना, जीवाश्म ईंधन का अधिक मात्रा में जलना, वनों की कटाई, पहाड़ों का लगातार क्षरण, औद्योगिक-क्षेत्र से लगातार बढ़ता जहरीला कचरा, खेती प्राणालियों से ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ते जाना और वाहनों की बढ़ती तादाद प्रमुख है। इतनी सारी वजहों के अलावा लगातार युद्धों से जहरीली गैसों का उत्सर्जन, परमाणु कचरा, प्लास्टिक व माइक्रोप्लास्टिक भी ऋतु-चक्र और मौसम का लगातार



बेईमान होने की वजह बन रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन ग्रीन हाउस गैसों की वजह से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या लगातार बढ़ रही है। सवाल यह है जलवायु परिवर्तन के दौर में ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से हुए जान-माल और खेती-बागवानी के नुकसान का रहनुमा कौन है? और सवाल यह भी है जिस किसान के ऊपर अन्न, सब्जी, फल, दूध, ऊन पैदा करने की जिम्मेदारी है उस किसान की हालात कब तक ऐसी बनी रहेगी? क्या सरकारी राहत से किसानों के नुकसान की पूरी भरपाई हो पाती है? भारत में तो नहीं होती। जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर किसानों पर हुआ है। कृषि-क्षेत्र में किसानों की रुचि वैश्विक स्तर पर लगातार कम हो रही है। एफएओ के आंकड़े बताते हैं कि पिछले 23 वर्षों में कृषि में श्रम बल 40 से घटकर 26 फीसदी पहुंच गया। आंकड़े के अनुसार जहां साल 2000 में करीब 102.7 करोड़ लोग यानी वैश्विक श्रम बल का करीब 40 फीसदी हिस्सा कृषि से जुड़ा था, वह 2021 में घटकर महज 26 फीसदी ही रह गया। यानी अब केवल 87.3 करोड़ से कम लोग अपनी जीविका के लिए खेती पर निर्भर हैं। भारत में जिस तेजी से लोगों में खेती-बागवानी और पशुपालन में रुचि और रोजगार की निर्भरता लगातार कम हो रही है, भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए बहुत चिंता की बात है। खाद्य एवं कृषि संगठन की नई स्टैटिस्टिकल ईयर बुक : वर्ल्ड फूड एंड एग्रीकल्चर 2023 के अनुसार 1991 से 2021 के दौरान किसानों को बाढ़, तूफान, ओला, अकाल और बादल फटने की घटनाओं से फसलों के नुकसान और पशुधन की मौत से करीब 321,6 लाख करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है। इन आपदाओं का सबसे ज्यादा खामियाज़ा भारत सहित पूरे एशिया के किसानों को भुगतना पड़ा। यह बहुत बड़ी चपत है। 2021-25 के अगस्त माह तक तकरीबन 200 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। किसी और सेक्टर में इतनी बड़ी चपत आमतौर पर देखने में नहीं आती। यदि आती भी है तो, उन देशों की सरकारें उनके साथ हर हालत में खड़ी रहती हैं। इसलिए उन देशों में कृषि घाटे का कार्य नहीं है। इसलिए पलायन की समस्या वहां के गांवों में न के बराबर है। कृषि के अलावा दूसरे सेक्टरों में काम कर रहे व्यक्ति को घाटा लगने पर सरकार उसका पूरा भरपाई करती है, लेकिन भारत के किसानों को भरपाई के नाम पर लॉलीपाप थमाया जाता है। आजादी के सतहत्तर सालों में किसानी सबसे मजबूरी वाला क्षेत्र रहा है। किसान और खेतिहर मजदूरों की दशा सबसे अधिक दयनीय रही है। यही वजह है सबसे अधिक घाटे वाला, पीड़ादायक और खून सुखा देने वाला रहा है। आत्महत्या सबसे ज्यादा किसान और उसके परिवारी-जन करते हैं। लागत, मेहनत, परेशानी, अनिश्चितता सबसे ज्यादा और इज्जत के नाम पर प्रताड़ना किसान की नियति का खेल नहीं तो क्या है? रिपोर्ट बताती है कि भारत सहित एशिया के किसानों को पिछले तीन दशकों के दौरान करीब 143.2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं पर अमेरिका और यूरोप अपने कृषि क्षेत्र के संबंध में आनुपातिक रूप से अधिक प्रभावित हुए हैं। भारत के लाखों किसान जहां तमाम आर्थिक समस्याओं में उलझे रहते हैं वहीं पर पारिवारिक समस्याओं से भी परेशान रहते हैं। खेती की तरफ किसानों की रुचि लगातार कम होने को लेकर सरकारों ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया कि लोगों में कृषि की तरफ रुचि फिर से पैदा हो और बेरोजगारी की विकराल समस्या से लोगों को छुटकारा मिले। कृषि में छुपी लागत किसान के लिए सबसे चिंता का विषय है। इसलिए सरकार को विशेषज्ञों से सलाह ले ऐसी नीति बनानी चाहिए जिससे इस बाबत किसानों को होने वाली परेशानियां कम से कम हो।

(लेखक पर्यावरण संरक्षण से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे
विवेक शुक्ला




# सबको ठीक करने वाले ही खुद हो रहे बीमार

क्या आपने कभी सोचा है कि जो लोग हमें बीमारियों से बचाते हैं, वो खुद कितने बीमार हो रहे हैं? जी हां, भारत के मेडिकल प्रोफेशनल्स, डॉक्टरों, नर्सों और दूसरे हेल्थ वर्कर्स भी मेंटल हेल्थ का शिकार हो रहे हैं। ये लोग दिन-रात मरीजों की सेवा करते हैं, लेकिन खुद की मेंटल हेल्थ पर ध्यान नहीं दे पाते। हाल के सालों में ये समस्या इतनी बढ़ गई है कि कई डॉक्टर डिप्रेशन, एंग्जाइटी और यहां तक कि सुसाइड तक के शिकार हो रहे हैं। ये कोई छोटी-मोटी बात नहीं है; ये एक बड़ा मुद्दा है जो पूरे हेल्थ सिस्टम के लिए चुनौती बन गया है। ये समस्या क्यों हो रही है? डॉक्टरों की जिंदगी आसान थोड़े ही है। लेडी हॉर्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली से जुड़े रहे प्रख्यात मनोचिकित्सक डॉ. सुनील मित्तल कहते हैं कि अस्पतालों में ड्यूटी के घंटे इतने लंबे होते हैं कि नींद पूरी नहीं हो पाती। कभी-कभी 36-48 घंटे की लगातार शिफ्ट! सोचिए, इतने समय तक काम करने से इंसान कितना थक जाता होगा। ऊपर से मरीजों की भीड़, इमरजेंसी केस, और वो सारा प्रेशर कि हर मरीज को बचाना है। एक स्टडी में पाया गया कि कोविड के दौरान 37% हेल्थ वर्कर्स को एंग्जाइटी हुई, 33% डिप्रेशन और 23% स्ट्रेस। ये आंकड़े डराने वाले हैं, क्योंकि ये लोग हमारी जान बचाते हैं, लेकिन खुद की सेहत का क्या? और सिर्फ काम का प्रेशर ही नहीं, मेडिकल एजुकेशन का सिस्टम भी बड़ा दोषी है। एमबीबीएस स्टूडेंट्स और रेजिडेंट डॉक्टरों को एग्जाम की इतना टेंशन रहती है कि नींद उड़ जाती है। मेडिकल कॉलेजों में हैरासमेंट भी कम नहीं। सीनियर-जूनियर का ईगो क्लैश, बुलिंग, और वो 'सुपीरियर-इनफीरियर' वाला ऐटिट्यूड। आरटीआई से मिली जानकारी से पता चला कि पिछले 5 सालों में 191 मेडिकल स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया, और 1166 ने कॉलेज छोड़ दिया। ये आंकड़े बताते हैं कि कॉलेज 'हब ऑफ हैरासमेंट' बन चुके हैं। अब आंकड़ों की बात करें तो हालत और भी बुरी लगती है। भारत में साइकिएट्रिक डिसॉर्डर्स की दर 9.5 से 370 प्रति 1000 लोग है, लेकिन डॉक्टरों में ये ज्यादा है। एक सर्वे में पाया गया कि 34.9% डॉक्टर अनलाद के शिकार हैं, 39.5% को एंग्जाइटी और 32.9% को स्ट्रेस। इन सब का असर क्या होता है? सबसे पहले, डॉक्टरों की पर्सनल लाइफ बर्बाद। फैमिली टाइम नहीं, लव लाइफ नहीं, यहां तक कि पैरेंट्स की उम्र बढ़ने का टेंशन। तो समाधान क्या? सबसे जरूरी है जागरूकता। डॉक्टरों के लिए अस्पतालों में काउंसलिंग सेंटर बनें। गवर्नमेंट को पॉलिसी चेंज करनी चाहिए, ड्यूटी घंटे कम करें, जैसे यूरोप में 48 घंटे का मैक्सिमम। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि ये याद रखा जाना चाहिए कि डॉक्टर भी इंसान हैं। अगर वो खुश और सेहतमंद नहीं रहेंगे, तो हम कैसे रहेंगे? सरकार, अस्पताल और हम सबको मिलकर इस समस्या को हल करना होगा। छोटे-छोटे कदम जैसे दोस्तों से बात करना, योग करना, या हेल्पलाइन पर कॉल करना – ये सब मदद कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोग ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अवसाद, चिंता और अन्य मानसिक विकारों से अधिक प्रभावित होते हैं। शहरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के प्रमुख कारणों में से एक है पर्यावरणीय प्रदूषण। वायु प्रदूषण, शोर प्रदूषण और विषाक्त पदार्थों का संपर्क मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, जिससे तनाव और अवसाद बढ़ता है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण है सामाजिक अलगाव। शहरों में लोग व्यस्त जीवनशैली के कारण परिवार और दोस्तों से दूर हो जाते हैं, जिससे अकेलापन बढ़ता है। अपराध दर, असमानता और हिंसा जैसे कारक भी चिंता को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, तेज गति वाला जीवन, लंबे काम के घंटे, ट्रैफिक जाम और आर्थिक दबाव मानसिक थकान पैदा करते हैं। शहरों में हरे-भरे क्षेत्रों की कमी भी एक बड़ा मुद्दा है, क्योंकि प्रकृति से संपर्क मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है। गरीबी और बेरोजगारी जैसे सामाजिक कारक पूर्व-मौजूदा जोखिमों को बढ़ाते हैं, विशेष रूप से युवाओं में। शहरीकरण के साथ लोगों का गांवों से शहरों की ओर पलायन बेहतर अवसरों की तलाश में होता है, लेकिन यहां का तनावपूर्ण वातावरण उन्हें मानसिक रूप से कमजोर बनाता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि नियमित व्यायाम, ध्यान और योग जैसे अभ्यास तनाव कम करने में मददगार हैं। सामाजिक संपर्क बढ़ाना, जैसे क्लब ज्वाइन करना या दोस्तों से मिलना, अकेलेपन को दूर करता है। शहरों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ानी चाहिए, जैसे किफायती काउंसलिंग सेंटर और हेल्पलाइन। कुल मिलाकर, बात ये है कि मेंटल हेल्थ एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसकी चपेट में डॉक्टर भी आ रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संकीर्णता अधर्म और विष है



संकलित
**दर्शन**

पानी छोटे से पोखर में भी पाया जाता है किन्तु वह प्रायः गन्दा और दुर्गन्ध पूर्ण होता है किन्तु सरोवर में पाया जाना वाला पानी स्वच्छ और अधिक उपयोगी होता है। पोखर छोटा और सरोवर विशाल होता है। मानव का मन भी प्रायः दो तरह का होता है। क्षुद्र और विशाल। क्षुद्र हृदय व्यक्ति बहुत सीमित दायरे में सोचता है। ऐसे व्यक्ति प्रायः कट्टर होते है वे औरों के प्रति असहनशील और ईर्ष्या ग्रस्त होते हैं। सरोवर की तरह उदार हृदय व्यक्ति विशाल दृष्टि कोण लेकर चलते हैं सहिष्णुता उनकी मुख्य विशेषता होती है। वे अपना ही नहीं सभी का अभ्युदय चाहते हैं। संकीर्ण मनोवृत्ति से दूर रहते हैं। ऐसे व्यक्ति समाज और मानवता के लिए वरदान स्वरुप होते हैं। धर्म मूलत, विशाल हृदयी व्यक्ति तैयार करने का काम करता है। मित्ति में सव्व भूएसु, सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम्-जैसे धर्म के मौलिक सूत्र है जिन में संकीर्णता का कोई नामो निशान नहीं है किन्तु जब से धर्म में संप्रदायें प्रबल हुई है। धर्म के स्वरुप को भी संकीर्ण बनाने का प्रयत्न किया जाने लगा। संकुचित मनोवृत्ति वाले व्यक्ति साम्प्रयादिकता के ज्यादा पक्ष घर बने रहे उन्होंने धर्म की सारी व्यवस्थाओं को कट्टरता और संकीर्णता के घेरे में बांध लिया। केवल हम और हमारा ये ही ठीक है शेष सभी व्यर्थ है। संकीर्णता की इस भावना ने धर्म की सार्वभौमिकता को तोड़ कर जन जन में भेद भाव की खाई खड़ी कर दी। अन्य धर्म संप्रदायों की बात छोड़िये।

# ईर्ष्यालु व्यक्ति सुखी-संपन्न नहीं देख सकता



संकलित
**प्रेरणा**

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का मनोरथ पूरा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।

## सटाका





## आज की पाती

### दुखदायी है आत्महत्या की घटना

कभी–कभी किसी घटना की ख़बर केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं होती, बल्कि वह पूरे समाज के भीतर छिपे हुए असंतुलन, दबाव और संवेदनहीनता का दर्पण बन जाती है। हरियाणा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वाई पूरन कुमार की आत्महत्या ऐसी ही एक घटना है, जो केवल पुलिस विभाग की त्रासदी नहीं, बल्कि उस मानसिक, प्रशासनिक और सामाजिक ढांचे की विफलता का प्रतीक है जिसमें पद और प्रतिष्ठा के बावजूद इनसान अकेला और असहाय महसूस करने लगता है। पूरन कुमार का शव चंडीगढ़ स्थित उनके घर के तहखाने में मिला, जहां बताया गया कि वह कमरा पूरी तरह ध्वनि–रोधक था। उनके पास से सरकारी पिस्तौल बरामद हुई। उनकी पत्नी अमनीत कौर एक भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं, जो उस समय जापान में थीं। आत्महत्या की यह घटना दुखदायी है। *– पंकज सक्सेना, दुर्ग*

## करंट अफेयर


# गाजा में 55,000 बच्चों के कुपोषित होने की आशंका



इजराइल और हमास के बीच दो साल से जारी युद्ध और भोजन की भारी कमी के कारण गाजा में पांच साल से कम उम्र के संभवत: 54,600 से ज्यादा बच्चे कुपोषण का शिकार हैं और इनमें से 12,800 से अधिक बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित है। संयुक्त राष्ट्र के एक नये अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। फलस्तीनी शरणार्थियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं देने वाली संस्था 'यूएन रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी फॉर पैलेस्टाइन रिफ्यूजीज इन द नियर ईस्ट' के विश्लेषण के अनुसार, अगस्त की शुरुआत तक गाजा में छह महीने से लेकर पांच साल तक के लगभग 16 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के एक जानलेवा रूप से पीड़ित थे। इस जानलेवा कुपोषण को 'अत्यधिक दुर्बलता' (वेस्टिंग) कहा जाता है। इनमें से लगभग चार प्रतिशत बच्चे 'गंभीर दुर्बलता' का शिकार हैं।दुर्बलता (वेस्टिंग) के इलाज के लिए कई हफ्तों तक विशेष पोषण वाले भोजन की जरूरत होती है और कभी–कभी अस्पताल में भर्ती भी होना पड़ता है। लेखकों के अनुसार, बुधवार को 'द लैंसेट' पत्रिका में छपा यह अध्ययन इस इलाके में भुखमरी से पीड़ित बच्चों के संबंध में किया गया अब तक का सबसे व्यापक अध्ययन है। यह जनवरी 2024 से लेकर अगस्त के मध्य तक गाजा के दर्जनों स्वास्थ्य केंद्रों और चिकित्सा स्थलों पर लगभग 2,20,000 बच्चों की जांच पर आधारित था।

## ऑफ बीट

# बाथरूम की ये तीन चीजें बिल्कुल भी साझा न करें



कल्पना कीजिए कि आप घर से बाहर हैं, लेकिन अपना तौलिया, रेज़र या टूथब्रश पैक करना भूल गए हैं। क्या आपको दूसरों का यह सामान इस्तेमाल करना चाहिए? यहां बताया गया है कि इसकी आदत न डालना ही बेहतर है। सूक्ष्मजीव कुछ समय तक सक्रिय रह सकते हैं। बाथरूम में इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं जैसे कि तौलिया, रेज़र और टूथब्रश पर लंबे समय तक जीवित रहने वाले रोगजनक बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद मौजूद हो सकते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, ये सूक्ष्मजीव कपड़े, प्लास्टिक और धातु की सतहों पर कई दिनों से लेकर महीनों या वर्षों तक सक्रिय रह सकते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एस्परजिलस नामक फफूंद का बैक्टीरिया कपड़े और प्लास्टिक पर एक महीने से अधिक समय तक जीवित रह सकता है, जबकि कुछ बैक्टीरिया वर्षों तक सक्रिय रह सकते हैं। कई वायरस सिरेमिक, धातु, कपड़े और प्लास्टिक जैसी सतहों पर घंटों से लेकर महीनों तक संक्रमण फैलाने में सक्षम रहते हैं। तौलिया साझा करना जोखिमपूर्ण अध्ययन बताते हैं कि उपयोग किए गए तौलिये को साझा करने से त्वचा के संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। अमेरिका में हाईस्कूल फुटबॉल खिलाड़ियों के एक समूह में स्टेफाइलोकॉकस ऑरियस (स्टैफ) के संक्रमण का प्रकोप सामने आया।

## ट्रेंड

### नतीजे उत्साहवर्धक



जब देशवासियों का जीवन अधिक से अधिक आसान बनाने की इच्छाशक्ति हो, तो नतीजे भी बहुत उत्साहवर्धक मिलते हैं। बीते 11 वर्षों में हमारी हवाई सेवा से जुड़ी इंडस्ट्री का विकास और विस्तार इसका बहुत बड़ा प्रमाण है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### क्वांट



पुरानी सरकारों ने पंजाब के घर-घर में नशा पहुँचाया, पंजाब की जवानी बर्बाद कर दी। अब भगवंत मान सरकार ने नशे के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है। बड़े-बड़े तस्कर जेल में हैं। जो पंजाब में नशा बेचेगा, वो बख्शा नहीं जाएगा।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### जिले का नाम क्यों बदला



मैं सपा मुखिया अखिलेश यादव से पूछना चाहती हूं कि अगर मान्यवर कांशीराम साहब के प्रति इतना ही आदर सम्मान था तो आपने उनके नाम पर रखे जिले का नाम बदलकर कासगंज क्यों कर दिया?
- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### गेस्ट हाउस कांड



यूपी ही नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति में सपा शासन में गेस्ट हाउस कांड निहायत ही एक ऐसा काला धब्बा है जिसे सपा की लाल टोपी से ढका नहीं जा सकता और न ही उसे किसी प्रकार के मुशायरों से भुलाया जा सकता है।
-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# जहरीली सिरप का कहर जारी

## मृत बच्चों की संख्या 25 पहुंची, कुछ मासूमों का चल रहा नागपुर में इलाज, कोयलांचल में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

सिरपकांड के मुख्य आरोपियों में कंपनी के डायरेक्टर को लेकर छिंदवाड़ा पुलिस ने बीस हजार रूपए के इनाम की घोषणा की थी। इसके लिए सरकार द्वारा विशेष जांच एसआईटी का गठन किया गया था। जिन्होंने चेन्नई में डायरेक्टर रंगनाथन को दबोच लिया। एसआईटी ने कंपनी के महत्वपूर्ण दस्तावेज, दवाओं के नमूने और रिकार्ड भी जब्त किया है। रंगनाथन पर बीस हजार रूपए का इनाम रखा गया था।

सीएम यादव ने कहा कि पुलिस ने तमिलनाडु में गिरफ्तारी की है लेकिन वहां की सरकार सहयोग नहीं कर रही है। इनकी पूरी जिम्मेदारी दवा कंपनी की होती है। हमने भी ड्रग कंट्रोलर, असिस्टेंड कंट्रोलर और सिरप लिखने वाले डॉक्टर पर कार्रवाई की है। जो भी दोषी होगा उस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सीएम ने कहा कि जो राजनीति कर रहे है। उन्हें तमिलनाडु जाकर धरना देना चाहिए क्योंकि इतनी छोटी सी जगह में इतनी बड़ी फैक्ट्री कैसे बनाई गई और लाइसेंस रिनुअल कैसे किया गया।

### सिरप नॉन फार्मास्यूटिकल ग्रेड कैमिकल से तैयार गया था

जांच के दौरान कंपनी मालिक ने स्वीकार किया कि दो बार प्रोपलीन ग्लायकॉल के पचास किलो के दो बैग खरीदे थे यानी कंपनी ने सौ किलो जहरीला कैमिकल खरीदा था परंतु इसकी इनके पास बिल है या न एंट्री।



छिंदवाड़ा में पिछले 40 दिनों से कोल्ड्रिफ सिरप का तांडव चल रहा है। मरने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। गुरूवार को नागपुर मेडिकल कॉलेज में इलाजरत गर्विक पिता बाबू पवार का निधन हो गया। वहीं कोल्ड्रिफ सिरप को बनाने वाली कंपनी के डायरेक्टर गोविंदन रंगनाथन को गुरूवार को छिंदवाड़ा से पहुंची हुई टीम ने गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी डॉक्टर प्रवीण सोनी को बचाने के लिए चिकित्सकीय महकमा बचाव में उतर आया है। गुरूवार को मेडिकल स्टोर बंद करके विरोध प्रदर्शन किया गया है। लेकिन वर्षों से कमीशन का खेल कर रहे मेडिकल स्टोर संचालक नियमों को ताक में रखकर अधिकारियों को घूस देकर लाखों के वारे न्यारे कर रहे है। जब सिरप कांड हुआ तो उन अधिकारियों की भी पोल खुली जो इन मेडिकल स्टोरों से भारी आर्थिक लाभ लेकर नियमों में शिथिलता करते है। सरकारी डॉक्टर निजी प्रैक्टिस करते है और स्वयं की मेडिकल शॉप चलाते है और इन दुकानों में उनकी लिखी हुई दवाईयां उसी मेडिकल स्टोर में मिलती है। डॉक्टर प्रवीण सोनी के साथ भी ऐसा ही मामला था कि उनके द्वारा लिखी हुई दवाईयां सिर्फ उनके अपने मेडिकल स्टोर में मिलती थी जिससे वे लाखों का कमीशन खाते थे उन पर और नए केस लगने की संभावना है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

**सिंगोड़ी:** सिंगोड़ी ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने जिले में बच्चों की किटनी फेलियर से हुई आकस्मिक मौतों पर शोक व्यक्त करने के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बस स्टैंड परिसर में आयोजित किया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर मृत बच्चों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । सभा में उपस्थित अथितियों ने श्रद्धांजलि के बाद अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों की मौत एक बड़ा नुकसान है और सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार मृत बच्चों के परिवारों को न्याय दिलाने के लिए उचित कदम उठाए।इस दौरान विधानसभा प्रभारी अजय मद पर्वेक्षक सेलू सिंगर आशीष जैन महेश धुर्वे बहिद मिस्किनी हाजी आसिफ विनोद सिंगोरे बलराम पटेल कृष्ण कुमार टेकरे गोविंद उइके सुनील पांडे केतन पटेल बाबू भाई मारिफ भाई वसीम भाई निलेश टेकरी सुनील चंद्रवंशी कृष्ण कुमार टेकरी हंस लाल परते सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सामिल थे।



### दवाई दुकानदारों ने दुकानें की बंद

**सिंगोड़ी:** जिला औषधि विक्रेता संघ के आव्हान में सिंगोड़ी औषधि विक्रेताओ ने भी अपनी दुकानें बंद कर दी है इस बंद से लोगो में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है।बताया जा रहा है की जिले के विभिन्य ब्लाको में जहरीले कफ सिरप के सेवन से मृत हुए मासूम बच्चों की मौत के बाद कुछ दवाई दुकानों पर हुई कार्रवाई से औषधि विक्रेता नाराज है जिसके विरोध में बंद रखा गया है। वही कई मरीज दवाइयों के लिए परेशान होते देखे गए।



### मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष के साथ नागपुर में उपचाररत बच्चों और अभिभावकों से मिले सांसद साहू



**छिन्दवाड़ा।** नागपुर में उपचाररत बच्चों और अभिभावकों से गुरूवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेंमत खण्डेलवाल के साथ सांसद बंटी विवेक साहू नागपुर पहुंचे हुये थे। इस दौरान उन्होंने उपचाररत बच्चों के परिजनां और अभिभावकों को ढांढस बंधाते हुये उन्हें सरकार के द्वारा हर संभव और मदद का भरोसा दिलाया है। वही अस्पतालों में मौजूद डॉक्टरों से बच्चों के स्वास्थ्य की सतत निगरानी करने और उन्हें सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि जरूरतमंदों की सेवा में हरदम तत्पर रहने वाले संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू कफ सिरप के मामले को लेकर शुरू से ही गंभीर है। वे लगातार इस मामले को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान कर रहे है, साथ ही इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेंमत खण्डेलवाल से लगातार संपर्क कर उन्हें जानकारी उपलब्ध करा रहे है और उनके द्वारा दिये जा रहे दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य कर रहे है। नागपुर प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के साथ में नागपुर एम्स में उपचाररत कुणाल यदुवंशी और हर्ष यदुवंशी, न्यू हेल्थ केयर अस्पताल में उपचाररत अंबिका विश्वकर्मा और शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचाररत गार्विक पवार को देखने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहा मौजूद बच्चों के परिजनों और अभिभावकों को ढांढस बंधाते हुए उन्हें सरकार की और हर संभव सहयोग और मदद का भरोसा दिलाया है। सांसद श्री साहू ने अस्पतालों में डॉक्टरों से बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली और बच्चों के इलाज को लेकर विस्तृत चर्चा की। सांसद श्री साहू ने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की विशेष टीम लगातार बच्चों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग कर रही है, बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे है। राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है। बच्चों के बेहतर से बेहतर उपचार के लिए हर संभव सहायता दी जायेगी। इलाज में आया खर्च सरकार वहन करेगी।

### कांग्रेस ने षष्ठी माता मंदिर में किया सदबुद्धि यज्ञ फिर निकाला कैंडल मार्च

**छिन्दवाड़ा:-** भाजपा के भ्रष्टाचार से दवा जहर में तब्दील हो गई जिसने जिले के 21 मासूम बच्चों की जिदंगी छीन ली। एक-एक कर बेटे-बेटियों की जानें जाती रही और जिम्मेदार सोते रहे। कांग्रेस ने अनेकों बार जगाने का प्रयास किया फिर भी निष्ठुर सरकार नहीं जागी। जब जागी तब तक बहुत देर हो चुकी थी, क्योंकि कई माताओं की गोद सूनी हो चुकी थी। सरकार को सदबुद्धि देने व दिवंगत बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित करने जिला मुख्यालय सहित समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर कैंडल मार्च निकाला गया। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने मासूम बच्चों के असमय निधन पर गहन दुख व्यक्त करते हुए इस दुखद घड़ी में दिवंगत बच्चों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने व परिवारजनों को संबल प्रदान करने हेतु कांग्रेस परिवार को साथ खड़े रहने कहा। जिला मुख्यालय पर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सर्वप्रथम परासिया रोड स्थित षष्ठी माता मंदिर में सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस के समस्त विभाग, प्रकोष्ठ अनुसांगिक संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण सम्मिलित हुए। सभी ने माता रानी से प्रार्थना की कि मप्र की भाजपा सरकार को सदबुद्धि दें ताकि वह समय पर जनहितैषी निर्णय लें साथ ही जनता की सुरक्षा को लेकर गम्भीर रहें।

### कांग्रेस ने निकाला विनम्र श्रद्धांजलि कैंडल मार्च




**तामिया।** उपचार के दौरान डॉक्टर प्रवीण सोनी द्वारा गलत सिरप दिए जाने से हुई मासूमों की मौतो के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस के द्वारा तामिया में धरना दिया गया था। उसके बाद मौत के लगातार सिलसिले के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने हनुमान मंदिर से विनम्र श्रद्धांजलि कैंडल मार्च निकाला जिसमें सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी इस विनम्र श्रद्धांजलि कैंडल मार्च शामिल रहे।

### अवमानक औषधियों के उपयोग न किये जाने संबंधी एडवाइजरी जारी

खाद्य एवं औषधी प्रशासन छिंदवाड़ा औषधी निरीक्षक द्वारा सभी आमजन को सूचित किया गया है कि पूर्व में औषधी कोलड्रिफ सिरप, बैच नंबर.-**SR**-13 को अवमानक स्तर का घोषित किया गया था। जिसका क्रय एवं विक्रय पर पूर्व से ही प्रतिबंध लागू है। इसके अलावा अन्य 02 औषधी भी खाद्य एवं औषधी प्रशासन मध्यप्रदेश राज्य की औषधी जाँच प्रयोगशाला द्वारा इन औषधियों को अवमानक मिलावटी घोषित किया गया है। जिनका विवरण इस प्रकार है- **Relife Syrup Batch No.-LSL**25160 निर्माता **Shape Pharma pvt. Ltd. Shekhpur Gujrat** एवं **Respifresh TR Syrup Batch No.-R**01**G**12523 निर्माता **Rednex Pharmaceuticals pvt. Ltd. Bagodara Ahmedabad Gujrat**. खाद्य एवं औषधि प्रशासन भोपाल मध्यप्रदेश के द्वारा उक्त औषधियों के क्रय-विक्रय पर रोक लगाई गई हैं। साथ ही भारत सरकार लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नई दिल्ली द्वारा जारी एडवाईजरी 03 अक्टूबर 2025 के अनुसार सभी चिकित्सकों द्वारा 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सर्दी-खांसी के लिये आमतौर पर कोई भी सिरप उपयोग की सलाह नहीं दी जानी चाहिये । इस संबंध में खाद्य एवं औषधी प्रशासन छिंदवाड़ा के औषधी निरीक्षक द्वारा जिले के आम जनों को सूचित किया गया है कि उक्त औषधियों का उपयोग न करें एवं आपके द्वारा अगर यह औषधी क्रय की गई हो तो उसका उपयोग न किया जाये तथा इसकी जानकारी निकटतम सरकारी अस्पताल अथवा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला छिंदवाड़ा/कार्यालय उप संचालक खाद्य एवं औषधी प्रशासन छिंदवाड़ा को प्रदाय करें। सभी चिकित्कों, दवा विक्रेता एवं आमजन इस एडवाईजरी से सूचित हों एवं इसका पालन सुनिश्चित करें।

## बेखौफ बदमाश: सूने मकान में दिन दहाड़े हुई चोरी, 20 लाख के जेवरात किये पार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

बरही क्षेत्र में एक के बाद एक हो रही चोरी की वारदातों से सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहे हैं। बेखौफ बदमाश पुलिस को चुनौती देते हुए अब दिन दिहाड़े चोरी कर रहे हैं लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। नगर के बीचोंबीच स्थित कालोनी में त्रिपाठी हाउस में दिनदहाड़े हुई लाखों की चोरी ने इलाके में सनसनी फैला दी। अज्ञात चोरों ने करीब 20 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने पार कर दिए।

जानकारी के अनुसार 65 वर्षीय रामचरण त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार की सुबह उनकी पत्नी सुनीता त्रिपाठी और बच्चे खरीददारी के लिए घर में ताला लगाकर दुकान चले गए थे। शाम को जब वे घर लौटे, तो दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ और अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। घर की अलमारी के लॉक टूटे मिले और उसमें रखे सोने के हार, पायल, बिछिया, चांदी के चूड़े और अन्य गहने गायब थे। सुनीता त्रिपाठी के अनुसार चोरी गए गहनों की कीमत करीब 20 लाख रुपए है। पीड़िता की शिकायत पर बरही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

लगातार हो रही चोरियों से नगरवासियों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पुलिस केवल कागज़ी गश्त में व्यस्त है जबकि चोर खुलेआम वारदात कर रहे हैं। चोरो को पकड़ने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है।

### 29 तोला सोना, 2 किलो चांदी एवं 6 लाख चोरो ने किये पार

श्री त्रिपाठी के बड़े पुत्र आलोक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अलमारी में रखे सोने-चांदी के सारे गहने गायब थे। चोरी हुए गहनों में 29 तोला सोना, 2 किलो चांदी और 6 लाख रुपए नकद शामिल थे। बता दें कि रामचरण त्रिपाठी कोल माइंस नरोजाबाद में सुपरवाइजर के पद से 2020 में रिटायर हुए थे। अब बरही नगर में किराने की दुकान चलाते हैं। उनकी पत्नी सुनीता त्रिपाठी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामाजिक संगठन की मंडल अध्यक्ष हैं। इस संबंध में बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि फरियादी की शिकायत पर मामला केस कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और कुछ साक्ष्य भी मिले हैं। थाना प्रभारी ने जल्द ही पूरी घटना का खुलासा करने की बात कही है।




## सिर पर गंभीर चोट और कटी थी चोटी!

### स्कूल की छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंची छात्रा, दूसरे दिन घायल अवस्था में स्कूल परिसर में मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**जिले के बम्हनी बंजर क्षेत्र स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार शाम एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया।**

बुधवार सुबह जब परिजन छात्रा को ढूंढते हुए स्कूल पहुंचे, तब वह शौचालय में अचेत अवस्था में मिली। छात्रा ने होश में आने पर बताया कि किसी ने पीछे से बोतल मारकर हमला किया, जिससे वह बेहोश हो गई। उसके सिर से खून बह रहा था और बालों की चोटी कटी हुई थी।

#### अस्पताल में इलाज, हालत अब स्थिर

छात्रा को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बताया कि उसकी हालत स्थिर है, परंतु सिर पर गंभीर चोट है। बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

#### अधिकारी मौके पर, सुरक्षा पर उठे सवाल

घटना की जानकारी मिलते ही सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग वंदना गुप्ता मौके पर पहुंचीं और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई।

#### घटना का पूरा ब्यौरा

मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद छात्रा शौचालय गई थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। रातभर परिजन उसकी तलाश में जुटे रहे। बुधवार सुबह छात्रा स्कूल परिसर में बेहोशी की हालत में मिली, उसके सिर पर गहरी चोट और चोटी कटी हुई थी। छात्रा ने बताया मैं छुट्टी के बाद शौचालय जा रही थी, तभी किसी ने पीछे से बोतल मारी। उसके बाद कुछ याद नहीं। जब आंख



खुली तो मेरी चोटी कटी हुई थी। इस बयान ने मामले को और रहस्यमयी बना दिया है।

#### स्कूल प्रशासन की सफाई

स्कूल के प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि छुट्टी के बाद पूरे परिसर की जांच कर ताला लगाया गया था। घटना कैसे हुई, यह जांच का विषय है। पुलिस को सूचना दे दी गई है और CCTV फुटेज खंगाली जा रही है।

#### CCTV में दिखी संदिग्ध छाया, दो हिरासत में

गुरुवार तक पुलिस को CCTV फुटेज प्राप्त हो गई है, जिसमें एक संदिग्ध छाया नजर आ रही है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

#### चोटी कटवा अफवाह की आशंका

इस घटना ने एक बार फिर से पुराने 'चोटी कटवा' जैसी रहस्यमयी घटनाओं की याद दिला दी है। हालांकि इस बार सिर पर गंभीर चोट ने इसे सिर्फ अफवाह नहीं, बल्कि गंभीर अपराध की श्रेणी में खड़ा कर दिया है।

#### इलाके में भय और असमंजस

घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, खासकर छात्राओं और उनके अभिभावकों में चिंता गहराती जा रही है। लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डर रहे हैं।

#### जांच पूरी होने तक सवाल कायम

जब तक इस घटना की पूरी सच्चाई सामने नहीं आती, तब तक यह मामला समाज और प्रशासन दोनों के लिए चिंता का विषय बना रहेगा। पुलिस और शिक्षा विभाग की टीमें मामले की तह तक पहुंचने में जुटी हुई हैं।

### बहुरूपिया परंपरा को जीवित रखे हैं संजय मस्ताना

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वर्षो पहले देखा जाता था कि जब शहर से लेकर गांव गांव पहुरूपियों द्वारा अलग अलग रूप धारण करते हुये लोगों को अनेक प्रकार के प्रदर्शनों से अवगत कराते थें। मगर अब जहां यह लोग बिलुप्त होने के चलते युवा पीढ़ी शायद ही इनके द्वारा किये जाने वाले प्रदर्शन से अवगत नही होगी। सिर्फ बहुरूपियाँ नाम अब कहावतों में ही सुनने मिलते हुये देखा जाने लगा है। मगर इस दिनों नगर में बहुरूपिया संजय मस्ताना अपनी कला और मनोरंजन से लोगों को खूब हंसा रहे हैं। फिल्म मेरा नाम जोकर की वेशभूषा धारण कर, जीना यहाँ, मरना यहाँ, इसके सिवा जाना कहाँ ,जैसे गाने गाते हुए वे पूरे नगर में घूमते हैं और अपने अभिनय से लोगों को आकर्षित करते हुये देखे जा रहे है। संजय मस्ताना अपनी कला के माध्यम से न केवल मनोरंजन कर रहे हैं बल्कि बहुरूपिया परंपरा को जीवित भी रखे हुए हैं। वे रोजाना अलग-अलग किरदार निभाकर लोगों का दिल जीतते हैं। उनका कहना है कि गाडरवारा नगर और यहाँ के लोग उनके परिवार के बेहद करीब हैं , और यहाँ के लोगों से उन्हें अपार स्नेह और प्रेम मिलता है।उनकी यह कला न केवल लोगों को हंसाने का काम करते हुये अपनी परम्परा को कायम रखे हुये है। क्योंकि पुरानी बहुरूपिया परंपरा की झलक भी दिखा रहे है, जो आज के दौर में दुर्लभ होती जा रही है। संजय मस्ताना जैसे कलाकार इस परंपरा को जीवित रखते हुए इसे नई पहचान दे रहे हैं। उनका यह प्रयास गाडरवारा नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम कर रहा है। संजय मस्ताना जैसे ही नगर में निकलते है बच्चों की भीड़ उनके पीछे लग जाती है।

# पति की दीर्घायु की कामना का पर्व करवा चौथ आज

## सजना के लिए सजने बाजारों में हुई जमकर खरीददारी



**जबलपुर।** पति की दीर्घायु की कामना के लिए सुहागिन महिलाएं आज करवा चौथ का निर्जला व्रत रखेंगी और शाम को चंद्रदेव को अर्घ्य देने के बाद ही व्रत का समापन करेंगी। करवा चौथ का व्रत पिछले कुछ वर्षों से बड़े उत्साह और आधुनिकता के साथ इस दिन महिलाएं और युवतियां पूरे साजो श्रंगार के साथ अपने सजना के लिए सजती है। करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बाजारों में काफी चहल पहल रही। नई नई साड़ियों के साथ लहंगा चूड़ी बिंदी आदि सौंदर्य प्रसाधन की जमकर खरीदारी हुई। दूसरी ओर पूजन समाग्री के लिए करवा और धान की बाली आदि की जमकर बिक्री हुई। ज्योतिष शास्त्रीयों के मुताबिक करवा चौथ के दिन शुक्रवार को चंद्रमा रात 7.47 बजे नजर आएगा। यह पर्व पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख समृद्धि की कामना के लिए रखा जाता है। पंडित पीएल गौतमाचार्य के मुताबिक यह व्रत दाम्पत्य जीवन में मनमुटाव को दूर करने के साथ चंद्रमा के प्रभाव से मन को शीतलता भी प्रदान करता है। करवा चौथ के व्रत में मिट्टी से बने करवा में पूजन सामग्री रखकर भगवान चंद्रदेव को अर्घ्य दिया जाता है। इस दिन माता पार्वती और भगवान जय भोले शंकर पूजन का विधान है। करवा चौथ कार्तिक मास की चतुर्थी को होता है। इस दिन करवे की पूजा की जाती है। यह पर्व पार्वती देवी की आराधना का पर्व है। माता पार्वती जी को स्त्रियों के अक्षत सुहाग का प्रतीक माना गया है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक माता सीता ने भी मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को पति के रूप में प्राप्त करने के बाद माता पार्वती की आराधना करते हुए सर्वप्रथम कार्तिक चतुर्थी का व्रत किया था।

### पूजन विधि

करवा चौथ के दिन व्रत रखें और एक पटे पर जल से भरा लोटा रखें। मिट्टी के एक करवे में गेहूं और ढक्कन में चांवल, गुड़ आदि से गणपति की पूजा करें। रोली से करवे पर स्वास्तिक बनाएं और 13 बिंदियां रखें। स्वयं भी बिंदी लगाएं और गेहूं के 13 दाने दांए हाथ में लेकर कथा सुनें। कथा सुनने के बाद अपनी सासूजी के चरण स्पर्श करें और करवा उन्हें दे दें। पानी का लोटा और गेहूं के दाने अलग-अलग रख लें। रात्रि में चंद्रोदय होने पर पानी में गेहूं के दाने डालकर उसे अर्घ्य दें फिर भोजन करें। यदि कहानी पंडिताइन से सुनी हो तो गेहूं, चीनी और पैसे उसे दे दें। यदि बहन बेटी हो तो गेहूं चीनी व पैसे उसे दे दें।

## 468वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ कार्यालय उद्घाटन आज

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ 5 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा को प्रातः 8:30 बजे पूज्य संत महात्माओं एवं शहीद परिवारीजनो के साथ निकाली जाएगी। जिसका आस्थाई कार्यालय का उद्घाटन जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट चौक राइट टाउन के पास सावित्री सदन में 10 अक्टूबर शाम 5:00 बजे विधि विधान से किया जाएगा। उपस्थिति की अपील परिक्रमा संयोजक शीर्ष अग्रवाल, एडवोकेट करण पटेल, पप्पू चौबे, मोहित तिवारी, मनोज गुलाबबनी, शिवम नामदेव आदि ने की है।



## अंतस काव्य महोत्सव का आयोजन

**जबलपुर।** अंतस साहित्यिक सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था द्वारा जश्न होटल प्रेक्षागृह में अंतस काव्य महोत्सव का आयोजन मुख्य अतिथि डॉ. हरिशंकर दुबे की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन शशि ने की। इस आयोजन में सारस्वत अतिथि राजेंद्र मिश्रा, इरफान झांस्वी, विशिष्ट अतिथि केके नायकर, अभय तिवारी, सुरेश विचित्र, निर्मला तिवारी, डॉ. कामना कौस्तुभ ने अपनी उपस्थिति दी और अंतस संस्था की गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम संयोजन विनीता पैगवार विधि, रजनी कोठारी का रहा। आभार प्रदर्शन संतोष नेमा संतोष ने किया। आयोजन समिति के सदस्यों में राजेश तिवारी, आलोक पाठक, आशुतोष तिवारी, सरोज संतोषी, संदीप बनौधा, इंजी. जी.व्ही. अग्रवाल, अभय नायक, निहारिका कुरवाने, राकेश पैगवार, मृगेंद्र नारायण सिंह, रमाकांत गौतम का विशेष सहयोग रहा। आयोजन में कवि मनीष तिवारी, कालीदास ताम्रकार, सुनील तोमर, अजय मिश्रा, ज्योति मिश्रा, सपना क्षिति, प्रतिमा अखिलेश श्रीवास्तव, अमर सिंह वर्मा, तरुणा खरे, प्रीति भूमिजा उपस्थित रहे।



## मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ का "संकल्प महा अभियान" प्रारंभ

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभागीय शाखा जबलपुर के संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे ने बताया कि संभागीय शाखा द्वारा जारी प्रस्तावना के अनुसार आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में संगठन ने अपने "संकल्प महा अभियान" की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम में संघ के ड्रेस कोड टी शर्ट, कैप एवं आईडी का विमोचन महेन्द्र शर्मा, प्रांताध्यक्ष मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ ने किया। विमोचन के बाद सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के रेस्ट हाउस में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर समाज सेवा की दिशा में एक सार्थक कदम उठाया जिसमें संघ के सदस्यों में नया उत्साह और ऊजा देखने को मिली। इस अवसर पर संघ के प्रदेश महामंत्री अजय दुबे, प्रांतीय सचिव सहदेव रजक, विपिन पीपरे, वैद्यनाथन अय्यर, दिवेन्द्र पटेल, संजय रजक, सुरेश वाल्मीकि, प्रेम नारायण ठाकुर, ओमप्रकाश पनगरहा, शंकर वानखेड़े, संतोष पटेल, रविन्द्र राय एवं बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## शिवकल्याण मंदिर में कार्तिक महात्म्य कथा आज से



**जबलपुर।** श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जबलपुर के तत्वावधान में आज 10 अक्टूबर 2025 शुक्रवार से शिव कल्याण राम मंदिर लार्डगंज गढ़ाफाटक हरि पूजन संकीर्तन कार्तिक माहात्म्य कथा मंडल के कथा व्यास संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे के सानिध्य में 2 नवंबर तक सुबह 8.30 से प्रतिदिन आयोजित है। इस आध्यात्मिक आयोजन पर मंडल के संयोजक देवेंद्र नेमा, सत्यप्रकाश नामदेव, अमित विश्नोई, पवन जायसवाल, विशाल पंड्या, धना बाई साहू, पुष्पा, अलका साहू,विमला,राज कुमारी मिश्रा, मंजू दुबे, सुषमा पटेल, रिचा बर्मन, मीरा पटेल, कृष्णा नामदेव ने उपस्थिति की अपील की है।



## रिस्पांस टीम ने दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स

### एम.पी. ट्रांसको में कार्यशाला का आयोजन

**जबलपुर।** विद्युत क्षेत्र की अग्रिम पंक्ति को साइबर सुरक्षा में सशक्त बनाने के उद्देश्य से एम.पी. ट्रांसको के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर जबलपुर में मध्यप्रदेश कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम भोपाल (एम.पी.-सी.ई.आर.टी.) के द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत कार्यशाला में सी.ई.आर.टी के प्रमुख सलाहकार अंबर पांडे ने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्मिकों को विद्युत क्षेत्र में साइबर सुरक्षा के विभिन्न उपाय बताये। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग म.प्र. शासन भोपाल के अंतर्गत सी.ई.आर.टी. के भूतपूर्व सलाहकार विनित तिवारी ने भी कार्यशाला में अपने अनुभव साझा किये। कार्यशाला के संयोजक स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर के मुख्य सूचना एवं सुरक्षा अधिकारी व अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य कार्यस्थल पर साइबर सुरक्षा से संबंधित सतर्कता और सजगता बरतने की दिशा में कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना था। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने फिशिंग, डेटा प्रोटेक्शन, पासवर्ड मैनेजमेंट, ईमेल सुरक्षा, और सोशल इंजीनियरिंग हमलों से बचाव जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। कर्मचारियों को दैनिक कार्यों में सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार अपनाने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी गई।

### बसपा ने मनाई संस्थापक कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि

## देश में पिछड़े समाज को राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिए बगैर नहीं होगा देश का विकास, यही कांशीराम का संदेश : बसपा प्रभारी

जबलपुर।

बामसेफ, बसपा के जन्मदाता कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि पर पार्टी द्वारा जिला स्तरीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन डॉ. अंबेडकर भवन जबलपुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसपा जॉन इंचार्ज रामजी ने कांशीराम के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, बाबा साहब के निधन के बाद उनके मिशन को आगे बढ़ाने का बीड़ा कांशीराम ने उठाया, वे मानते थे इस देश के 85 प्रतिशत बहुजन समाज जो काफी हद तक अपना स्वाभिमान खो चुका है, हर स्तर पर अन्य लोगों से पीछे है जब तक वे सत्ता सरकारों में नहीं पहुंचेंगे तब तक देश में बदलाव नहीं आयेगा, बसपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण की बदौलत आज सामाजिक परिवर्तन तेजी से हो रहा है, उनका मिशन किसी भी कीमत पर ना रुके इसलिए निरंतर जमीनी स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, बसपा को मजबूत करने के लिए करते रहना है। डॉ अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से जॉन प्रभारी रामजी सतनामी, एड. रामराज राम, राकेश चौधरी, डॉ सतपाल सिंह, मानक लाल गोटिया, बालकृष्ण चौधरी, बसपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट लखन अहिरवार, विधानसभा प्रभारी छोटेलाल चौधरी, सुरेश बंसकार, दिनेश कुशवाहा, प्रकाश गौतेल, सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



## हिंदू-मुस्लिम धर्मालंबियों ने पेश की चादरें शरीफ

जबलपुर। मदन महल पहाड़ी पर स्थित हजरत पीराने पीर की दरगाह में ग्यारहवीं शरीफ के तीसरे उर्स मेले का आयोजन अकीदत और मोहब्बत के माहौल में किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की तादाद में जायरीन और अकीदतमंदों ने हाज़िरी पेश की। दरगाह शरीफ में बड़ी संख्या में लोगों ने चादरें और निशान शरीफ पेश कर दुआएं मांगीं। नजरें-नियाज पेश की गईं और लंगर का आयोजन कर सभी में तक़सीम किया गया। हिंदू धर्मालंबियों ने भी बड़ी संख्या में दरगाह पहुंचकर सलामी पेश की और अपनी मन्नतें मांगीं। दरगाह परिसर में मुरीदों और मुजावरों की आमद दिनभर बनी रही। अपरान्ह जुहर की नमाज़ के बाद मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली क़ादरी की सदारत में आयोजित जल्सए गौसिया में सज्जादानशीन बासित अली क़ादरी ने नात शरीफ और मनकबत पाक पेश की।कार्यक्रम में सज्जादानशीन मुबारक कादरी, निज़ाम कादरी, आफताब कादरी, आबिद कादरी, इनायत कादरी और इदरीस कादरी, अफजल कादरी ने हाज़रीन की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया। इस दौरान मुहम्मद अली राजा, असगर कादरी और शराफत कादरी, आशु कादरी ने तबरुक पेश किया। सायंकाल मग़रिब की नमाज़ के बाद सलातो-सलाम पेश किया गया। सज्जादानशीन इनायत कादरी ने बताया कि आगामी 16 अक्टूबर (जुमेरात) को ग्यारहवीं शरीफ के आखिरी मेले का आयोजन बड़े एहतेमाम के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर बाद नमाज जुहर सूफी संत सम्मेलन का भी आयोजन होगा।




## जीवनशैली में बदलाव, तनाव, और अनियमित आदतें बढ़ाती है हृदयघात : डॉ पुष्पराज पटेल

**हरिभूमि, जबलपुर।** बालाघाट में आयोजित आईएमए मध्य प्रदेश राज्य सम्मेलन के वैज्ञानिक सत्र में डॉ. पुष्पराज पटेल ने "पोस्ट कोविड-19 युग में भारतीय जनसंख्या में अचानक हृदयआघात की बढ़ती प्रवृत्ति" विषय पर अपने शोध और क्लिनिकल अनुभव प्रस्तुत किए।

अपने व्याख्यान में डॉ. पटेल ने बताया कि कोविड-19 संक्रमण के बाद से देश में युवा और मध्यम आयु वर्ग में अचानक हृदयगति रुकने (Sudden Cardiac Death) के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। उन्होंने बताया कि यह प्रवृत्ति केवल हृदय रोगियों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ दिखने वाले लोगों में भी तेजी से बढ़ रही है।डॉ. पटेल ने इसके पीछे संभावित कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोविड संक्रमण से उत्पन्न सूजन (Inflammation), हृदय की मांसपेशियों पर प्रभाव, जीवनशैली में बदलाव, तनाव, और अनियमित व्यायाम की आदतें इस समस्या को बढ़ा रही हैं।उन्होंने कहा कि इस बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए आम जनता में हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, नियमित स्वास्थ्य जांच कराना, और व्यायाम की वैज्ञानिक पद्धति को अपनाना अत्यंत आवश्यक है।सम्मेलन में उपस्थित चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने डॉ. पटेल के प्रस्तुतीकरण की सराहना की और विषय को आज के समय की एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है इस अवसर पर कॉन्फ्रेंस में उपस्थित डॉ बी एम शरणागत बालाघाट, डॉ अजीज खान नागपुर, डॉ दीपक साहू, डॉ आशीष डेंगरा, डॉ दर्पण चौधरी गोंदिया से आदि विशेषज्ञ बालाघाट कॉन्फ्रेंस में उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई ने रादुविवि में प्रतीकात्मक भीख मांगकर किया विरोध प्रदर्शन

### छात्रों की सुविधाओं में कटौती के खिलाफ जताया रोष

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में छात्रों की मूलभूत सुविधाओं में की जा रही कटौती के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के अनुराग शुक्ला के नेतृत्व में छात्रों ने कटोरे लेकर प्रशासनिक भवन के सामने प्रतीकात्मक रूप से भीख मांगी। छात्रों का आरोप है कि कुलपति "बचत" के नाम पर छात्रों की सुविधाएं खत्म कर रहे हैं। तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए जरूरी लैब, स्मार्ट क्लास, सेमिनार हॉल, और उपकरण अब तक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। वहीं पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में भी अनावश्यक विलंब हो रहा है, जिससे छात्रों का भविष्य अधर में है।

प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई नेताओं ने हाल ही में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय से 5 करोड़ रुपए अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने पर भी आपत्ति जताई, जिसे छात्रों की फीस से की गई ₹बचत₹ बताया गया। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अनुराग शुक्ला, प्रतीक गौतम, एजाज अंसारी, सैफ मंसूरी, शफी खान, वकार खान, अंकित कोरी, अनिकेत तिवारी, असदाक अनवर, फरान अंसारी, युग ठाकुर, देवेंद्र शर्मा, इंद्रजीत कुशवाहा, पवन पटेल, साहिल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र शामिल रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, BHAGYASHRI BANDAPPA (existing name of spouse as per Rank NOK) is legally wedded spouse of No 15437378K NK/NA Name TELANG DHRUPAT SHANKARAO presently, residing at VILL-TAGYAL, PO-KALAMBAR, TEH-MUKHED, DISTT-NANDED (MAHARASHTRA)-431715 I, have changed of my from BHAGYASHRI BANDAPPA (Name as per my Husband, Army service records) to BHAGYASHRI DHRUPAT TELANG (name as per my AADHAR CARD, AND ELECTION CARD) vide affidavit dated 09/10/2025 formerly before Public Notary, JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
BHAGYASHRI DHRUPAT TELANG
INCORRECT NAME
BHAGYASHRI BANDAPPA

## बैंक ऑफ इंडिया ने की भारत सरकार के सतर्कता जागरुकता अभियान में सहभागिता



**जबलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया प्रधान कार्यालय सतर्कता विभाग से पधारे सहायक महाप्रबंधक प्रमोद कुमार पांडे की उपस्थिति में बैंक ऑफ इंडिया आंचलिक कार्यालय जबलपुर द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे सतर्कता जागरुकता अभियान "सतर्कता हमारी साझा ज़िम्मेदारी" के तहत दिनांक 07 अक्टूबर दिन मंगलवार को विविध जन जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सतर्कता जागरुकता रंगोली प्रतियोगिता, पैदल मार्च, सतर्कता जागरूकता प्रतियोगिया और पुरस्कार वितरण, हॉट एयर गुब्बारों को हवा में छोड़ना, शाखा प्रबन्धकों के साथ सतर्कता जागरुकता अभियान को सफल बनाने हेतु जबलपुर शहर की शाखाओं के शाखा प्रबन्धकों एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सहायक महाप्रबंधक प्रमोद कुमार पांडे द्वारा विभिन्न प्रकार की वित्तीय धोखाधड़ियों से बचने के उपायों के बारे में बताया गया, साथ ही उपस्थित शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित किया कि वो अपने-अपने ग्राहकों को भी इसके बारे में जानकारी दें। आंचलिक प्रबन्धक रमेश कुमार ने जबलपुर अंचल द्वारा सतर्कता जागरुकता अभियान में सभी स्टाफ सदस्यों की सहभागिता पर बल दिया।

### पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में यादव सभा ने पैदल मार्च निकाला



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने पिछड़े वर्ग को 27% का आरक्षण हिस्सेदारी या उससे अधिक देने और सुप्रीम कोर्ट में जो मामला चल रहा है उस पर सभी दलों की बैठक बुलाकर राय बनाकर किया। ओबीसी को हक मिल सके यह टिप्पणी मुख्यमंत्री की मनुवादी व्यवस्था को मानने वाले तथाकथित अपने को संत कहने वाले काली संस्था के संस्थापक कहने वाले स्वरूप आनंद उर्फ आनंद पांडे ने सिर्फ ओबीसी हित की बात करने पर मोहन यादव मुख्यमंत्री को अनर्गल शब्दों से देशद्रोही, सनातन द्रोही, राम द्रोही, कैंसर और एक जानवर जो गंदगी से भरा होता है उसकी संज्ञा देने का काम किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस अभद्र टिप्पणी से आक्रोशित होकर यादव सभा जबलपुर और संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा जबलपुर के समाजसेवियों ने अंबेडकर चौक से पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पैदल मार्च निकालकर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा को ज्ञापन सौंपकर तथाकथित संत पर प्राथमिकी दर्ज करने और मुकदमा बनाकर गिरफ्तारी की मांग की है। इस अवसर पर यादव सभा जबलपुर के वरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम यादव, रामरतन यादव, एडवोकेट ओपी यादव, अशोक यादव, विजय यादव, कैलाश यादव, रज्जन यादव, देवेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, बनारसी यादव, डॉक्टर बालमुकुंद यादव, सुरेंद्र यादव फौजी, एडवोकेट शारदा प्रसाद यादव, नीलचंद यादव, डॉक्टर दयालचंद यादव, डॉक्टर एचआर यादव, राजन यादव, मुन्ना यादव चाचा, बड़ी संख्या में यादव समाज के और संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा समाजसेवी उपस्थित थे।

**आम सूचना**

मैं- दीपक कुमार लोधी पिता स्व. गोपाल प्रसाद लोधी उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम पहाडीखेडा पोस्ट उमरिया कुडारी थाना बरेला जबलपुर म. प्र. का शपथपूर्वक कथन करता हूँ। मेरी पत्नी श्रीमति राखी लोधी से बच्ची की करस्टडी को लेकर न्यायालय में मामला विचाराधीन हैं जिसका प्रकरण क्र. एम. जे. सी. जी. डब्ल्यू / 0000029 / 2025 है तथा उक्त प्रकरण में मेरी पत्नी उपस्थित नहीं हो रही है। यह सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होगी तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है पीठासीन अधिकारी को अवगत कराये।

Smt. Sarita Chaurasia
Advocate & Notary
Area Distt. Jabalpur (M.P.)

**CHANGE OF NAME**

I, Chandravati Patel W/o Late Ex NK Shriniwas Patel (MT) ASC DVR Service Record 3887921P R/o H.No. 2393/3, Patel Mohalla, Lalmati, Behind Chhoti Santoshi Mata Mandir, Jabalpur (M.P.) 482001 do hereby solemnly affirm and state as under I state that I am presently residing at the above mentioned address. my husband Shriniwas Patel Army Service Record No. 13887921P my Name CHANDERVATI and date of birth recorded as 01/07/1965. my real name in my Aadhar card and PAN card is Chandravati Patel and my real date of birth is 01/07/1964 which is true and correct. that true and correct name of my Army service record is CHANDRAVATI PATEL and Date of Birth is 01/07/1964 and same named Date of birth shall be corrected in Army service record. that for the above verification in the name and date of Birth my this affidavit is being furnished.

| CORRECT NAME | IN CORRECT NAME |
| --- | --- |
| CHANDRAVATI PATEL | CHANDERVATI |
| CORRECT DATE OF BIRTH | INCORRECT DATE OF BIRTH |

# उद्योग साहसिक दिवस : गुजरात ने बढ़ाई 'मेक इन इंडिया' की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज, गांधीनगर।



नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेकर प्रशासनिक जनसेवा की ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की थी, जो इस साल 24 वर्ष पूरे कर चुकी है। इस गौरवशाली अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात सरकार 7 से 15 अक्टूबर तक राज्यव्यापी 'विकास सप्ताह' उत्सव मना रही है, जिसके तहत 10 अक्टूबर को 'उद्योग साहसिक दिवस' के रूप में मनाया जाएगा, जो गुजरात के औद्योगिक उत्कर्ष और नवाचार की भावना को समर्पित है। पिछले 24 वर्षों में पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में गुजरात देश के औद्योगिक विकास इंजन के रूप में उभरा है। विशेष रूप से 2009 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में शुरू हुई विभिन्न पहलों ने गुजरात को भारत का प्रमुख ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हब बना दिया है।

### ऑटोमोबाइल सेक्टर में गुजरात की सफल यात्रा का प्रमाण

भारत सरकार के वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण (एएसआई) के अनुसार, गुजरात में मोटर वाहन, ट्रेलर और सेमी-ट्रेलर का उत्पादन वर्ष 2008-09 में लगभग 3,200 करोड़ रुपए था, जो 2022-23 में बढ़कर 71,425 करोड़ रुपए के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, यह लगभग 22 गुना वृद्धि दर्शाता है। इस उपलब्धि ने 24.84 फीसदी की उल्लेखनीय वार्षिक चक्रवृद्धि वृद्धि दर (सीएजीआर) दर्ज की है, जो ऑटोमोबाइल सेक्टर में गुजरात की सफल यात्रा का प्रमाण है। वर्ष 2014 में शुरू किए गए 'मेक इन इंडिया' अभियान की सबसे बड़ी सफलता कहानियों में से एक गुजरात की रही है, जिसने इस दृष्टि को अटूट प्रतिबद्धता के साथ साकार किया है। वर्ष 2015-16 से 2022-23 के बीच

## 15 वर्षों में ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग 22 गुना बढ़ा

गुजरात के मोटर वाहन, ट्रेलर और सेमी-ट्रेलर विनिर्माण क्षेत्र में 12 गुना की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इस अवधि में विनिर्माण उत्पादन 5,836 करोड़ से बढ़कर रिकॉर्ड 71,425 करोड़ रुपए तक पहुंच गया था। यह छलांग राज्य की औद्योगिक दक्षता, निवेश-अनुकूल माहौल और मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का सशक्त प्रमाण है।

### गुजरात ने ऑटोमोबाइल निर्यात में अपनी स्थिति और सुदृढ़ की

कोविड महामारी के बाद गुजरात के ऑटोमोबाइल विनिर्माण क्षेत्र ने उल्लेखनीय वापसी करते हुए सिर्फ दो वर्षों में अपना उत्पादन दोगुने से भी अधिक कर लिया। मोटर वाहन, ट्रेलर और सेमी-ट्रेलर श्रेणी के नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2020-21 के कोविड प्रभावित दौर में जहां उत्पादन 34,107 करोड़ रुपए था, वहीं 2022-23 में यह रिकॉर्ड स्तर 71,425 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो 109 फीसदी की अभूतपूर्व वृद्धि दर्शाता है। रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और विश्वस्तरीय बंदरगाह अवसंरचना के बल पर गुजरात ने वैश्विक ऑटोमोबाइल निर्यात में अपनी स्थिति और सुदृढ़ की है।

### वैश्विक ऑटो निर्यात क्षितिज को नई ऊंचाई पर ले गई गुजरात

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के डीजीसीआईएस आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य ने लगभग 2,628 करोड़ रुपए के ऑटो कंपोनेंट्स/पार्ट्स और 11,172 करोड़ रुपए मूल्य के मोटर वाहन/कारों का निर्यात किया, कुल 13,799.79 करोड़ रुपए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 31.54 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि है। वित्त वर्ष 2024-25 में गुजरात ने 1,77,924 मोटर वाहन/कारें 102 देशों को निर्यात कीं, जिनमें दक्षिण अफ्रीका, जापान, सऊदी अरब, चिली, यूएई, मैक्सिको और कोलंबिया शामिल हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में 2,764 करोड़ रुपए के ऑटो कंपोनेंट्स/पार्ट्स और 8,493 करोड़ रुपए के वाहन निर्यात के मुकाबले यह वृद्धि गुजरात के वैश्विक ऑटो निर्यात क्षितिज को नई ऊंचाई पर ले गई है।

### पिछले डेढ़ दशक में गुजरात ने किया व्यापक विस्तार किया

पिछले डेढ़ दशक में गुजरात ने ऑटोमोबाइल विनिर्माण, ऑटो कंपोनेंट्स, लॉजिस्टिक्स और रिसर्च-डेवलपमेंट में व्यापक विस्तार किया है। सुजुकी, टाटा, हीरो कॉर्प और होंडा जैसी कंपनियों के साथ साणंद और मांडल-बेचराजी विशेष निवेश क्षेत्र (एमबीएसआईआर) राज्य के प्रमुख ऑटो हब बन चुके हैं। साणंद में टाटा मोटर्स और जेबीएम जैसे दिग्गजों के साथ एक मजबूत ऑटो कंपोनेंट ईकोसिस्टम है, जबकि मांडल-बेचराजी अत्याधुनिक अवसंरचना और निर्यात-उन्मुख सुविधाओं से अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स को आकर्षित कर रहा है। ये केंद्र गुजरात को भारत की 'ऑटोमोटिव हार्टलैंड' बनाने और प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन में अहम भूमिका निभा रहे हैं।



# एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी को मिली क्यूएस-आई गेज डायमंड रेटिंग

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।

एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी को समग्र संस्थागत उत्कृष्टता के लिए क्यूएस-आई गेज डायमंड रेटिंग प्रदान की गई है - यह मान्यता विश्वविद्यालय के शिक्षण, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास को दर्शाती है।विश्वविद्यालय की उन्नत सुविधाओं को प्लैटिनम रेटिंग से प्रमाणित किया गया, जबकि रोजगार क्षमता, शिक्षण और अधिगम, अनुसंधान, विविधता और सुगम्यता, और अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों को गोल्ड रेटिंग से सम्मानित किया गया। इसके संचालन और संरचना के लिए सिल्वर रेटिंग प्रदान की गई - जो इस बात की पुष्टि करती है कि विश्वविद्यालय की शिक्षण-अधिगम पद्धतियाँ, बुनियादी ढाँचा, संचालन और छात्र सहभागिता उच्चतम वैश्विक मानकों के अनुरूप हैं। क्यूएस आई-गेज मूल्यांकन एसआरएम एपी की खूबियों और निवेश के क्षेत्रों पर प्रकाश डालता है। हम इन जानकारियों का उपयोग संसाधनों के आवंटन को बेहतर बनाने और शिक्षा क्षेत्र में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को मजबूत करने के लिए करेंगे। डीन कार्यालय - गुणवत्ता आश्वासन और रैंकिंग के एसोसिएट डीन डॉ. कार्तिक राजेंद्रन ने कहा।कुलपति (स्वतंत्र प्रभार), प्रो. सतीश कुमार ने अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा, "हम क्यूएस आई-गेज डायमंड रेटिंग पाकर बेहद गौरवान्वित हैं, जो हमारे विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता की संस्कृति को दर्शाती है। यह उपलब्धि हमारे संकाय के समर्पण, हमारे छात्रों की जिज्ञासा और लगन, तथा हमारे नेतृत्व और हितधारकों के अटूट समर्थन का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मान्यता ज्ञान को आगे बढ़ाने, नवाचार को बढ़ावा देने और विश्वस्तरीय उच्च शिक्षा के केंद्र के रूप में भारत की प्रगति में सार्थक योगदान देने के विश्वविद्यालय के संकल्प को और मजबूत करती है।क्यूएस आई-गेज रेटिंग एसआरएम एपी के प्रदर्शन का एक समग्र 360-डिग्री ऑडिट प्रदान करती है और प्रमुख मापदंडों का आकलन करने के लिए एक संरचित और व्यापक ढांचा प्रदान करती है। एक नए युग के संस्थान के रूप में, जो रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी को पोषित करने वाले शोध-गहन, वैश्विक रूप से जुड़े शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, यह बाहरी मान्यता एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में उच्च मानकों को बनाए रखने वाले वैश्विक मानक के रूप में स्थापित करती है।




## छलनी से चांद देखने के पूर्व बाजारों में सुहागिनों की भीड़

**भोपाल।** सुहागिनों का पर्व करवा चौथ 10 अक्टूबर को है अतःकरवा चौथ के पूर्व राजधानी के स्थानीय बाजारों में लाल साड़ी और लहंगे की खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ उमड़ी। साड़ी, लहंगा, साज-श्रृंगार सुहागिनों के प्रतीक सहित सोने-चांदी के आभूषणों की अच्छी खरीदारी की उम्मीद है। व्यापारियों को दीपावली तक कपड़ा बाजार, सर्राफा बाजार और सौंदर्य प्रसाधन सामग्री बाजार में व्यापार की अच्छी उम्मीद है। बाजार विशेषज्ञों की माने करवा चौथ के मौके शहर के सर्राफा बाजार और कपड़ा बाजार सहित अन्य सुहाग की सामग्री से करीब 20 करोड़ रुपए से अधिक का व्यापार होगा। गौरतलब है कि हर साल करवा चौथ पर सोने-चांदी के बाजार गुलजार होता है। इससे धनतेरस, दीपाली और लग्नसरा में होने वाले कारोबार को लेकर दुकानदारों में बड़ी आस जागी है। राजधानी में सोने-चांदी का बड़ा कारोबार है। त्योहार पर यह कारोबार बढक़र दो गुना हो जाता है। करवाचौथ पर सोने-चांदी के कारोबार को पंख लग जाते हैं। कारोबारियों की मानें तो राजधानी में करवा चौथ पर करोड़ के आसपास का कारोबार होता है। करवा चौथ, दीपावली और इसके साथ ही लगी लग्नसरा ने कारोबार को अच्छा अक्सीजन मिलेगा। फिलहाल अभी करवाचौथ को लेकर सोने.चांदी की अच्छी खासी खरीद हो रही है।

## टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026

# कीट डीम्ड विश्वविद्यालय को मिला वैश्विक स्तर पर 501 संस्थानों सूची में कीट पांचवें स्थान पर भारत में सर्वश्रेष्ठ रहा

**भुवनेश्वर।** टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 के घोषित परिणामों में भुवनेश्वर कीट डीम्ड विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर 501 संस्थानों में आंका गया है। प्रकाशित सूची में कीट पांचवें स्थान पर भारत में सर्वश्रेष्ठ रहा है। गौरतलब है कि कीट ओडिशा का एकमात्र ऐसा तकनीकी संस्थान है जिसे राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 10 की सूची में जगह मिली है और यह ओड़िशा राज्य के लिए बेहद गर्व की बात है और इसकी बढ़ती शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रत्यक्ष प्रतीक है।

वैश्विक स्तर पर कीट को 2,191 विश्वविद्यालयों में 501-600 बैंड में और 128 भारतीय संस्थानों में राष्ट्रीय स्तर पर पाँचवाँ स्थान प्राप्त हुआ है, जो पिछले वर्ष के 601-800 बैंड की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। यह वृद्धि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति और भारत के सबसे गतिशील और विश्व स्तर पर दिखाई देने वाले संस्थानों में से एक के रूप में इसके उभरने को दर्शाती है। भारतीय विज्ञान संस्थान भारतीय विश्वविद्यालयों में शीर्ष पर रहा, जबकि कीट भारत का पाँचवाँ सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय है।

इस वर्ष, कीट को टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के 'शैक्षणिक उत्कृष्टता' मानदंड में विश्व में 259वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। टाइम्स हायर एजुकेशन पाँच मानदंडों के आधार पर रैंकिंग प्रदान करता है। उल्लेखनीय रूप से, कीट डीम्ड विश्वविद्यालय ने 'उद्योग एकीकरण', 'अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण' और 'सामाजिक प्रतिबद्धता मानदंडों में भारत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। टाइम्स हायर एजुकेशन के मूल्यांकन के अनुसार, विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग 2026 में कीट का प्रदर्शन एक दशक के परिवर्तन को दर्शाता है—स्थानीय उत्कृष्टता से वैश्विक मान्यता तक। इस संस्थान ने यह प्रदर्शित किया है कि ओडिशा का एक सामाजिक रूप से समावेशी विश्वविद्यालय नवाचार, करुणा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों से प्रतिस्पर्धा कर सकता है।इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कीट-कीस संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने कहा, "हर राज्य की आकांक्षा होती है कि उसका विश्वविद्यालय विश्व स्तर पर शीर्ष 500 में स्थान अर्जित करे। मुझे खुशी है कि कीट अपनी स्थापना के मात्र 28 वर्षों और एक डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में 22 वर्षों के अनुभव के साथ, 501 विश्वविद्यालयों की सूची में दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में शुमार हो गया है। यह उपलब्धि विशेष रूप से ओडिशा और पूरे भारत के लिए गौरव की बात है।



## अयोध्या पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण



**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या बुधवार को एक बार फिर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक क्षण की साक्षी बनी, जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2 दिनी यात्रा पर पहुंचीं। वाद्ययंत्रों की मधुर धुनों पुष्पवर्षा के बीच उनका स्वागत हुआ, जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक आत्मा स्पंदित हो उठी।



## छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में प्रोफेसर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के एक प्राइवेट कॉलेज के एचओडी को एक छात्रा की पढ़ाई और अटेंडेंस में मदद के बहाने कथित तौर पर दुर्व्यवहार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। संजीव कुमार मंडल पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। मंडल ने कथित तौर पर बीसीए की छात्रा को अपने घर बुलाया और कहा कि ये स्पेशल क्लास है।



## शाहरुख की रेड चिलीज से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े द्वारा शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे में समन जारी किया। यह 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में वानखेड़े के चित्रण को लेकर है। 7 दिन में जवाब देने को कहा है।



## 'कार्यवाहक पीएम' जैसा बर्ताव कर रहे अमित शाह

**कोलकाता।** सीएम ममता बेनर्जी ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि शाह की हरकतें और उनका व्यवहार 'कार्यवाहक प्रधानमंत्री' जैसा है। मैं प्रधानमंत्री से आग्रह करना चाहती हूं कि वे शाह पर अधिक भरोसा न करें, जो 'एक दिन उनके लिए मीर जाफर' जैसे बन सकते हैं।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने 'शरणार्थी कार्ड' की प्रक्रिया पर कड़ी टिप्पणी की

# संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने भारत में शो रूम खोल लिया क्या?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी द्वारा भारत में प्रवासियों को 'शरणार्थी कार्ड' जारी करने की प्रक्रिया पर कड़ी टिप्पणी की है। जस्टिस कांत ने कहा कि एजेंसी ने यहां शोरूम खोल रखा है और प्रमाणपत्र बांट रहे हैं। यह टिप्पणी उस समय आई जब न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ सूडान के एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो वर्ष 2013 से भारत में रह रहा है।




### भारत ने 'रिफ्यूजी कन्वेंशन' पर हस्ताक्षर नहीं किए

न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने यह भी कहा कि भारत ने अभी तक शरणार्थियों के अधिकारों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय संधि यानी 'रिफ्यूजी कन्वेंशन' पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारे देश के आंतरिक कानून में शरणार्थियों के लिए कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। मुरलीधर ने स्वीकार किया कि भारत ने उस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, लेकिन उन्होंने अदालत को बताया कि पिछले दो महीनों से दिल्ली में अफ्रीकी मूल के लोगों को बिना वजह हिरासत में लिया जा रहा है। हम ऑस्ट्रेलिया में शरण पाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं और इसी बीच यह कार्रवाई शुरू हो गई है।

**हमें बहुत सावधानी बरतनी होगी**

इस पर न्यायमूर्ति बागची ने पूछा कि याचिकाकर्ता सीधे ऑस्ट्रेलिया क्यों नहीं चला जाता? मुरलीधर ने उत्तर दिया कि वह ऐसा करना चाहता है, लेकिन तब तक अदालत से अस्थायी संरक्षण की उम्मीद रखता है। हालांकि, पीठ इस पर सहमत नहीं हुई। जस्टिस कांत ने अंतरिम राहत देने में अनिच्छा जताते हुए कहा कि हमें बहुत सावधानी बरतनी होगी। लाखों लोग यहां बैठे हैं। अगर कोई इस तरह का प्रयास करता है।

### ऑस्ट्रेलिया में शरण की कोशिश

याचिकाकर्ता ने बताया कि उसकी पत्नी और बच्चे को संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त द्वारा 'शरणार्थी कार्ड' जारी किए गए हैं। उसका कहना था कि वह ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने की प्रक्रिया में है और इस दौरान भारत में उसे अस्थायी सुरक्षा प्रदान की जाए।याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एस. मुरलीधर ने दलील दी कि जिन व्यक्तियों को यूएनएचसीआर से 'शरणार्थी कार्ड' मिले हैं, उन्हें गृह मंत्रालय और विदेशी नागरिक पंजीकरण कार्यालय द्वारा अलग तरीके से देखा जाता है। मुरलीधर ने यह भी बताया कि रिफ्यूजी कार्ड जारी करने से पहले कड़ी जांच की जाती है और यह प्रक्रिया कई वर्षों तक चलती है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8335914373 (रायपुर /11/ अक्टूबर/25)

आवश्यकता है - एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवी पास ग्रेजुएट लड़के _ लड़कियां( 24500064500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड -बोनस।- 9205091963 (रायपुर /09/ अक्टूबर/25)


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## शब्द पहेली - 6014



**बाएँ से दाए**

1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**

1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा(उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6013 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | ब | न | कु | मा | र | | म | क | ब | रा |
| ला | न | | त | | स | ली | का | | स | त |
| य | | प | र | वा | ना | | न | न | | दि |
| न | का | र | ना | | | क | | म | हा | न |
| वा | | ख | | स | ह | ल | ज | | ज | |
| दी | वा | ना | प | न | | प | र | ब | री | श |
| | जि | | र | स | ले | ना | | न | | री |
| ग | ब | न | | नी | | | अ | वा | न्त | र |
| ज | | शा | न | | आ | ब | नू | स | | र |
| रा | ज | | ज | टा | यु | | रू | | क | क्ष |
| ज | ल | च | र | | ध | मौं | प | दे | श | क |

## सूडोकु नवताल - 6024

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6023 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |



पर्व उद्देश्य / डॉ. मोनिका शर्मा

गणेशोत्सव के बाद नवरात्र, दशहरा और अब दीपावली आ रही है। त्योहारों की यह श्रृंखला हमें उत्सवी उल्लास में रंगकर आपस में जोड़ती है, हम नई ऊर्जा-उमंग से भर उठते हैं। इसलिए हम हर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाएं, इसके उद्देश्य और संदेश को जानें-समझें और अपने जीवन में नए रंग भरें, ऊर्जावान हों।

# आओ रंग जाएं उत्सवी रंग में

प्यारे बच्चो, भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है। साल भर यहां किसी ना किसी त्योहार की धूम रहती है। हर राज्य, हर क्षेत्र के लोगों के पास किसी न किसी पर्व या उत्सव के रंग में रंग जाने का मौका देखा जा सकता है। हमारी कल्चरल डायवर्सिटी (सांस्कृतिक विविधता) के चलते ये सतरंगी उत्सव जीवन में खुशियों की सौगात लेकर आते हैं। इन दिनों भी तुम्हें अपने आस-पास त्योहारी रौनक दिख रही होगी।

बच्चो, इन त्योहारों की रौनक कोई पूजा-अर्चना भर नहीं है। ना ही स्कूल से मिली त्योहारी छुट्टियां खाने-पीने और मौज उड़ाने का मौका भर हैं। हमारे पर्व और उनको मनाने से जुड़े विधि-विधान बहुत कुछ सीखने-समझने का सुनहरा अवसर होते हैं। ऐसे उत्सव अपने परिवार से मिलने-जुड़ने की मनभावन परंपराएं साथ लाते हैं। बच्चो, इस बार भी तुम त्योहारों की धूम की खूब खुशियां बटोरो, उत्सवीय रंगों में रंग उठो।

## त्योहारों का लो आनंद

बच्चो, इस साल के त्योहारी सीजन के कुछ पर्व तो हमने मना लिए हैं, कुछ त्योहार आने अभी बाकी हैं। पहले खूब धूमधाम से गणपति की पूजा हुई फिर नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा की गई, दशहरा पर रामलीलाएं और रावण दहन भी तुमने देखा। अब सबको धनतेरस, दीपावली और भैया दूज जैसे त्योहारों की रौनक का इंतजार है। तुम भी इस त्योहारों की श्रृंखला का खूब आनंद लो। हमारे देश में साल के ये दिन खुशियां मनाने और बांटने का अवसर लेकर आते हैं। इसीलिए दीपावली और इससे जुड़े अन्य त्योहारों को सबके साथ हंसी-खुशी मनाओ, अपनों के संग समय बिताओ। बड़ों का आशीर्वाद लो। सबसे गले मिलो और खूब प्यार बांटो। त्योहार के मौके पर आने वाले सगे संबंधियों, रिश्तेदारों का खूब प्यार से स्वागत करो। इस मेल-जोल से तुम्हें एक खुशी मिलेगी। सबसे बातचीत करने का सलीका आएगा।

## कुछ नया सीखो

बच्चो, त्योहार नई चीजें सीखने का सुंदर मौका होते हैं। दीपावली की साफ-सफाई में मम्मा की मदद करना कई लाइफ स्किल्स सिखाता है। अपनी चीजों को संभालकर रखने से लेकर कमरे को क्लटर फ्री करने तक, कई काम और एक्टिविटीज सीखने को मिलती हैं। घर की सजावट करना हो या किसी फेस्टिवल पर किया जाने वाला खास नृत्य, सब कुछ स्किल्स ही तो हैं। जैसे नवरात्र में गरबा नृत्य किया जाता है तो दीपावली में रंगोली बनाने का रिवाज है। बच्चो, अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ मिलकर त्योहार मनाना, ट्रेडिशनल ड्रेस पहनना, परंपरागत रिवाज निभाना, ये सब कुछ सीखने में रुचि लेनी चाहिए। त्योहारों से जुड़ी पुरानी बातें भी तुम्हारे लिए तो नई ही हैं। हमारे त्योहार तो खुशियां मनाना ही नहीं अलग-अलग ढंग से दूसरों की मदद करना भी सिखाते हैं।





## स्क्रीन से तो दूरी भली

बच्चो, त्योहारी रौनक में अपना टाइम, स्मार्टफोन, टैब या लैपटॉप की स्क्रीन में झांकते हुए बिताने की गलती तुम्हें नहीं करनी है। चमकती स्क्रीन में ऑनलाइन गेम्स खेलने या दूसरी एक्टिविटीज में गुम रहने के बजाय रीयल वर्ल्ड की रौनक देखने में रुचि लो। स्मार्ट गैजेट्स लेकर बैठने के बजाय पूजा की तैयारियों और घर में सजावट के छोटे-मोटे काम करने में बड़ों की मदद करो। रोशनी के त्योहार दीपावली पर रंग-बिरंगी रंगोली बनाने या घर की लाइटिंग करने में भी मदद कर सकते हो। त्योहारी छुट्टियां अपनों के साथ बिताने के लिए होती हैं। बच्चो, सेलिब्रेशन के इस उजास में घर सजाने, दीये जलाने, परिवार के सदस्यों के साथ रीति-रिवाज अपनाने का एक बहुत अच्छा अवसर है। *

## परंपराओं के बारे में जानो

बच्चो, अपने पर्वों को हर्षोल्लास के साथ मनाने के अलावा इनके बारे में जानने में भी रुचि लो। हमारे सभी त्योहारों से कोई ना कोई कहानी जुड़ी है, इसके पीछे कोई बड़ा संदेश भी छुपा है। इसीलिए त्योहारों का आनंद लेते हुए घर के बड़ों से इन पर्वों की कहानियों के बारे में जरूर जानो, ताकि त्योहारों के महत्व को और अच्छे से समझ सको। जैसे दीपावली का पर्व अंधकार पर उजाले की जीत का पर्व है। वैसे ही हर त्योहार से जुड़ी परंपराएं अच्छी और सच्ची सीख ही देती हैं। बच्चो, घर के बड़े-बुजुर्ग हों या अध्यापक, इन सभी को पर्वों से संबंधित सवालों का जवाब देने में खुशी ही मिलती है। वे बहुत मन से सारी कहानियां बताने में रुचि लेते हैं। यह बातचीत तुम्हें इन त्योहारों को गहराई से जोड़ेगी।

यूजफुल इंस्ट्रूमेंट

# सब कुछ कर दे क्लीन वैक्यूम क्लीनर

बच्चो, त्योहार का सीजन हो या कोई आम दिन, साफ-सफाई के दौरान डस्टिंग-क्लीनिंग को ईजी और इफेक्टिव बनाता है वैक्यूम क्लीनर। जानो, वैक्यूम क्लीनर से जुड़ी कुछ रोचक बातें।



बच्चो, दिवाली आने में कुछ ही दिन शेष हैं। तुम्हारे घर में भी जोर-शोर से दिवाली की सफाई चल रही होगी। साफ-सफाई के दौरान जमी हुई धूल-मिट्टी और गंदगी को दूर करने में वैक्यूम क्लीनर काफी मददगार होता है। आजकल घरों में, ऑफिस में, स्कूलों में, लाइब्रेरीज या सार्वजनिक स्थानों, जैसे- एयरपोर्ट, मेट्रो आदि स्थानों पर साफ-सफाई के लिए इलेक्ट्रिक वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल किया जाता है। यह बहुत ही आसानी से धूल कणों और गंदगी को साफ कर देता है।

**कुछ ऐसा था शुरुआती वैक्यूम क्लीनर:** वैक्यूम क्लीनर के आविष्कार का प्रयास सन 1800 के अंतिम दिनों से शुरू हो गया था। घर के काम में आने वाले उपकरणों के आविष्कारकर्ताओं ने पहले भी इलेक्ट्रिक क्लीनर बनाया था, लेकिन यह आधुनिक वैक्यूम क्लीनर से कई मामलों में अलग था। इन इलेक्ट्रिक क्लीनर से निकलने वाली तेज हवा धूल को खींचने के बजाय बाहर की तरफ उड़ा देती थी, जिससे ये धूल उड़ कर चारों ओर रखी चीजों पर जम जाती थी।



**आधुनिक वैक्यूम क्लीनर:** सन 1901 में ब्रिटेन के एच.सी. बोथ ने पहला ऐसा वैक्यूम क्लीनर बनाने में सफलता पाई, जो धूल को उड़ाने के बजाय अपने अंदर खींच लेता था। उसके बाद से इसकी बनावट और कार्यप्रणाली में समय-समय पर कई बदलाव और सुधार किए जाते रहे हैं। अब तो आधुनिक तकनीकों से लैस रोबोटिक और एआई तकनीक वाले वैक्यूम क्लीनर्स भी बाजार में आ चुके हैं।

**पोर्टेबल और बहुत ही उपयोगी:** इन दिनों यूज की जाने वाली वैक्यूम क्लीनर, बिजली से चलने वाली एक ऐसी छोटी सी मशीन है, जिससे कार्पेट्स और फर्श पर पड़ी धूल, कागज के छोटे-छोटे टुकड़े, किताबों पर जमी धूल आदि की सफाई आसानी से की जा सकती है। इस मशीन को कोई भी व्यक्ति आसानी से हाथ में उठाकर सफाई कर सकता है। इसकी सहायता से दीवारों, पर्दों और नुकीली सतहों की सफाई भी की जाती है। सफाई करने के लिए यह एक बहुत ही उपयोगी मशीन है। *

- एफएमएन

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# जंगल में बन गया पुल

बच्चो, तुमने नदियों पर बने पुल जरूर देखे होंगे। पुल के जरिए ही हम ट्रेन या अपने वाहन से नदी को आसानी से पार कर लेते हैं। सोचो, अगर पुल न होते तो किसी नदी को पार करना कितना मुश्किल होता? इस छोटी सी कहानी की किताब 'जानवरों ने पुल बनाया' में भी तुम पढ़ सकते हो कि नंदन वन में रहने वाले जानवरों के द्वारा एक नदी पर कैसे पुल बनाया जाता है? दरअसल, नंदन वन के बीच से एक नदी बहती थी। जब उसमें पानी का बहाव तेज हो जाता तो जंगल के जानवर नदी के उस पार नहीं जा पाते थे। इस समस्या के समाधान के लिए राजा शेर सिंह सारे जानवरों की सभा बुलाता है। फिर वहां सारे जानवर क्या-क्या बातें करते हैं, कैसे पुल बनाने की तैयारी होती है, कौन सा जानवर क्या काम करता है और पुल कैसे बनता है? यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस रंगीन चित्रों वाली किताब को पढ़कर तुम जानोगे कि अगर सब मिलकर काम करें तो बड़े-कठिन काम भी आसानी से पूरे हो सकते हैं। *



**पुस्तक:** जानवरों ने पुल बनाया, **लेखक:** डॉक्टर घमंडीलाल अग्रवाल, **मूल्य:** 90 रुपए, **प्रकाशक:** सूर्य भारती प्रकाशन, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**सोनू** : यार, ये दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**मोनू** : तुम्हें इतना भी नहीं पता! 'दर्दनाक' का मतलब होता है 'नाक में दर्द।'
-मुस्कान, बिलासपुर

**नव्या** : रात को सूरज क्यों नहीं दिखाई देता है?
**नैंसी** : क्योंकि वह पूरे दिन आसमान में घूम-घूमकर थक जाता है, इसलिए रात को सो जाता है।
-खुशबू, ई-मेल से

**टीचर** : न्यूटन का नियम बताओ।
**राजू** : सर, पूरा तो याद नहीं, लास्ट की लाइन याद है।
**टीचर** : चलो, लास्ट की ही सुनाओ।
**राजू** : ...और इसे ही न्यूटन का नियम कहते हैं।
-तनुजा, रायपुर

## जीके क्विज-174

1. आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार दुनिया का नंबर वन टी-20 बैट्समैन कौन बना है?
2. छत्तीसगढ़ का कौन-सा जिला आधिकारिक रूप से भारत का पहला बालविवाह मुक्त जिला घोषित किया गया है?
3. जिम कार्बेट नेशनल पार्क किस राज्य में स्थित है?
4. छत्रपति शिवाजी की मां का नाम क्या था?
5. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?
6. रेडियो की खोज किसने की थी?
7. कौन-सा विटामिन रक्त का थक्का बनने में सहायक होता है?
8. दूध में कौन-सा एसिड पाया जाता है?
9. ओडिशा की राजधानी कहां है?
10. थार मरुस्थल भारत के किस राज्य में स्थित है?



बच्चो, जीके क्विज-174 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-173 का उत्तर :** 1 अग्नि-पी, 2.रानी मुखर्जी, 3.ह्वांगहो, 4.यमुना, 5.काला, 6.इटली, 7.चीन में, 8.बोधगया, 9.किडनी, 10.मैलिक अम्ल

**जीके क्विज-173 का सही उत्तर देने वाले :** ज्योति-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, ललित-रायपुर, अंकिता-रोहतक, कुसुम-भोपाल, कनिष्क-बिलासपुर, रोशन-बलौदा बाजार, रमेश-बैकुंठपुर, अजय-महासमुंद, राशि-बालोद, विकास-बेमेतरा, राजू-दुर्ग, अंकित-कांकेर, हर्ष-दिल्ली, साकेत-धमतरी, सृष्टि-हिसार

कहानी
सुधा रानी तैलंग

घर में पपी आया तो गट्टू का क्या, दादाजी का भी प्यारा साथी बन गया। गट्टू खाली समय में पपी के साथ खेलता तो दादाजी भी इस खेल में शामिल हो जाते। कुछ ही दिनों में नन्हा पपी पूरे परिवार का लाडला बन गया। एक प्यारी-सी कहानी।

# गट्टू को मिला नया दोस्त



छह साल का गट्टू अपने दादाजी के संग पार्क से लौट रहा था। रास्ते में ही उसे छोटा-सा प्यारा पपी दिखा। उसके एक पैर से खून बह रहा था। वह दर्द से कराहते हुए कूं.. कूं.. कर रहा था।

गट्टू ने दादा जी से कहा, 'दादू, पपी को हम अपने घर ले चलते हैं। देखिए, बेचारे को कितनी चोट लगी है।'

'हां बेटा, हमें इसे अपने घर ले चलना चाहिए।' कहते हुए दादाजी ने पपी को अपनी गोद में उठा लिया।

घर आकर दादाजी ने गुनगुने पानी में एंटिसेप्टिक लिक्विड डाल कर पपी के पैर की कॉटन से सफाई की फिर कपड़े से पैर पोछकर उसके घाव पर दवाई लगाई।

गट्टू ने अपना हाथ आगे बढ़ाया तो पपी ने अपना दूसरा पैर उसके हाथ में दे दिया। गट्टू बोला, 'देखिए दादाजी, पपी तो मुझसे दोस्ती कर रहा है।' गट्टू की बात सुनकर दादाजी ने मुस्कुराते हुए उसके गालों पर प्यार से थपकी लगाई। तभी गट्टू की मम्मी, पपी के लिए एक कटोरी में दूध-रोटी लेकर आ गईं। पपी बहुत भूखा था, उसने झटपट दूध-रोटी चट कर दिया। शाम को जब पापा ऑफिस से लौटे तो गट्टू ने पपी के मिलने, उसके चोटिल होने और उसे घर लाने की पूरी कहानी उन्हें बताई। पापा बोले, 'शाम हो रही है। पूरी तरह अंधेरा होने से पहले चलो इसे पार्क में वापस छोड़ आते हैं, इसकी मां परेशान हो रही होगी।'

'पर पापा मैं तो इसे घर पर ही अपने साथ रखूंगा।' गट्टू रोनी सूरत बनाकर बोला।

'नहीं बेटा, जिद नहीं करते।' गट्टू को समझाते हुए पापा पपी को लेकर पार्क में चले गए। वहां चारों तरफ ढूंढा पर पपी की मां कहीं नहीं मिली। पापा और गट्टू पपी को साथ लेकर वापस घर आ गए। आते ही गट्टू चहकते हुए दादाजी से बोला, 'दादू, अब तो पपी हमारे साथ ही रहेगा। इसकी मां तो मिली ही नहीं।' दादाजी हंसते हुए बोले, 'बहुत बढ़िया! चलो तुम्हें खेलने के लिए एक नया दोस्त मिल गया। पर एक शर्त है कि तुम्हें अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान देना होगा।'

'ओके दादू!' गट्टू ने खुश होते हुए कहा।

बस फिर क्या था, पूरे घर में ही एक नए मेहमान पपी के आने से खुशी का माहौल बन गया। पपी के लिए एक छोटा और सुंदर सा गले का पट्टा आ गया। उसके लिए नरम कपड़े का बिछौना तैयार हो गया। कुछ ही दिनों में पपी का पैर भी ठीक हो गया और वह पूरे घर में उछल-कूद करने लगा।

दादाजी और गट्टू नन्हे पपी के साथ खूब खेलते थे। आगे-आगे पपी, फिर दादा जी, पीछे-पीछे गट्टू। कपड़े की बनी गेंद से पपी के साथ खेलने में गट्टू के साथ दादाजी को भी खूब मजा आता।

यह सब देखकर एक दिन पापा बोले, 'पपी के आ जाने से एक बात तो अच्छी हुई कि पहले बाबूजी पूरे दिन लेटे रहते थे, अब देखो कितनी दौड़ लगाते हैं। कितने खुश रहते हैं। लगता है अब उनकी सेहत पहले से अच्छी हो जाएगी और उनकी दवाइयां भी धीरे-धीरे कम हो जाएंगी।'

यह सुनते ही दादाजी हंसते हुए बोले, 'तुम सच कह रहे हो बेटा। पपी के आने से पूरे घर में कितनी रौनक आ गई है। मेरे बूढ़े शरीर में ताकत आ गई है। क्या करूं बेटा, तुम और बहू दोनों सुबह ऑफिस चले जाते हो और गट्टू अपने स्कूल। आखिर मैं अखबार कब तक पढ़ूं और टीवी भी कब तक देखूं? पहले तो मेरा समय ही नहीं कटता था। अब इस पपी के आने के बाद से समय कैसे बीत जाता है, पता ही नहीं चलता।'

'हां, यह बात तो सच है बाबूजी।' पापा ने कहा।

सचमुच वह नन्हा-नटखट पपी, दादाजी और गट्टू का बहुत ही प्यारा साथी बन गया था। गट्टू जब स्कूल जाता तो पपी उसे बाहर तक छोड़ने जाता। उसके लौटते समय दरवाजे पर बैठ जाता और पूंछ हिला कर गट्टू का स्वागत करता। सुबह जब न्यूज पेपर आता तो पपी मुंह में दबाकर सबसे पहले जाकर दादाजी को देता। कुछ ही दिनों में वो क्यूट पपी पूरे परिवार का लाडला बन गया। गट्टू तो बहुत ही खुश था, क्योंकि उसे एक प्यारा दोस्त जो मिल गया था। *

कविता
शादाब आलम



# बस्ता बोले

बस्ता बोले, आओ जी
हंसकर मुझे उठाओ जी।
बोझ नहीं हूं साथी हूं मैं
मुझपे मत गुस्साओ जी।
मुझमें कितनी चीज तुम्हारी
गिनकर जरा बताओ जी।
इमली, चूरन, सौंफ, चने, गुड़
मुझमें कहीं छुपाओ जी।
लंच ब्रेक में मित्रों के संग
खूब मजे से खाओ जी।
कभी किसी दिन टीचर जी से
अगर इजाजत पाओ जी।
अपने सभी खिलौने भरकर
विद्यालय ले जाओ जी।

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां पानी में तैरती हुई एक नन्ही जलपरी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये सात अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी सात अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1. जलपरी के बाएं हाथ में मोती वाला सीप बंद है। 2.पीछे बायीं तरफ दो के बजाय तीन मछलियां तैर रही हैं। 3.दाहिनी तरफ सी-हॉर्स के बॉडी पर ब्लैक स्पॉट्स हैं। 4.ऊपर दायीं तरफ तैर रही नन्ही मछलियां गायब हैं। 5.आगे बायीं तरफ दो के बजाय तीन पिंक कोरल हैं। 6.पिंक कोरल्स के बगल में दायीं तरफ छोटी-सी केव दिख रही है। 7.आगे दिख रहे व्हील में एक रॉड कम है।

## सही मिलान करो

बच्चो, दिए गए चित्र में अलग-अलग जानवरों के शरीर का आधा हिस्सा बायीं तरफ और बाकी आधा हिस्सा दायीं तरफ दिया गया है। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से इनका सही मिलान करो और जानो कौन-सा जानवर है?




**उत्तर** : A-3, B-4, C-2, D-1

# वनडे विश्व कप इतिहास में रिचा सहित इन भारतीय महिला बल्लेबाजों ने खेली सबसे तेज पारियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनडे विश्व कप 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम ने पहले मैच में श्रीलंका को और दूसरे मैच में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम को हराते हुए अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। पाकिस्तान के विरुद्ध रिचा घोष ने आक्रामक पारी खेली। इस बीच वनडे विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज पारियां (कम से कम 30 रन) खेलने वाली भारतीय बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।



### झूलन गोस्वामी

(स्ट्राइक रेट- 171.42 बनाम वेस्टइंडीज, 2013)

अपनी गेंदबाजी के लिए मशहूर रही झूलन गोस्वामी भी इस सूची में मौजूद है। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी ने विश्व कप 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में 21 गेंदों में 171.42 की स्ट्राइक रेट के साथ 36 रन की पारी खेली थी। अपनी इस आक्रामक पारी में उन्होंने 6 चौके लगाए थे। दिलचस्प रूप से उस मैच में गोस्वामी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी थी।



### हरमनप्रीत कौर

(स्ट्राइक रेट- 163.63 बनाम वेस्टइंडीज, 2013)

जिस मैच में गोस्वामी ने बल्लेबाजी में कमाल किया था, उसी मैच में हरमनप्रीत ने 22 गेंदों में 36 रन बनाए थे। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के भी लगाए थे। भारत ने ब्रेबोर्न स्टेडियम में हुए उस मैच में 284/6 का स्कोर बनाया था। भारतीय सलामी बल्लेबाज थिरुश कामिनी ने 100 रन की पारी खेली थी। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम सिर्फ 179 रन पर ही सिमट गई थी।

### वेदा कृष्णमूर्ति

(स्ट्राइक रेट- 155.55 बनाम न्यूजीलैंड, 2017)

विश्व कप 2017 में भारत ने न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम को 186 रन से करारी शिकस्त दी थी। डर्बी में खेले गए मैच में भारत ने 265/7 का स्कोर बनाया था। भारत से कप्तान मिताली राज ने 123 गेंदों में 109 रन बनाए थे। वहीं, वेदा कृष्णमूर्ति ने 155.55 की स्ट्राइक रेट से 45 गेंदों में 70 रन बनाए थे। जवाब में राजेश्वरी गायकवाड़ की घातक गेंदबाजी (5/15) के सामने कीवी टीम 79 रन पर ढेर हुई थी।



## खबर संक्षेप



### जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप आज से

**भुवनेश्वर।** यहां शुक्रवार से शुरू हो रही पांच दिवसीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में विजयी रहने वाले खिलाड़ियों को अगले महीने रांची में दक्षिण एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में खेलने का मौका मिल सकता है। दक्षिण एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में 24 से 26 नवंबर तक होगी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के प्रवक्ता आदिले सुमरिवाला ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतिभाशाली जूनियर खिलाड़ियों के लिये अच्छा मौका होगी। सीनियर खिलाड़ियों के साथ एएफआई चयन समिति राष्ट्रीय टीम में युवाओं को भी मौका देगी।'' एएफआई के पूर्व अध्यक्ष सुमरिवाला ने कहा कि यहां पांच दिवसीय टूर्नामेंट में 2000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे जिनमे 950 महिला खिलाड़ी हैं।

### रोहित-विराट वनडे विश्व कप की योजनाओं में शामिल : गिल



**नई दिल्ली।** भारत की वनडे टीम के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को कहा कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम की 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप की योजना का हिस्सा बने रहेंगे क्योंकि उनके कौशल और अपार अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि वह इस महीने के अंत में आस्ट्रेलिया दौरे से इस प्रारूप की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने और खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 26 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के साथ अपनी एकदिवसीय कप्तानी की शुरुआत करेंगे।

### थिगाला की अच्छी शुरूआत संयुक्त चौथे स्थान पर



**योकोहामा (जापान)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहिथ थिगाला ने बृहस्पतिवार को यहां पीजीए टूर पर बेकरंट क्लासिक के पहले दौर में एक डबल बोगी के बावजूद तीन अंडर 68 का कार्ड बनाया। इससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर हैं और शीर्ष पांच खिलाड़ियों में बने हुए हैं। गर्दन की चोट से परेशान रहे थिगाला ने मुश्किल परिस्थितियों में पांच बर्डी लगाईं और एक डबल बोगी कर बैठे। मैक्स ग्रेसरमन 67 के कार्ड से बुड कॉले और ब्रायन कैंपबेल के साथ बढ़त बनाए हैं।

## भारत-वेस्टइंडीज दूसरा टेस्ट आज से, मैच सुबह 9:30 बजे से

# जीत से लबरेज टीम इंडिया वेस्ट इंडीज को क्लीन स्वीप करने लगाएगी जोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहले मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत मेजबान भारत आज 10 अक्टूबर से अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू हो रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को एक और करारी शिकस्त देने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा हालांकि इस मैच में उसकी निगाहें साई सुदर्शन के धैर्य और घरेलू परिस्थितियों में नीतीश कुमार रेड्डी की उपयोगिता पर टिकी होंगी।

भारत के पास प्रतिभाशाली क्रिकेटरों का शानदार समूह है, जिनमें से प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी शीर्ष टीम में जगह बनाने में सक्षम है। उसका मुकाबला वेस्टइंडीज की उस टीम से होगा जिसका अतीत गौरवशाली रहा है लेकिन जो वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। वेस्ट इंडीज रोस्टन चेज के नेतृत्व में मेहमान टीम प्रदर्शन में सुधार चाहेगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।



### अब तक 101 टेस्ट में आपस में भिड़ी हैं दोनों

भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक 101 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 24 मुकाबलों में जीत मिली है। वेस्टइंडीज ने 30 मैच अपने नाम किए हैं। दोनों टीमों के बीच 47 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। भारतीय सरजमीं पर भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक 48 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं। 14 मैच भारतीय टीम ने जीते हैं और 14 में उसे हार मिली है। 20 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

### भारतीय एकादश

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, और मोहम्मद सिराज।

### ऐसी है वेस्टइंडीज की टीम

वेस्टइंडीज को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी टैगनारिन चंद्रपॉल, और जॉन कैंपबेल के कंधो पर होगी। पहले टेस्ट में इस सलामी जोड़ी ने निराश किया था। प्रमुख तेज गेंदबाजों की गैरमौजूदगी में जेडेन सील्स भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश करना चाहेंगे। संभावित एकादश: टैगनारिन चंद्रपॉल, जॉन कैंपबेल, एलिक एथानाजे, ब्रैंडन किंग, शाई होप (विकेटकीपर), रोस्टन चेज (कप्तान), जस्टिन ग्रीव्स, जोमेल वारिकन, खारी पियरे, जोहान लेने, और जेडेन सील्स।

### इनके प्रदर्शन पर होंगी नजरें

गिल इस साल टेस्ट में कमाल कर रहे हैं। उन्होंने 7 टेस्ट की 13 पारियों में 64.38 की औसत के साथ सर्वाधिक 837 रन बनाए हैं। उन्होंने इस बीच 4 शतक भी लगाए हैं। भारतीय तेज गेंदबाज सिराज ने सीरीज के पहले टेस्ट में कुल 7 विकेट लिए थे। वह शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वहीं वेस्ट इंडीज के बॉलर सील्स ने इस साल अब तक 24.23 की औसत से 17 टेस्ट विकेट लिए हैं।

### अरुण जेटली स्टेडियम में दोनों टीमों का प्रदर्शन

क्रिकइंफो के अनुसार, अरुण जेटली स्टेडियम में भारतीय टीम का दबदबा रहा है। इस मैदान पर भारत ने 35 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 14 में जीत हासिल की है। दूसरी तरफ 6 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है, जबकि 15 मैच ड्रॉ रहे हैं। वेस्टइंडीज ने दिल्ली के इस मैदान पर कुल 7 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 2 में जीत दर्ज की है और 1 में हार (ड्रॉ- 4) का सामना किया है।

## महिला वनडे विश्व कप

# खराब फॉर्म से जूझ रही न्यूजीलैंड का आज बांग्लादेश से मुकाबला



एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

आत्मविश्वास से ओतप्रोत बांग्लादेशी टीम का सामना आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के ग्रुप मैच में खराब फॉर्म से जूझ रही पूर्व चैम्पियन न्यूजीलैंड से यहां शुक्रवार को होगा तो उसके स्पिनर अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे।

न्यूजीलैंड ने लगातार दो हार का सामना किया है और उसका जीत का खाता नहीं खुल सका है। वहीं बांग्लादेश की नजरें दूसरी जीत दर्ज करके शीर्ष चार में जगह पक्की करने पर लगी होंगी। न्यूजीलैंड ने 2000 में खिताब जीता था और अब लगातार तीसरी हार के साथ उसे जल्दी बाहर होना पड़ सकता है। समयः मैच दोपहर तीन बजे शुरू होगा।

### बांग्लादेश की ताकत उसका स्पिन आक्रमण

बांग्लादेश की ताकत उसका स्पिन आक्रमण रही है और गुवाहाटी की सूखी पिच पर स्पिनरों को मदद भी मिलेगी। वे इंग्लैंड से मिली हार के बाद जीत की राह पर लौटना चाहेंगे। उपकप्तान नाहिदा अख्तर की अगुवाई में बांग्लादेश की स्पिन चौकड़ी ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। सभी प्रारूपों में बांग्लादेश के लिये सर्वाधिक विकेट ले चुकी नाहिदा से कीवी बल्लेबाजों को संभलकर रहना होगा।

### दोनों टीमों का ऐसा रहा प्रदर्शन

बांग्लादेश की टीम इंग्लैंड के खिलाफ 49.4 ओवर में 178 रन पर आउट हो गई थी। रूबिया हैदर ने अर्धशतक लगाया लेकिन मध्यक्रम में निरंतरता और गहराई का अभाव दिखा।न्यूजीलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो विकेट पर 101 रन से 231 रन पर आउट हो गई। सोफी डेवाइन को छोड़कर न्यूजीलैंड की कोई बल्लेबाज नहीं चल सकी थी। न्यूजीलैंड को अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी ताकि गेंदबाजों के करने के लिये कुछ हो।

## वुहान ओपन

# सबालेंका, जेसिका ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह



एजेंसी ▶▶| वुहान (चीन)

अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और जेसिका पेगुला ने बृहस्पतिवार को यहां वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज सबालेंका ने लियूडमिला समैससोनोवा को 6-3 6-3 से हराकर वुहान ओपन में जीत का सिलसिला जारी रखा और अपनी 19वीं जीत दर्ज की। सबालेंका ने 2018, 2019 और 2024 में वुहान ओपन के खिताब जीते थे।

### अंतिम पांच में से चार गेम जीते

जेसिका पेगुला ने गुरुवार को यहां तीसरे सेट में शुरुआती सर्विस ब्रेक से उबरते हुए एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-5 3-6 6-3 से हराकर वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले सप्ताह चाइना ओपन सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला ने निर्णायक सेट में स्कोर 2-2 से बराबर किया और फिर अंतिम पांच में से चार गेम जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

### बांग्लादेश व वेस्टइंडीज के बीच वनडे और टी-20 सीरीज 18 से

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। कैरेबियाई टीम इस दौरे पर कुल 6 मैच खेलेगी, जिसकी शुरुआत 18 अक्टूबर से 3 मैचों की वनडे सीरीज से होगी। इसके बाद 27 अक्टूबर से 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेली जाएगी। शाई होप को दोनों प्रारूपों का वेस्टइंडीज का कप्तान बनाया गया है। तीन वनडे मैचों में से पहला मैच 18 अक्टूबर को ढाका के मीरपुर में खेला जाएगा। अगले दोनों मैच क्रमशः 21 और 23 अक्टूबर को इसी मैदान पर खेले जाएंगे।

**अकीम ऑगस्टे को मिला वनडे में मौका :** बांग्लादेश दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम में गुडाकेश मोटी, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड और ब्रैंडन किंग जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। गौरतलब है कि वेस्टइंडीज के पूर्व अंडर-19 कप्तान अकीम ऑगस्टे को पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, अनुभवी शीर्ष क्रम के बल्लेबाज एविन लुईस कलाई की चोट के कारण इस दौरे से बाहर रहेंगे।

### अश्विन बोले- संन्यास का फैसला मेरा निजी, किसी ने मजबूर नहीं किया

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का उनका फैसला निजी था और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में टेस्ट क्रिकेट छोड़ने के लिए उन्हें किसी ने मजबूर नहीं किया था। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल ब्रिस्बेन में 2024-25 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। इसके बाद उन्होंने इस साल अगस्त में इंडियन प्रीमियर लीग से भी संन्यास की घोषणा कर दी। इससे वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हो गए हैं। वह इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे।



### कुछ ने रोका था मुझे ऐसा करने से

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा रोहित शर्मा (तत्कालीन कप्तान) ने भी मुझे इस बारे में फिर से सोचने को कहा था। गौती भाई (गौतम गंभीर) ने भी मुझे दोबारा सोचने को कहा था लेकिन मैंने इस बारे में (संन्यास के बारे में) अजीत अगरकर (चयन समिति के अध्यक्ष) से ज्यादा बात नहीं की।अश्विन ने कहा, ''जब खेल से संन्यास लेने की बात आती है तो यह निजी फैसला होता है और मेरा फैसला भी निजी था।

# फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंचा सऊदी अरब

एजेंसी ▶▶| जेद्दा

सऊदी अरब ने इंडोनेशिया को 3-2 से हराकर 2026 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

सऊदी अरब अगर अगले मंगलवार को जेद्दा में ही इराक के खिलाफ जीत हासिल कर लेता है तो ग्रुप बी में पहला स्थान और सातवीं बार विश्व कप में प्रवेश सुनिश्चित कर लेगा। एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे दौर में तीन-तीन टीम के दो ग्रुप के विजेता ही विश्व कप में स्वतः प्रवेश पा सकेंगे।



### ऐसा रहा इंडोनेशिया संग मैच का हाल

*बुधवार को खेले गए मैच में इंडोनेशिया ने पहला गोल किया जब केविन डिक्स ने 11वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। इसके छह मिनट बाद सालेह अबू अल-शमात ने बराबरी का गोल किया और 37वें मिनट में फिरास अल-बुरैकन के पेनल्टी पर किए गए गोल ने सऊदी अरब को बढ़त दिला दी। अल-बुरैकन ने दूसरे हाफ में फिर से गोल किया, लेकिन डिक्स ने 89वें मिनट में दूसरी पेनल्टी को गोल में बदल दिया। इससे हालांकि हार का अंतर ही कम हो पाया।*

## मिस्र की जिबूती पर 3-0 की जीत में किए दो गोल

# सलाह ने मिस्र को विश्व कप का टिकट दिलाया

एजेंसी ▶▶| कासाब्लांका

स्टार फुटबॉलर मोहम्मद सलाह के शानदार प्रदर्शन की मदद से मिस्र ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए टिकट हासिल कर लिया। लिवरपूल के सुपरस्टार सलाह ने बुधवार को मिस्र की जिबूती पर 3-0 की जीत में दो गोल किए।

इससे यह सुनिश्चित हो गया कि मिस्र एक राउंड शेष रहते अफ्रीकी क्वालीफाइंग के अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहेगा। मिस्र अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी अफ्रीकी टीम है। उससे पहले मोरक्को और ट्यूनीशिया ने विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली थी।



### इब्राहिम अदेल ने भी ठोका एक गोल

सलाह के अलावा इब्राहिम अदेल ने भी मिस्र के लिए गोल किया। अफ्रीका से कुल नौ टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। मिस्र ने इससे पहले 2018 में विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन तब उसे अपने तीनों ग्रुप मैच में मेजबान रूस, उरुग्वे और सऊदी अरब से हार का सामना करना पड़ा था।

### बुर्किना फासो दूसरे स्थान पर

बुर्किना फासो सिएरा लियोन पर 1-0 की जीत के बाद ग्रुप ए में मिस्र के बाद दूसरे स्थान पर है, जबकि इथियोपिया ने गिनी बिसाऊ को 1-0 से हराया। इस बीच केप वर्डे ने 3-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लीबिया के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेला जिससे वह पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया।

अब रोजाना दो फ्लाइट्स, यात्रियों को मिलेगा फायदा

# अब दिल्ली दूर नहीं इंडिगो ने बढ़ाई उड़ानें

**जबलपुर**। दिल्ली आने-जाने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। इंडिगो एयरलाइंस ने जबलपुर-दिल्ली रूट पर अपनी फ्लाइट सेवाओं का विस्तार कर दिया है। अब 26 अक्टूबर से यात्रियों को इस मार्ग पर रोजाना दो एयरबस उड़ानों की सुविधा मिलेगी। प्रत्येक विमान की क्षमता 180 यात्रियों की होगी।अब तक इस रूट पर यात्रियों को नियमित उड़ानों की कमी का सामना करना पड़ रहा था। एलायंस एयरलाइंस ने पहले इस मार्ग पर सेवा शुरू की थी, लेकिन विमानों की कमी के चलते सप्ताह में केवल रविवार और बुधवार को उड़ानें संचालित की जाती थीं। दिल्ली से वापसी के लिए भी सिर्फ एक ही फ्लाइट थी, जिसकी वजह से यात्रियों को अक्सर टिकट नहीं मिल पाती थी और उपलब्ध टिकटें काफी महंगी हो जाती थीं। इंडिगो के नए शेड्यूल से अब यात्रियों को न केवल रोजाना उड़ानों की सुविधा मिलेगी, बल्कि किराए में वृध्दि और सीट उपलब्धता की समस्या से भी राहत मिलेगी।



एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, इंडिगो को इस रूट पर लगातार पर्याप्त फ्लायर्स मिल रहे थे, इसलिए कंपनी ने उड़ानों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया।गौरतलब है की जबलपुर-दिल्ली मार्ग पर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। व्यावसायिक यात्राओं, शिक्षा, पर्यटन और प्रशासनिक गतिविधियों के चलते यह रूट बेहद व्यस्त रहता है। एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि इंडिगो का यह कदम न केवल स्थानीय यात्रियों के लिए लाभकारी होगा बल्कि जबलपुर को राष्ट्रीय राजधानी से हवाई संपर्क के लिहाज से और मजबूत बनाएगा।

### उड़ानों का शेड्यूल जारी

जबलपुर से दिल्ली के लिए पहली उड़ान दोपहर 02:00 बजे रवाना होगी और 03:20 बजे दिल्ली पहुंचेगी, वहीं दूसरी उड़ान दोपहर 03:20 बजे उड़ान भरेगी और 04:55 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसी तरह दिल्ली से जबलपुर के लिए पहली उड़ान सुबह 11:55 बजे रवाना होकर 01:30 बजे जबलपुर पहुंचेगी, जबकि दूसरी उड़ान दोपहर 01:15 बजे उड़ान भरकर 02:50 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

## त्यौहारों पर रीवा-रानी कमलापति-रीवा के मध्य चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर**। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल ने दिवाली एवं छठ पूजा त्यौहारों के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 02190/02189 रीवा-रानी कमलापति-रीवा के मध्य 01-01 ट्रिप साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी, चेयरकार कुर्सीयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोचेस रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना एवं विदिशा हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। गाड़ी संख्या 02190 रीवा-रानी कमलापति साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 17 अक्टूबर 2025 को प्रत्येक शुक्रवार को रीवा स्टेशन से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर, सतना 13:20 बजे, मैहर 13:50 बजे, कटनी मुड़वारा 14:50 बजे, दमोह 16:10 बजे, सागर 17:15 बजे, बीना 18:45 बजे, विदिशा 19:50 बजे और रात 21:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02189 रानी कमलापति-रीवा साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को प्रत्येक शुक्रवार को रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर, विदिशा 23:08 बजे, पहुंचकर अगले दिन बीना मध्यरात्रि 00:20 बजे, सागर 01:30 बजे, दमोह 02:40 बजे, कटनी मुड़वारा 04:10 बजे, मैहर 05:35 बजे, सतना 06:15 बजे और शनिवार सुबह 07:20 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।



## अब बिना फार्मासिस्ट नहीं बिकेंगी दवाइयां

### मप्र फार्मेसी काउंसिल का बड़ा फैसला

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश राज्य फार्मेसी काउंसिल ने एक अहम फैसला लेते हुए प्रदेश भर के अस्पतालों, फार्मेसियों और मेडिकल स्टोर्स को निर्देशित किया है कि दवाइयों की बिक्री, वितरण और डिस्पेंसिंग अब केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट की प्रत्यक्ष उपस्थिति में ही की जा सकेगी। यह आदेश फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 42 और जन विश्वास अधिनियम के अंतर्गत जारी किया गया है। इस आदेश के अनुसार, बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति में यदि दवाइयों का वितरण या बिक्री की जाती है, तो संबंधित व्यक्ति एवं संस्था के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, दोषी फार्मासिस्ट का पंजीकरण निरस्त या निलंबित भी किया जा सकता है। एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन की लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद यह निर्णय लिया गया है। एसोसिएशन का कहना है कि यह फैसला आम जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अत्यंत जरूरी था।काउंसिल ने सभी फार्मेसी संचालकों से अपील की है कि वे इस



आदेश का पालन करें और प्रमाणित फार्मास्यूटिकल सेवाएं देकर जनता की सेवा करें। यह आदेश न केवल चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ावा देगा, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि दवाइयों का वितरण योग्य और प्रशिक्षित पेशेवरों द्वारा ही किया जाए। इससे गलत दवाइयों के प्रयोग की आशंका में कमी आएगी और जनता को सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।






### रादुविवि में प्रोफेसर के खातों से 34 हजार उड़ाये

**जबलपुर**। अधारताल थानांतर्गत न्यू रामनगर अधारताल में रहने वाले रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के अतिथि विद्वान के अलग-अलग खातों से किसी जालसाज ने 34 हजार रुपये निकाल लिये। अधारताल पुलिस ने बताया कि न्यू रामनगर अधारताल निवासी संजीव श्रीवास्तव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में अतिथि विद्वान के पद पर कार्यरत है। कल सुबह लगभग 11.30 बजे उन्होंने किसी मैकेनिक को 200 रुपये ऑनलाइन पेमेंट किए थे। इसी दौरान किसी जालसाज ने खाते से 3900 रुपये व स्टेट बैंक के खाते से 30 हजार रुपये निकाल लिये।







INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife Stand a chance to win 100% Cashback | 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits*

Additional offers on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *Limited period offer,T&C apply. *As per cumulative sales numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Pro in Bhopal.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392 , जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाईल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, बीरसिंहपुर पाली: श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, रीठी: प्रदीप मोटर्स, 9981303666, बड़वारा: शिवम मोटर्स, 7509839990, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

VML.5840.2025HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240